शर्मा हार्डওয়্যার
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 287 | गुवाहाटी | सोमवार, 15 मई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

काफी हंगामें के बीच समलैंगिक जोड़े ने गुवाहाटी में की सगाई — पेज 3
रक्षा मंत्रालय ने सैन्य महत्व वाले 928 आइटम के आयात पर प्रतिबंध लगाया — पेज 4
घबराइए मत, हर समस्या का करेंगे समाधान : योगी — पेज 5
सरकार ने पिछड़ा वर्ग की मांगें पूरी नहीं कीं तो दिसंबर में होगा बड़ा... — पेज 8

## एचएसएलसी परीक्षा परिणाम माह के अंत तक : सीएम



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एचएसएलसी) परीक्षा 2023 के बहुप्रतीक्षित परिणाम मई के अंत तक घोषित किए जाएंगे। रविवार को मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए, सीएम शर्मा ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड असम (सेबा) ने इस साल मई के अंत तक एचएसएलसी परिणाम घोषित करने के लिए सभी उपाय किए हैं। विशेष रूप से, परिणाम आधिकारिक वेबसाइट - sebaonline.org पर जारी किए जाएंगे । दूसरी ओर, सीएम शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के चतुर्थ श्रेणी पदों के परिणाम 16 मई (मंगलवार) को घोषित किए जाएंगे। उसी के लिए नियुक्ति पत्र 26 मई को गुवाहाटी के खानापारा फील्ड में वितरित किए जाएंगे। एचएसएलसी परीक्षा, सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के समकक्ष, हर साल असम में एसईबीए द्वारा आयोजित की जाती है। राज्य के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में पेपर लीक की घटनाओं के बाद कई विवादों के बीच इस साल एचएसएलसी परीक्षा आयोजित की गई थी। एचएसएलसी परीक्षाएं 3 मार्च से शुरू हुई थीं और 20 मार्च को समाप्त होने वाली थीं। हालांकि, पेपर लीक की घटनाओं के बाद परीक्षाओं के पुनर्निर्धारण के कारण परीक्षा को 1 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया था। असम में सेबा एचएसएलसी परिणाम 2023 की घोषणा के कुछ दिनों के बाद मूल परिणाम मार्कशीट और प्रमाण पत्र स्कूलों के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे।

## काजीरंगा से ओरांग राष्ट्रीय उद्यान तक जंगली जानवरों के पारंपरिक मार्ग को खोलेगी राज्य सरकार



**नगांव।** असम सरकार ने राज्य के बुढ़ाचापोरी वन्यजीव अभयारण्य के माध्यम से काजीरंगा से ओरांग राष्ट्रीय उद्यान तक जंगली जानवरों के पारंपरिक मार्ग को खोलने की योजना बनाई है। असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि ओरांग नेशनल पार्क में लगभग 21,000 बीघा भूमि है जो अतिक्रमण के अधीन है और राज्य सरकार अतिक्रमित भूमि को मुक्त करने के लिए निष्कासन अभियान चलाएगी। असम के मुख्यमंत्री ने शनिवार को बुढ़ाचापोरी वन्यजीव अभयारण्य का दौरा किया और वन अधिकारियों और शोणितपुर और नगांव जिलों के उपायुक्तों के साथ चर्चा की। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने बुढ़ाचापोरी वन्यजीव अभयारण्य की करीब 16 हजार बीघा जमीन को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराया है। हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अब हम ओरांग नेशनल पार्क की 21,000 बीघा भूमि पर कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक बेदखली अभियान चलाने और भूमि को मुक्त करने की योजना बना रहे हैं। पिछले फरवरी में, हमने बुढ़ाचापोरी आरक्षित वन से अवैध अतिक्रमणकारियों को बेदखल कर दिया, जिन्होंने आरक्षित वन की भूमि पर कब्जा कर लिया था -शेष पृष्ठ दो पर

## विपक्षी एकता में शामिल होगा एआईयूडीएफ




**गुवाहाटी।** असम की राजनीति में बदलाव के आसार देखने को मिल सकते हैं। दरअसल, बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व वाले ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) ने रविवार को भाजपा के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने के लिए विपक्षी एकता में शामिल होने का फैसला किया। एआईयूडीएफ के विधायक और पार्टी महासचिव अमीनुल इस्लाम ने बताया कि हाल ही में पार्टी प्रमुख बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व में एआईयूडीएफ की एक प्रतिनिधिमंडल टीम ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी -शेष पृष्ठ दो पर


## मणिपुर : विस्थापित 124 नागरिकों की सुरक्षित वापसी



**इंफाल।** मई के पहले सप्ताह में मणिपुर में सुरक्षा स्थिति के कारण भारत-म्यांमार सीमा पर सुरक्षित क्षेत्रों में शरण लेने वाले 124 विस्थापित नागरिकों की सुरक्षित वापसी हुई है। इसके लिए असम राइफल्स ने राज्य सरकार की एजेंसियों और स्थानीय जनमत निर्माताओं का सहयोग लिया। इस प्रयास का स्थानीय सामुदायिक नेताओं ने समर्थन किया है। इसे क्षेत्र में सामान्य स्थिति और उम्मीद की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे लोगों को अपने जीवन का पुनर्निर्माण करने में मदद मिलेगी और अंतर-सामुदायिक सद्भाव को भी बढ़ावा मिलेगा। असम राइफल्स ने इन विस्थापित लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुरक्षा बलों द्वारा -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## कर्नाटक विजय से उत्साहित है असम कांग्रेस



**जोरहाट (हि.स.)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली भारी जीत के चलते असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के नेता एवं कार्यकर्ता उत्साहित हैं। कांग्रेस के नेता लगातार भाजपा पर राजनीतिक हमले कर रहे हैं। एपीसीसी के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने जोरहाट में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बजरंग बली का श्लोगन भी उसके काम नहीं आ सका। कर्नाटक की जीत से असम कांग्रेस में भारी उत्साह है। बोरा ने जोरहाट स्थित गेस्ट हाउस में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा और मुख्यमंत्री महिला सावलीकरण के मुद्दे को सिर्फ अरुणोदय योजना तक ही सीमित कर दिया है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि असम में वह विधायकों की खरीद-फरोख्त कर रही है। भाजपा के इस जोड़तोड़ को कांग्रेस तो नहीं, लेकिन असम की जनता जरूर रोक लगाएगी। उन्होंने कहा कि एआईयूडीएफ किससे मिलती है, किससे बात करती है प्रदेश कांग्रेस के पास इस बारे में कुछ भी कहने के लिए नहीं है। एआईयूडीएफ का असम कांग्रेस में कोई जगह -शेष पृष्ठ दो पर

## लोस और विस चुनाव मिलकर लड़ेगी महाविकास आघाड़ी : जयंत पाटिल



**मुंबई (हि.स.)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव महाविकास आघाड़ी एक साथ मिलकर लड़ेगी। इसके बहुत जल्द तीनों पार्टियों की बैठक होगी और सीटों का बंटवारा तय किया जाएगा। जयंत पाटिल रविवार को मुंबई में राकांपा नेताओं की बैठक के बाद संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और शिवसेना नेता संजय राऊत भी उपस्थित थे। पाटिल ने बताया कि कर्नाटक चुनाव परिणाम के बाद महाविकास आघाड़ी के नेताओं की एक बैठक राकांपा अध्यक्ष शरद पवार की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, कांग्रेस नेता नाना पटोले, अशोक चव्हाण, जीतेंद्र आव्हाड, छगन भुजबल, अजीत पवार, सुप्रिया सुले, सुभाष देसाई आदि आला नेता उपस्थित थे। पाटिल ने बताया कि इस बैठक में कर्नाटक -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## अस्पताल में कैदी ने पुलिसकर्मी और स्टाफ पर किया हमला



**तिरुवनंतपुरम।** घर का शीशा तोड़ने के आरोप में पुलिस हिरासत में लिए एक 32 वर्षीय शख्स ने अस्पताल में हंगामा मचा दिया। मलप्पुरम जिले के चेलेंबरा के रफीक नाम के व्यक्ति को मेडिकल जांच के लिए तिरुरंगदी तालुक अस्पताल लाया गया था। उसी दौरान वह अचानक हिंसक हो गया और पुलिसकर्मी और अस्पताल के स्टाफ पर हमला करने लगा। इससे पहले पुलिस द्वारा अस्पताल लाए गए आरोपी संदीप ने कोट्टारक्कारा तालुक अस्पताल की रेजिडेंट डॉक्टर वंदना दास पर चाकू से कई बार हमला कर दिया था। खून ज्यादा बहने के कारण डॉक्टर की -शेष पृष्ठ दो पर

## कर्नाटक में 18 को नए सीएम का शपथ ग्रहण



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में कांग्रेस ने बहुमत हासिल किया है, जिसके बाद अब वह सरकार बनाने की तैयारियों में है। हालांकि पार्टी में अभी भी सीएम के नाम पर सहमति नहीं बन पाई है। बताया जा रहा है कि आज होने वाली विधायक दल की बैठक में सीएम के नाम पर मोहर लग जाएगी। इस बीच, सूत्रों ने कहा कि कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री और कैबिनेट गुरुवार को शपथ लेगी। सूत्रों के मुताबिक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम में गांधी परिवार और राष्ट्रीय कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे इसमें शामिल होंगे। कांग्रेस ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए सभी समान विचारधारा वाली पार्टियों को भी निमंत्रण भेजा है। कर्नाटक में नई सरकार के गठन पर करीबी से नजर रख रहे सूत्रों ने कहा कि कर्नाटक कैबिनेट की अंतिम रूपरेखा एक या दो दिन में आकार ले लेगी। -शेष पृष्ठ दो पर

## गई थी पुलिस आग बुझाने मिलीं नोटों की गड्डियां



**हैदराबाद।** हैदराबाद के सिकंदराबाद में एक अजीब वाकया सामने आया है। यहां पर एक रेजिमेंटल मार्केट में भीषण आग लग गई। लोगों ने तुरंत फायर बिग्रेड को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। चूंकि जिस इलाके में आग थी वो मार्केट एरिया था। थोड़ी ही देर में बड़ा जान-माल का नुकसान हो जाता। आग बुझाने के बाद पुलिस घर के अंदर घुसी तो उसके होश ही उड़ गए। पुलिस को बड़ी मात्रा में हवाला का पैसा मिला है। इसकी जांच की जा रही है। हालांकि मकान मालिक उस वक्त घर पर नहीं -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*आग सिर में स्थापित करने पर भी जलाती है। अर्थात दुष्ट व्यक्ति का कितना भी सम्मान कर लें, वह सदा दु:ख ही देता है।*

– **आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

#### अज्ञात बीमारी से एक ही परिवार की तीन बेटियों की मौत

**विश्वनाथ चराली।** अज्ञात बीमारी से एक ही परिवार की तीन बेटियों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना विश्वनाथ चरियाली के बेहाली में हुई, जहां 11 मई को भीमडांगा गांव के बिरेन घाटोवार की पुत्रियां 27 वर्षीय रंजू घाटोवार और 25 वर्षीय मनिका घाटोवार अज्ञात बीमारी से पीड़ित थीं और उनका तेजपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा था। लेकिन अंत में उन दोनों की मृत्यु हो गई। बाद में बीरेन घाटोवार की तीसरी बेटी लक्ष्मी घाटोवार, जो 13 साल की थी, उसी बीमारी से अपनी जान गंवा बैठी।

## बजरंग दल प्रतिबंध की धमकियों से नहीं डरता : विहिप




**बैंगलोर।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 135 सीट हासिल कर कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है। जिसके बाद एक फिर बजरंग दल को बैन की बात उठने लगी है। वहीं विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के महासचिव मिलिंद परांडे ने इस मामले पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा कि हम अपने अनुषांगिक संगठन बजरंग दल के प्रतिबंध की धमकी से डरने वाली नहीं है, जैसा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में वादा किया था। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में परांडे ने कहा कि कर्नाटक में सरकार बनने के -शेष पृष्ठ दो पर

## अकोला में आगजनी, पथराव में एक की मौत, धारा 144 लागू



**मुंबइ (हि.स.)।** महाराष्ट्र में अकोला के पुराने शहर क्षेत्र में शनिवार देररात विवादित पोस्ट को लेकर दो गुटों के बीच हुई मारपीट के बाद आगजनी और पथराव में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना में 10 लोग घायल हो गए। घायलों में दो पुलिसकर्मी भी हैं। रामदास पेठ पुलिस स्टेशन की टीम ने इस मामले में अब तक 26 लोगों को हिरासत में लिया है। गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। अकोला के पुलिस अधीक्षक संदीप घुगे ने बताया कि शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। स्थिति अब नियंत्रण में है। एहतियातन स्टेट रिजर्व फोर्स की दो यूनिट को तैनात किया गया है। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# मल्लिकार्जुन खरगे चुनेंगे कर्नाटक का नया सीएम

## *विधायक दल की बैठक में लिया गया फैसला*

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद पार्टी ने मुख्यमंत्री का चेहरा तलाश करना शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में रविवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। विधायक दल ने सर्वसम्मति से कांग्रेस विधायक दल के नेता के चयन को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निर्णय पर छोड़ने का फैसला किया है। मालूम हो कि कर्नाटक में नए मुख्यमंत्री के लिए नेता विपक्ष सिद्धारमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बीच जबरदस्त रेस है। इन दोनों के समर्थकों ने भी बेंगलुरू के सियासी गलियारों में उतर कर मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी को गरमा दिया है। कांग्रेस ने इससे पहले तीन वरिष्ठ नेताओं सुशील कुमार शिंदे, जितेंद्र सिंह और दीपक बाबरिया को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर इन्हें विधायकों की राय जानने का जिम्मा सौंपा था। कर्नाटक में कांग्रेस की नई सरकार के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में बेशक डीके शिवकुमार ने अभी अपनी दावेदारी नहीं छोड़ी है मगर पार्टी हलकों से मिल रहे संकेतों से साफ है कि सिद्धारमैया मुख्यमंत्री पद के सबसे प्रबल दावेदार हैं। कांग्रेस विधायक दल की रविवार को बेंगलुरू में हुई बैठक में विधायकों की राय जानने के बाद तीनों केंद्रीय पर्यवेक्षक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इसकी रिपोर्ट देंगे। कर्नाटक की जीत के बाद रविवार को दिल्ली पहुंचे खरगे ने कहा भी कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट आने के बाद मुख्यमंत्री के नाम को लेकर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ भी उनकी चर्चा होगी। मुख्यमंत्री चयन को लेकर शुरू हुई इस प्रक्रिया को देखते हुए नए सीएम का नाम तय करने में दो से तीन दिन का समय लगने की संभावना है। कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने भी कहा कि विधायकों से मशविरा और उसके बाद शीर्षस्थ नेताओं के बीच चर्चा को देखते हुए इतना समय लगना स्वाभाविक है। कांग्रेस विधायकों की बैठक के लिए बेंगलुरू पहुंचे केंद्रीय पर्यवेक्षक सुशील कुमार शिंदे ने भी कहा कि विधायकों से बातचीत में उनकी राय जानने के बाद तीनों पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेंगे और इसका बाद नेतृत्व मुख्यमंत्री के नाम का फैसला करेगा। कर्नाटक में मिली बड़ी जीत ने कांग्रेस के सामने संख्या बल जुटाने या किसी भी तरह के उंच-नीच होने के खतरे का रास्ता बंद कर दिया है, लेकिन सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं जरूर उसके लिए चुनौती है। इसमें संदेह नहीं कि सिद्धारमैया कर्नाटक के सबसे लोकप्रिय और सम्मानित नेता हैं। साथ ही कांग्रेस के परंपरागत अहिंदा वोट बैंक के सामाजिक आधार के हिसाब से नेतृत्व के लिए सबसे मुफीद चेहरा भी हैं। खास बात यह है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी भी सिद्धारमैया को पसंद करते हैं और इन वजहों से ही उन्हें मुख्यमंत्री पद का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वहीं, कर्नाटक में कांग्रेस की मौजूदा जीत में अहम भूमिका निभाने वाले प्रदेश अध्यक्ष और कुशल रणनीतिकार डीके शिवकुमार के योगदान को भी पार्टी हाईकमान नजरअंदाज नहीं कर सकता। जेडीएस के आधार वोट वोक्कालिंगा को इस चुनाव में काफी हद तक तोड़ कर कांग्रेस के साथ लाने में शिवकुमार की सबसे बड़ी भूमिका रही है। दिलचस्प यह है कि शिवकुमार भी गांधी परिवार के निकटस्थों में शामिल हैं और ईडी की हिरासत के दौरान सोनिया गांधी का विशेष रुप से जेल जाकर उनसे मिलना इसका एक उदाहरण है। हालांकि, इन सबके बावजूद सिद्धारमैया का सियासी दावा मजबूत होने की चर्चाएं हैं और तभी डीके शिवकुमार ने रविवार को मुख्यमंत्री पद के लिए दोनों के बीच टकराव की अटकलों को खारिज करते हुए कांग्रेस की खातिर दी गई अपनी कुर्बानी की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया से उनका कोई टकराव नहीं है और हमेशा उनका सहयोग किया है, साथ ही पार्टी के लिए कई बार कुर्बानी दी है। शिवकुमार की यह टिप्पणी इस ओर भी संकेत कर रही है कि नौबत आयी तो वह एक बार फिर कुर्बानी दे सकते हैं। वैसे विधायकों की पर्यवेक्षकों के साथ बैठक से पहले कर्नाटक के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ सिद्धारमैया और शिवकुमार की अलग से बैठक हुई। वैसे इन दोनों दिग्गजों के बीच मुख्यमंत्री पद की होड़ के बीच कांग्रेस के लिए लिंगायत समुदाय के नेताओं को भी पूरा सम्मान देने का दबाव है। लिंगायतों ने बड़ी संख्या में भाजपा से विमुख होकर इस बार कांग्रेस को वोट दिया है और इसका नतीजा है कि पार्टी के 136 में से 37 विधायक अकेले लिंगायत समुदाय के हैं। संकेत हैं कि अगले दो दिनों में मुख्यमंत्री का नाम तय होने के बाद कांग्रेस के नेता कर्नाटक के राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। पार्टी की ओर से नई सरकार के गठन के लिए जो अंदरूनी रूपरेखा बनाई गई है उसके अनुसार, गुरूवार को नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तैयारी की जा रही है।

## मेघालय विस उपचुनाव में यूडीपी उम्मीदवार की जीत

**शिलांग।** यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के उम्मीदवार सिंशर कुपर रॉय लिंगदोह थबाह ने शनिवार को मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले की सोहियोंग विधानसभा सीट से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के समलिन मालनगियांग को 3,422 मतों के अंतर से हरा दिया। सिक्स कॉर्नर मुकाबले में थबाह को 16,679 वोट, जबकि मालनगियांग को 13,257 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार एस. ओसबोर्न खरजाना और भाजपा के सेराफ एरिक खरबुकी को क्रमशः 1,762 और 40 वोट मिले, जबकि नोटा (इनमें से कोई नहीं) को 272 वोट मिले। मेघालय की 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 27 फरवरी को हुआ था, लेकिन सोहियोंग में यूडीपी उम्मीदवार एच. डोनकुपर रॉय लिंगदोह के निधन के कारण मतदान नहीं हुआ था। 10 मई को हुए उपचुनाव में 34,783 मतदाताओं में से करीब 92 फीसदी ने वोट डाला था। 27 फरवरी के चुनावों में, यूडीपी को 60-सदस्यीय मेघालय विधानसभा (59 सीटों पर हुए चुनाव) में 11 सीटें मिलीं और परिणाम की घोषणा के बाद, आदिवासी आधारित पार्टी एनपीपी के नेतृत्व वाली मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस (एमडीए) सरकार की सहयोगी बन गई।

## केरल में बेरहमी से पीटकर बिहार के मजदूर की हत्या

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मलप्पुरम में एक प्रवासी मजदूर की चोरी के आरोप में हत्या कर दी गई है। मजदूर बिहार के पूर्वी चंपारण का रहने वाला बताया जा रहा है। मृत की पहचान 36 वर्षीय राजेश मांझी के रूप में हुई है। घटना मल्लपुरम के कोंडोट्टी थाने की है। शनिवार को उसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आठ लोग हिरासत में लिए गए हैं। कोंडोट्टी पुलिस स्टेशन के एएसपी बीवी विजया भरत रेड्डी ने बताया कि मांझी कुछ दिन पहले ही कोंडोट्टी आया था। हिरासत में लिए गए आरोपियों का कहना है कि चोरी की असफल कोशिश के बाद वह भागने की कोशिश कर रहा था। तभी वह घर की पहली मंजिल से गिर गया। इसके बाद लोगों ने उसे पकड़ लिया। करीब डेढ़ घंटे तक उसकी पिटाई की। पुलिस को इस बारे में जानकारी मिली तो मौके पर पहुंचकर मांझी को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को कोझिकोड के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम में शरीर पर कई चोटों के निशान पाए गए, जिससे पता चलता है कि भीड़ ने उसकी बेरहमी से पिटाई की।

## मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाक्सा ( हिंस )।** बाक्सा जिलांतर्गत तामुलपुर में भारत-भूटान सीमावर्ती दरंगामेला पुलिस ने छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नशीली गोलियां जब्त की है। इस दौरान के मादक पदार्थ के तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। दरंगामेला पुलिस ने आज बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात सीमावर्ती इलाके में स्थित राज मेडिकल स्टोर नामक फार्मेसी से भारी मात्रा में नशे की गोलियां जब्त की गयी। जब्त गोलियों की अनुमानित कीमत पांच लाख रुपये से अधिक है। दुकान के मालिक रेजाकुल इस्लाम (42) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि लंबे समय से फार्मेसी में नशे का अवैध कारोबार चल रहा था।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**चराइदेव ( हिंस )।** चराईदेव जिला मुख्यालय शहर सोनारी में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना सोनारी के लोंगपटिया इलाके की बतायी गयी है। मृतक की पहचान क्विंटल राजकोंवर (कैलाश) के रूप में हुई है। मृत युवक का घर लकुवा कोंवर गांव में है। पुलिस सूत्रों ने आज (रविवार) बताया है कि तीन दिन पहले लोंगपटिया इलाके में आयोजित एक शादी में वह कैटरिंग पार्टी में कुक का काम करने आया था। मृतक युवक का शव आज सुबह रेलवे ट्रैक पर देखा गया और स्थानीय लोगों द्वारा रेलवे पुलिस को सूचित किया गया।

## बोहागी विदाई समारोह पर 150 युवक-युवतियों का बिहू नृत्य प्रस्तुत



**होजाई ( निसं )।** होजाई शंकरदेव नगर स्थित श्रीमंत शंकरदेव कृष्टी विकास केंद्र के तत्वावधान में बहाग बिहू विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन गजेन हजारिका ने की तथा सभापतित्व केशव काकती द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में 150 नृत्यांगनाओं ने एक समूह के रुप में बिहू नृत्य का सुंदर तथा अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया कार्यक्रम के अंत में सभी नृत्य प्रस्तुत करने वाले युवक युवतियों को श्रीमंत शंकरदेव कृष्टी विकास केंद्र की ओर से सभी को पुरस्कार के तौर पर संस्था द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। सभी युवक युवतियों के चेहरे पर खुशी कि लहर साफ देखी जा रही थी। ज्ञात हो कि कार्यक्रम में लमडिंग क्षेत्र के विधायक शिबू मिश्र, होजाई महकमा अधिकारी, तथा लोक रक्षा पार्टी अध्यक्ष राज गुप्ता, भाजपा के काकी पंचायत सभानेत्री सहित संस्था तथा समाज के गणमान्य व्यक्ति मंच पर उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में बहाग बिहू विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए सभी पुरस्कृत नृत्यांगना युवक युवतियों के साथ विदाई भोज का आयोजन किया गया है जो सभी आये हुए अतिथियों के साथ भोजन कर युवक युवतियों ने खुशी जाहिर कि तथा होजाई महकमा अधिकारी और लमडिंग विधायक सहीत सभी ने श्रीमंत शंकरदेव कृष्टी विकास केंद्र के ओर से किए गए बिहू नृत्य तथा कार्यक्रम कि भुरीभुरी प्रशंसा किए।

## सभी जाति-बिरादरी के लोगों का कुटुंब मित्र बनाएगा संघ




**लखनऊ ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सभी जाति बिरादरी के लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए कुटुंब मित्र बना रहा है। परिवार प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से संघ समाज के बीच यह काम कर रहा है। कुटुंब मित्र सप्ताह में एक दिन किसी मंदिर में एकत्र होकर सामूहिक रूप से मंगल संवाद करते हैं। यह जानकारी कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के संयुक्त क्षेत्र (उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड) के प्रमुख ओमपाल सिंह ने दी। ओमपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से परिवारों में संस्कृति एवं संस्कारों के संवर्धन के लिए काम करता है। इसके लिए देशभर में कुटुंब मित्र बनाए जा रहे हैं। कुटुंब मित्रों को मंगल संवाद आयोजित हो रहा है। मंगल संवाद के तहत रामचरित मानस की चौपाई, श्लोक या अन्य धार्मिक ग्रंथ का वाचन करते हैं और सदचर्चा करते हैं। इसके अलावा बड़े कार्यक्रमों जैसे नव दम्पत्ति सम्मेलन और बालक बालिका सम्मेलन का भी आयोजन होता है। ओमपाल सिंह ने बताया कि हिंदू समाज के अमरत्व का मुख्य कारण भारतीय परिवार व्यवस्था ही है। परिवार बिखर रहे हैं। संयुक्त परिवार एकल परिवार में परिवर्तित हो रहे हैं। हम दो हमारे दो की मानसिकता बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम को मानने वाले लोग हैं, लेकिन दुनिया ने हमें बाजार माना। परिवार मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने की व्यवस्था है। परिवार पशु जैसे शिशु को मानव, महामानव की ऊंचाई तक विकसित करने का एक समर्थ संस्कार का केंद्र है। इसलिए अपना घर समृद्धि एवं संस्कृति का एक सुंदर संगम होना चाहिए। यही हिंदू घर की पहचान है। वर्तमान में जैसे समृद्धि बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे संस्कृति घटती जा रही है। दोनों का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। इस कारण परिवार में तरह-तरह की समस्या आ रही है। संतुलन को बनाए रखना आज की नितांत आवश्यकता है। इसीलिए कुटुंब प्रबोधन की गतिविधि आरंभ की गई है। उन्होंने बताया कि सप्ताह में एक दिन परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ बैठक कर अनौपचारिक चर्चा करनी चाहिए। परिवार में गपशप के समय नकारात्मक चर्चा से बचना चाहिए। परिवार के उत्थान, संस्कार निर्माण एवं समस्याओं के समाधान के बारे में विचार विनिमय करना चाहिए। परिवार में अच्छे साहित्य के नियमित पठन-पाठन की व्यवस्था हो। परिवार में स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों का ही प्रयोग करना चाहिए। मोबाइल टी.वी. आदि का विवेकपूर्ण उपयोग करना।

# *पृष्ठ एक का शेष*

### *काजीरंगा से ओरांग...*

और 16,000 बीघा भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया था। आज मैंने भूमि का दौरा किया और मैंने वन अधिकारियों और उपायुक्त के साथ चर्चा की कि कैसे हम जमीन को हरा-भरा बना सकते हैं ताकि जंगली जानवर यहां आ सकें। ओरांग नेशनल पार्क की 21,000 बीघा भूमि अब अतिक्रमण के अधीन है। हम ओरांग नेशनल पार्क की अतिक्रमित भूमि को भी मुक्त करना चाहते हैं, ताकि, हम काजीरंगा परिदृश्य से बुढ़ाचापोरी के माध्यम से ओरांग तक जंगली जानवरों के पारंपरिक रास्ते को खोल सकें। हमने इस पर चर्चा की है। शोणितपुर और दारंग जिला प्रशासन संयुक्त रूप से ओरांग में बेदखली अभियान पर काम करेगा। ओरांग की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों से मैं अपील करता हूं कि वे वन भूमि को छोड़ दें और संबंधित जिलों के उपायुक्तों को एक आवेदन जमा करें जहां से वे हैं मूल रूप से रहने वाले। यदि आपके पास जमीन नहीं है तो सरकार आपकी मदद करेगी। वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को वन भूमि छोड़नी होगी। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो सरकार उन्हें वन भूमि से बेदखल करने की कार्रवाई करेगी। सीएम शर्मा ने कहा कि अतिक्रमण करने वालों को हटाने के बाद बुढ़ाचापोरी वन्यजीव अभयारण्य 16,000 बीघे से अधिक विस्तारित हो गया है। आने वाले दिनों में, हम इसी तरह के प्रयास करके काजीरंगा को बुढ़ाचापोरी के माध्यम से ओरांग से जोड़ देंगे।

### *विपक्षी एकता में ...*

यादव और एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शुरुआत से हम कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए में हैं। अब हमारी पार्टी ने भाजपा के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने के लिए विपक्षी एकता में शामिल होने का फैसला किया है। अमीनुल इस्लाम ने कहा कि देश के सभी विपक्षी दलों को एक साथ एक मंच पर आना चाहिए और हम 2024 में भाजपा को उखाड़ फेंकना चाहते हैं। हम यह भी चाहते हैं कि कांग्रेस भी इस विपक्षी एकता में शामिल हो। उन्होंने आगे कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए उनकी पार्टी कुर्बानी देने को तैयार है। अमीनुल इस्लाम ने बताया कि असम में, वर्तमान में हमारे पास 16 विधायक और एक सांसद हैं। इससे पहले हमने असम में तीन संसदीय क्षेत्रों में जीत हासिल की थी। वर्तमान में, हम राज्य विधानसभा में तीसरे सबसे बड़े राजनीतिक दल हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी पार्टी भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए कुर्बानी देगी। एआईयूडीएफ विधायक ने यह भी कहा कि अभी कांग्रेस नेतृत्व से कोई बातचीत नहीं हुई है, लेकिन उनकी पार्टी बातचीत को तैयार है।

### *मणिपुर : विस्थापित 124...*

उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा भोजन, आश्रय और चिकित्सा सहायता सहित आवश्यक राहत सहायता प्रदान की गई थी। इस घटना को अतीत के झगड़ों को पीछे छोड़ने और शांतिपूर्ण व समृद्ध भविष्य के लिए नई शुरुआत को गले लगाने के लिए लोगों की तत्परता के रूप में देखा जा रहा है। मोरेह में विस्थापित लोगों की वापसी शांति और प्रगति का एक सकारात्मक संकेत है। यह घटना उम्मीद पैदा करती है कि यह क्षेत्र उस स्थायी शांति और समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा, जिससे परिवारों का पुनर्मिलन और समुदायों का पुनर्निर्माण होता है। इस बीच, मणिपुर सरकार के सलाहकार कुलदीप सिंह ने बताया कि मणिपुर में हाल ही में हुई झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 71 हो गई है। सिंह ने कहा कि मरने वालों की संख्या अब लगभग 71 है। उन्होंने कहा कि कल मणिपुर कमांडो और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी। छह कमांडो घायल हो गए और उनमें से एक मारा गया। सिंह ने आगे कहा कि चुराचांदपुर क्षेत्र में एक वाहन में पीडब्ल्यूडी के तीन मजदूर भी मृत पाए गए। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे के सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। राज्य में हिंसा भड़कने के बाद तीन मई को कर्फ्यू लगा दिया गया था। राज्य सरकार ने दहशत और झूठी सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए इंटरनेट और मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी थी। अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मैतेई की मांग के बीच ऑल ट्राइबल्स स्टूडेंट्स यूनियन (एटीएसयू) मणिपुर ने तीन मई को एक रैली का आयोजन किया था, जो बाद में हिंसक हो गई थी। ताजा आंकड़ों के अनुसार, मणिपुर में हिंसा के दौरान लगभग 71 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 230 से अधिक घायल हुए और 1700 के करीब घरों को जला दिया गया।

### *लोस और विस ...*

चुनाव, सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद विधानसभा अध्यक्ष के कामकाज, महाराष्ट्र में चल रहे भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। तीनों मुख्य पार्टियों के नेताओं ने महाराष्ट्र में आगे होने वाले लोकसभा और विधानसभा एक साथ मिलकर लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि महाविकास आघाड़ी की होने वाली सभाओं को फिलहाल तेज गरमी की वजह स्थगित किया गया है। वह सभी सभाएं जून महीने में होंगी। जयंत पाटिल ने कहा कि कर्नाटक की जनता से ज्यादा महाराष्ट्र की जनता परेशान है। राज्य की जनता को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को स्पष्ट रूप से समझाया जाएगा। इस मौके पर नाना पटोले ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने मोदी-शाह को पूरी तरह नकार दिया है। कर्नाटक में सिर्फ 40 फीसदी कमीशन चलता था, लेकिन महाराष्ट्र में सौ फीसदी कमीशनखोरी हो रही है। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद भी विधानसभा अध्यक्ष कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने भी कर्नाटक के जैसे ही विधायकों की तोड़फोड़ कर सरकार बनाया है, जनता इसका करारा जवाब देने की तैयारी कर चुकी है। पत्रकार वार्ता में शिवसेना नेता संजय राऊत ने कहा कि आज महाविकास आघाड़ी के नेताओं की ऐतिहासिक बैठक हुई है। कर्नाटक में कांग्रेस ही नहीं पूरा देश जीता है। यह जीत आगामी चुनाव तक चलती रहेगी। महाविकास आघाड़ी में नाराजगी की भ्रामक खबरें भाजपा की ओर से ही फैलाई जा रही हैं, जो पूरी तरह से गलत हैं। मीडिया को उन खबरों की छानबीन करना चाहिए।

### *कर्नाटक में 18 को...*

उधर कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री को चुनने के लिए कांग्रेस बेंगलुरु में विधायक दल की बैठक कर रही है। बेंगलुरू में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक से पहले डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के समर्थक कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के लिए अपने नेताओं की दावेदारी तेज करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। डीके शिवकुमार के समर्थक बेंगलुरु में उनके आवास के बाहर एकत्र हुए और हमें डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री चाहिए के नारे लगाए। केपीसीसी प्रमुख के रूप में कर्नाटक में कांग्रेस के विजयी अभियान का नेतृत्व करने वाले शिवकुमार पहले ही कह चुके हैं कि उनके और मुख्यमंत्री पद के एक अन्य आकांक्षी सिद्धारमैया के बीच कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि सिद्धारमैया के साथ मेरे मतभेद हैं, लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। मैंने कई बार पार्टी के लिए कुर्बानी दी है और सिद्धारमैया के साथ खड़ा हुआ हूं। मैंने सिद्धारमैया को सहयोग दिया है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक से पहले, शिवकुमार ने तुमकुर के नोनविनकेरे में श्री कड़ासिद्धेश्वर मठ का दौरा किया। उन्होंने करिबासववृषभ देसिकेंद्र सेर का आशीर्वाद मांगा। बाद में उन्होंने अपने परिवार के साथ श्री करीबासव के मंदिर में एक विशेष पूजा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह मठ मेरे लिए एक पवित्र स्थान है। स्वामीजी ने हमेशा मेरा मार्गदर्शन किया है। स्वामीजी ने मुझे तब भी पूरा मार्गदर्शन दिया जब आयकर छापे पड़े। मैंने 134 सीटों की मांग की और मुझे उससे अधिक मिली। शिवकुमार गांधी परिवार के वफादार हैं और उन्हें पार्टी के लिए संकटमोचक माना जाता है। वह आठ बार विधायक रहे हैं और 2002 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री विलास राव देशमुख की विश्वास मत में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### *गई थी पुलिस ...*

था। पुलिस कई एंगल से जांच कर रही है। कहीं ऐसा तो नहीं कि जान बूझकर आग लगाई गई हो। हैदाराबाद के सिकंदराबाद स्थित रेजिमेंटल बाजार में एक घर में आग लग गई। मगर चौंकाने वाली बात यह है कि आग बुझाने के बाद इस घर में पुलिस को भारी मात्रा में हवाला के रुपए बरामद हुए। आज सुबह रेजिमेंटल बाजार के एक मकान में आग लगी थी। फायर विभाग और पुलिस पहुंच कर आग बुझाई। इसके बाद मकान में तहकीकात शुरू हुई। दरअसल, पुलिस ऐसा इसलिए करती है ताकि ऐसा तो नहीं कि घर के अंदर कोई फंसा हो या फिर कोई घायल अवस्था में हो। लेकिन जब यहां पर पहुंची तो चौंक गई। पुलिस को बेडरूम से 1 करोड़ 64 लाख रुपए नगदी और साथ में सोना, चांदी भी बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि इस मकान का मालिक श्रीनिवास है। एक कंपनी में डीजीएम के रूप में काम करता है। उसी कंपनी के द्वारा सरकारी इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्ट का बिजिनेस भी करता है। इस दुर्घटना के समय श्रीनिवास हैदाराबाद में उपस्थित नहीं था। आग की दुर्घटना के बाद बेडरूम में सबकुछ सुरक्षित है कि नहीं पुलिस और फायर विभाग के अधिकारी ने तलाशी ली तो उनका इतनी भारी मात्रा में रुपए बरामद हुए। पुलिस ने पूरी रकम सीज कर पुलिस स्टेशन ले गई। पुलिस को शक है कि यह हवाला के रुपए हो सकते हैं।

### *बजरंग दल प्रतिबंध ...*

बाद कांग्रेस हिंदुओं के प्रति द्वेष के चलते बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाती है तो अपनी संस्कृति, धर्म, समाज की रक्षा करने के लिए जो सही होगा वो हम करेंगे। इसके लिए हम पहले से ही तैयार बैठे हैं। वीएचपी नेता ने 1992 में हुए बाबरी विध्वंस का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भी कांग्रेस ने हमारे संगठन पर बैन लगाया था, लेकिन अदालत ने इस बैन को गलत बताते हुए प्रतिबंध को हटा दिया था। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में बजरंग दल पर बैन लगाने की बात कही थी। उन्होंने बजरंग दल की तुलना पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे संगठन से की थी। जिसके बाद राज्य भाजपा सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कांग्रेस की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस वालों ने पहले भगवान राम पर बैन लगाया वो हनुमान जी पर बैन लगाने में लगे हुए है। जिस पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा था कि भाजपा वाले बेवजह बजरंग बली की तुलना बजरंग दल से कर रहे है। वहीं कर्नाटक में जीत हासिल करने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा था कि भगवान हनुमान कांग्रेस के साथ हैं। बताते चले कर्नाटक में एक सप्ताह पहले चुनाव हुआ था। जिसका शानिवार यानी 13 मई को परिणाम आया था। तीन दशक के बाद एक फिर कांग्रेस पार्टी बड़े वोट शेयर से जीतीं है।

### *अकोला में आगजनी...*

बताया गया है कि रात करीब साढ़े 11 बजे हरिहरपेठ क्षेत्र के राजराजेश्वर सेतु इलाके में विवादास्पद पोस्ट के कारण दो समूहों के बीच बहस शुरू हुई। पुलिस विवादित पोस्ट के मामले में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर रही थी, तभी सड़कों पर पथराव शुरू हो गया। कारों में आग लगा दी गई। इसके बाद दोनों गुटों के बीच तनाव बढ़ गया। इस दौरान भीड़ ने घर में आग लगाने का भी प्रयास किया।पुलिस अधीक्षक संदीप घुगे ने लोगों से शहर में शांति बनाए रखने की अपील की है।

### *कर्नाटक विजय से ...*

नहीं है, क्योंकि मैं सांप्रदायिक राजनीति को शरण नहीं देता। उन्होंने कहा कि असम में कांग्रेस किस प्रकार से चुनाव लड़ेगी, इसकी जिम्मेदारी मुझे शीर्ष नेतृत्व ने दिया है। अगर समूचे राज्य में एआईयूडीएफ चुनाव लड़ती है तो भी हमारे पास इस संबंध में कुछ भी कहने के लिए नहीं है। एआईयूडीएफ एक राजनीतिक दल है।

### *अस्पताल में कैदी ...*

मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना पांच पुलिसकर्मी की मौजूदगी में हुई थी। बता दें कि आरोपी उच्च प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक है। डॉक्टरी की मौत के विरोध में डॉक्टरों ने मार्च निकाला और आपातकालीन क्लीनिकों में जाने से मना कर दिया था। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सल्फी एन. ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ पर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। डॉ. सुल्फी ने कहा कि डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं और आए दिन राज्य के कोने-कोने से डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। राज्य में एमडीएमए जैसे घातक उत्पादों सहित साइकोट्रोपिक दवाओं की भारी उपलब्धता है, जिससे कई युवा इन दवाओं के आदी हो रहे हैं। विभिन्न नागरिक समाज संगठनों और राजनीतिक दलों ने पुलिस और आबकारी विभागों से ड्रग सिंडिकेट पर नकेल कसने की मांग की है, जो केरल के समाज के लिए खतरा बन रहे हैं।

### *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **द्वादश अध्याय**

**( चार प्रकार के भक्त )**

**( जिज्ञासू )**

**परम शत्रु मन नाशिये, हे प्रभु कृपा निधान।**
**सेवाजित गुरु शरण में, दीजे अविचल ज्ञान॥ 13॥**

**शब्दार्थ :** (कृपानिधान) कृपासागर (अविचल ज्ञान) दृढ़ ज्ञान।

**भाष्य :** हे कृपासागर प्रभो! जीव का परम शत्रु मन है। इसका विनाश कर दृढ़ ज्ञान को प्रदान करें, जिससे में सेवाजित हो कर सद्गुरु-शरण में रहूं।

**मान सुयश इच्छा रहे, गुरु से चाहत मान।**
**नीच दुमति उर मलीन मम, यह नाशो भगवान॥ 14॥**

**शब्दार्थ :** (मान) गौरव (सुयश) कीर्ति (दुमति) अशुद्ध बुद्धि (मलीन) गंदा।

**भाष्य :** है भगवन! मान-प्रतिष्ठा की इच्छा और सद्गुरु से मान की चाह की दुर्बुद्धि, इन सभी में हृदय के मलिन गुणों को नष्ट कर दीजिए।

## काफी हंगामें के बीच समलैंगिक जोड़े ने गुवाहाटी में की सगाई

# बोले, प्यार की कोई सीमा नहीं होती

**गुवाहाटी।** असम की दो लड़कियों ने अपने करीबी दोस्तों की मौजूदगी में गुवाहाटी के एक मंदिर में सगाई कर ली है। कामरूप जिले के नगरबेड़ा की एलिजा वाहिद और गुवाहाटी के हेंगरबाड़ी इलाके की निवासी मनीषा राभा ने 10 मई को संक्षिप्त सगाई समारोह के दौरान अंगूठियों का आदान-प्रदान किया। नगरबेड़ा पीएचसी में स्टाफ नर्स के पद पर तैनात 23 वर्षीय एलिजा की पांच साल पहले 25 वर्षीय मनीषा से दोस्ती हो गई थी। एलिजा पहली बार मनीषा से उनकी बहन के जरिए गुवाहाटी में उनके आवास पर मिलीं। धीरे-धीरे समान-सेक्स जोड़ी एक-दूसरे के करीब आ रही थी और एक दिन एलिजा ने मनीषा को प्रपोज किया। एलिजा ने कहा कि गुवाहाटी में मनीषा से उसके घर पर मिलने के बाद, मुझे उससे तुरंत प्यार हो गया। पेशे से ब्यूटीशियन मनीषा पत्नी बनी, जबकि नगरबेड़ा की रहने वाली लड़की पति बनी। दोनों लड़कियों ने पहले तो अपने घरवालों से शादी करने की इच्छा जताई थी लेकिन उन्होंने इसे समाज के खिलाफ बताते हुए एक-दूसरे को भूल जाने को कहा। जहां अब मनीषा के घरवालों ने उनके रिश्ते



को स्वीकार कर लिया है, वहीं एलिजा के घरवालों ने अभी तक इसकी मंजूरी नहीं दी है। मनीषा ने कहा कि जब मैंने अपनी मां को बताया, तो वह चौंक गई। लेकिन बाद में, वह मान गई क्योंकि वह चाहती है कि मैं खुश रहूं। कपल ने डेढ़ साल बाद अपनी शादी के समारोह की योजना बनाई है। एलिजा ने कहा कि उम्मीद है मेरे परिवार के सदस्य एक दिन समझेंगे और हमें स्वीकार करेंगे।

## स्कूल भवन में लगी आग, पूरा फर्नीचर राख

**धुबड़ी ( हिंस )।** जिले के तमारहाट के एक स्कूल में रविवार तड़के अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल भवन के साथ फर्नीचर भी पूरी तरह आग में जलकर राख हो गया। बताया गया कि जिले के अगमनी शिक्षा खंड के अंतर्गत झकुआबारी धनेउल्लाह एलपी स्कूल संख्या 2007 में आज सुबह भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों और दमकल विभाग की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। स्कूल भवन के और पूरा फर्नीचर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने सरकार से छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द स्कूल भवन का पुनर्निर्माण करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने संभागीय अधिकारियों से इस मामले में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव और कृषि उत्पादन आयुक्त ने गोलाघाट में बीज फार्म का किया दौरा



**अभिषेक सिंघा।** असम सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव और राज्य कृषि विभाग के कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. आशीष कुमार भूटानी, आई.ए.एस के नेतृत्व में राज्य कृषि विभाग की एक उच्च स्तरीय टीम ने शनिवार दोपहर गोलाघाट जिले के सरूपथर निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत फलंगनी में स्थित फलंगनी बीज फार्म का दौरा किया और जिला कृषि अधिकारी रंजीत कुमार सरमा, असम बीज निगम लिमिटेड गोलाघाट शाखा प्रबंधक ध्रुब कांता डेका, कृषि विज्ञान केंद्र, खुमताई के प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. भबेश चंद्र डेका और मोरोंगी सर्कल के कृषि विकास अधिकारी सांघमित्र शर्मा से इसकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। यात्रा के दौरान, अतिरिक्त मुख्य सचिव और कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. आशीष कुमार भूटानी के साथ असम बीज निगम लिमिटेड (एएससीएल) के प्रबंध निदेशक गुणजीत कश्यप, विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित अपार्ट परियोजना के बाजार विश्लेषक और संचालन विशेषज्ञ बलजीत सिंह, असम बीज निगम लिमिटेड के प्रशासनिक अधिकारी प्रियंका हजारिका और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अतिरिक्त मुख्य सचिव और कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि राज्य के कृषि विभाग ने विभिन्न फसलों के बीज उत्पादन में असम को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और कृषि मंत्री अतुल बोरा की मार्गदर्शन के आधार पर पहले ही विभिन्न उपाय किए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव और कृषि उत्पादन आयुक्त ने गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन के लिए सरूपथर निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत फलंगनी में स्थित फलंगनी बीज फार्म को असम के सर्वश्रेष्ठ में से एक आदर्श बीज फार्म के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव और कृषि उत्पादन आयुक्त ने पूरे बीज-फार्म का भ्रमण किया और राज्य कृषि विभाग, विश्व बैंक द्वारा संचालित अपार्ट परियोजना और असम बीज निगम लिमिटेड अधिकारियों के साथ इसका निरीक्षण किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव और कृषि उत्पादन आयुक्त के फलांगनी बीज फार्म दौरे के दौरान विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित अपार्ट परियोजना गोलाघाट जिला के जिला सामाजिक क्षेत्र समन्वयक मयूरी बोरा और अनुसंधान तकनीशियन अभिषेक सिंघा भी उपस्थित थे।

## वनकर्मियों के साथ मुठभेड़ में तस्कर ढेर

**शोणितपुर ( हिंस )।** असम-अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती शोणितपुर जिलांतर्गत सफापानी क्षेत्र में वन कर्मियों के साथ हुई मुठभेड़ में रविवार तड़के अवैध रूप से शिकार करने वाला ढेर हो गया। मृतक शिकारी की पहचान पुनेश्वर स्वर्गियारी के रूप में हुई है। वन विभाग को अवैध रूप से शिकार करने के लिए शिकारी आने की सूचना मिली थी। वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ने के लिए अभियान आरंभ किया। वन विभाग के साथ मुठभेड़ में उरहिलगा निवासी शिकारी पुनेश्वर स्वर्गियारी मारा गया।

## मातृ दिवस पर मायुम गुवाहाटी ग्रेटर का स्वालंबन एवं रक्तदान शिविर आयोजित

**गुवाहाटी ( विभास )।** मारवाड़ी युवा मंच गुवाहाटी ग्रेटर शाखा ने मातृ दिवस पर स्वालंबन कार्यक्रम एवम् रक्तदान शिविर का आयोजन अदिनगिरी स्थित सेवा भारती जनजाति छात्रावास में किया। कार्यक्रम चैयरमेन व शाखा के पूर्व अध्यक्ष गौरव शर्मा ने बताया कि वार्ड न 31 की जीमसी कौंसलर रत्ना सिंह भारद्वाज मुख्य अतिथि एवम् भारतीय मजदुर संघ की शंकर देव नगर की उपाध्यक्ष पद्मा देवी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम सयोंजक युवा आयुष जैन ने बताया की शाखा की तरफ से हॉस्टल में रहने वाले सभी बच्चो के लिए साल भर की जरुरत की सामग्री उपहार स्वरुप उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम की



शुरुआत असमिया जातीय गीत से की गयी। शाखा अध्यक्ष युवा राम भट्टर ने सभी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। सचिव युवा हितेश कुमार चोपड़ा द्वारा संयोजित इस कार्यक्रम में छात्रावास के बच्चो ने एक सामूहिक गीत गाकर सबका मोह जीत लिया एवं बहुत ही सुन्दर रूप से योगा प्रदर्शित किया।श्रीमती तम्मना भूरा एवं श्रीमती पूजा जैन ने बहुत ही सुन्दर रूप से माँ को समर्पित गीत गा कर नमन किया। कार्यक्रम में काफी सारे सदस्य अपनी मां समेत परिवार के साथ उपस्थित थे। उपस्थित सभी मातृ शक्ति का सम्मान किया गया एवं शाखा कि तरफ से उपहार स्वरुप पौधा भेंट किया गया। जन संपर्क अधिकारी युवा पंकज कुमार फलोदिया ने बताया कि इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमे निवर्तमान अध्यक्ष युवा पंकज कुमार भूरा ने अपने जन्म दिवस पर रक्तदान कर शिविर का शुभारम्भ किया। रक्तदान सयोंजक युवा आशीष सिंघानिया ने बतया कि शिविर में 22 रजिस्ट्रशन के साथ 20 रक्तदान किया गया।

## मुमताज बेगम का निधन, क्षेत्र में शोक



**नगरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप जिले के बोको निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नंबर 45 तुपामारी ग्राम पंचायत की करियर सर्वाइवर मुमताज बेगम का कल देर रात 1 बजे निधन हो गया। तुपामारी नंबर 1 निवासी स्वर्गीय जोयनल अब्दीन की पत्नी मुमताज बेगम का लंबे समय से कैंसर का इलाज चल रहा था। वे लंबे समय से तुपामारी ग्राम पंचायत की आजीविका भागीदार और महिला उत्पीड़न विरोधी एकता मंच की अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रही थीं। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने संवेदना प्रकट की है। मुमताज बेगम अपने पीछे एक लड़का, दो बेटियां और रिश्तेदार छोड़ गई हैं। उनकी नमाज-ए-जनाजा आज शाम पांच बजे स्थानीय कब्रिस्तान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पूरी की गई।

## वाक द टॉक ने मदर डे पर किया नुक्कड़ नाटक



**गुवाहाटी ( विभास )।** सरला बिरला ज्ञान ज्योति स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्रों के एक समूह ने मदर डे के उपलक्ष में दिघलीपूखुरी के किनारे मां को समर्पित नुक्कड़ नाटक किया। सुबह 6.30 बजे आयोजित इस नुक्कड़ नाटक में सुबह की सैर करने वाले राहगीरों ने बड़े ही चाव से देखा और नाटक की सराहना की। वाक द टॉक के अध्यक्ष अपर्व सिकरिया ने बताया कि यह हमारा पहला कार्यक्रम है। और पहला कार्यक्रम हमने अपनी अपनी मां को समर्पित करते हुए मां से संबंधित नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण किया है। नाटक में एक मां का अपने बेटे व बेटियों के प्रति जो समर्पण, त्याग, बलिदान, स्नेह होता है उसे दर्शाया गया। गौरतलब है कि वाक द टॉक के संस्थापक शिवेष पोद्दार ने नाटक का निर्देशन किया।

## बरबालू : मकान में आग लगने से सामान राख, पशुओं की मौत

**दक्षिण सलमारा-मानकचार ( हिंस )।** दक्षिण सलमारा-मानकचार जिले के मानकचार के सुखसर पुलिस थाना क्षेत्र के बरबालू गांव में रविवार सुबह एक मकान में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग में घर का सामान के अलावा पालतू बकरी, मुर्गी और बत्तख आदि भी जल कर मर गई। बताया गया कि बरबालू गांव के निवासी सत्तार अली के पुत्र कायूम शेख के घर में सुबह अचानक आग लग गई। आग की लपटों में सत्तार शेख के घर के चार कमरे जलकर राख हो गए। हादसे में शेख के कई जरूरी दस्तावेज, पालतू बकरियां, बत्तख-मुर्गी पालन के साथ-साथ घर का सारा फर्नीचर भी आग में जल गया। परिवहन व्यवस्था न होने के कारण दमकल की गाड़ियां मौके तक नहीं पहुंच सकीं, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

## विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ ओपन हाउस का आयोजन किया

**गुवाहाटी ( विभास )।** शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस (एसएनआईओई) ने रविवार को शहर में एक ओपन हाउस का आयोजन किया, जहां छात्रों और अभिभावकों ने कई विषयों के शिक्षकों के साथ बातचीत की। एसएनआईओई सरकार के नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क की पिछले पांच वर्षों की समग्र सूची में *टॉप 100* में सबसे कम उम्र का संस्थान रहा है। सभा को संबोधित करते हुए, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर और अकादमिक के एसोसिएट डीन, डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि शिव नादर इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस दुनिया की भविष्य की चुनौतियों को पूरा करता है। हमारे छात्र अपनी रुचि के अनुसार कई विषयों से सीख सकते हैं। आज के युग और समय में, हमारे पास आधुनिक वास्तविकताओं के साथ निपुण शिक्षा से लैस पेशेवर होने चाहिए। हमारे कार्यक्रम हमारे छात्रों को आज और कल दुनिया के सामने आने वाली समकालीन चुनौतियों के अनुकूल बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। अंत:विषय कार्यक्रमों की प्रयोज्यता पर, प्रोफेसर घनश्याम पाल, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख, सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और विकसित हो रही है। जैसे-जैसे तकनीक बहुत तेज गति से अपडेट होती रहती है, हम एक ऐसे स्थान पर चले जाते हैं जहाँ हमें ऐसे पेशेवरों की आवश्यकता होती है जो अपनी शिक्षा को वास्तविक जीवन की समस्याओं पर लागू कर सकें। इसे ध्यान में रखते हुए, हमने सस्टेनेबल इंजीनियरिंग की अवधारणा को शुरू किया है, जहां विभिन्न इंजीनियरिंग वर्टिकल्स के विचारों को आपस में जोड़ा जाता है ताकि अनुकूलन, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में काम किया जा सके और पूरा किया जा सके।

## शिव परिवार के कार्यक्रम में हनुमान चालीसा पर हुई विहंगम चर्चा

**गुवाहाटी।** शिव परिवार गुवाहाटी के तत्वावधान में विहंगम योग संस्थान के सौजन्य से आज हनुमान चालीसा के आध्यात्मिक रंग स्वर्वेद के संग कार्यक्रम का आयोजन आमबाड़ी फटाशील स्थित महर्षि सदाफलदेव आश्रम में हुआ। मौके पर सत्संग चर्चा के दौरान चंद्रप्रकाश शर्मा ने बताया कि हनुमान चालीसा हम अपने जीवन में निरंतर पढ़ते हैं। निसंदेह इसे पढ़ना भी चाहिए। इसके भौतिक लाभ है, किंतु यह चमत्कारिक आध्यात्मिक संकेतों से भरा हुआ है। इन आध्यात्मिक संकेतों को समझना, जानना और जीवन में उतारना ही हनुमान चालीसा पढ़ने की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा की चौपाई कहती है कि गुरु के चरणों की रज को माथे पर लगाकर मन रूपी मुकुर यानि दर्पण को सुधारे या साफ करें। इस गूढ़ संकेत को समझने की जरुरत है कि शरीर में किस अवस्था



में मन का वास कहां होता है और उस मन के पार जाकर आत्मज्ञान के जरिए कैसे परमात्मा की ओर आगे बढ़ने का प्रयास करें, जो प्रकृति पार है। उन्होंने कहा कि सदगुरु सदाफलदेवजी महाराज द्वारा अपने साधनाजन्य अनुभवों के आधार पर लिखी गयी स्वर्वेद का अध्ययन और विहंगम योग की चेतन साधना के जरिए ही हनुमान चालीसा सहित वेद, पुराण, उपनिषद सहित सभी धर्मग्रंथों के आध्यात्मिक संकेतों को समझा और उन पर आगे बढ़ा जा सकता है। इससे पूर्व स्वागत गान और मंगलपाठ के साथ आज का कार्यक्रम शुरू हुआ। देवेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम की उद्देश्य व्याख्या करने के साथ उपस्थित लोगों को विहंगम योग की क्रियात्मक साधना की जानकारी दी। शिव परिवार की ओर से प्रेम लखोटिया ने शिव परिवार की धार्मिक यात्रा के तेरह वर्षों के अनुभव साझा किए। जितेंद्र पीपलवा और परमेश्वर भाटीवाड़ा ने जहां शानदार व्यवस्था की, वहीं अमृत भोग भंडारे की ओर से सदगुरु पात्र के जरिए भागचंद जैन ने महाप्रसाद की व्यवस्था की। गौरतलब है कि विहंगम योग आश्रम एवं अमृत भोग भंडारे के द्वारा प्रतिदिन जरुरतमंदों को सदगुरु पात्र के जरिए सदगुरु पात्र संचालित किया जा रहा। सदगुरु पात्र के तहत प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को भोजन दिया जा रहा है। भागचंद जैन एवं चंद्रप्रकाश शर्मा ने लोगों से अन्नदान के इस महान कार्यक्रम से भी जुड़ने का आह्वान किया। वहीं कार्यक्रम के अंत में वंदना, आरती एवं शांतिपाठ हुआ।

## तीन दिवसीय रंगारंग बिहू कार्यक्रम आज से

**नगरबेड़ा ( विभास )।** बरपेटा जिले के बाघवर निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बाघमारा चर समाज कल्याण परिषद ने 15 मई को एक दिवसीय कार्यक्रम और 16 और 17 मई को 32 वें वार्षिक अधिवेशन के तीन दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम के साथ रंगाली बिहू मनाने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। इसके अलावा, अधिवेशन के अनुरूप 15 मई को रात 8-00 बजे असमिया गीतों पर आधारित *प्राइज मनी ओपन डांस प्रतियोगिता* का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर बाघमारा चर समाज कल्याण परिषद के इनामुल हक की अध्यक्षता में परिषद द्वारा गठित एक मजबूत समिति द्वारा अपना वार्षिक अधिवेशन आयोजित करने के लिए एक आम सभा की बैठक पहले ही की जा चुकी है। बाघमारा चर समाज कल्याण परिषद के वार्षिक अधिवेशन के एजेंडे के अनुसार 16 मई को सुबह 7-00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। सुबह 8 बजे, दोये मगफिरा, सुबह 10 बजे सामान्य खेल, 11 बजे ज्ञान चरा अनुष्ठान। दोपहर 1 बजे कुरान पाठ प्रतियोगिता, दोपहर 2 बजे आकस्मिक व्याख्यान प्रतियोगिता, शाम 4 बजे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, शाम 6 बजे हास्य प्रतियोगिता और 8 बजे सांस्कृतिक प्रतियोगिता। 17 मई को सुबह 5 बजे मैराथन दौड़, 10 बजे वेशेशन प्रतियोगिता, 11 केला पैर क्लाइंबिंग प्रतियोगिता, दोपहर 3 बजे समाज कल्याण परिषद के इनामुल हक की अध्यक्षता में खुली और अवार्ड वितरण बैठक होगी।

## अज्ञात व्यक्ति का शव



**गुवाहाटी ( विभास )।** एक अज्ञात मरीज का शव जीएमसीएच से भांगागढ़ थाने को सौपा गया है। मृतक की उम्र 40 वर्ष बताई गई है। प्राप्त समाचार के अनुसार गौहाटी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ने उस अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु का कारण टू बी एज सर्टेंड बताने की साथ पोस्ट मार्टम करने के बाद की रिपोर्ट भी सौंपी है। उसकी मृत्यु 12 मई को 4.25 बजे बताई गई है।

## कामपुर शंकरदेव शिशु निकेतन में मनाया गया मातृ दिवस

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिलांतर्गत कामपुर के सांग चौकी स्थित शंकरदेव शिशु निकेतन में रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर मातृ पूजन समारोह का आयोजन किया गया। शंकरदेव शिशु निकेतन में रविवार को दिनभर चले कार्यक्रम में मां पूजन और मां वंदना समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। सुबह से शुरू हुए इस कार्यक्रम में हाथों में दीप-धूप लिए छात्र-छात्राओं ने सबसे पहले अपनी-अपनी माताओं से आशीर्वाद लिया। इसका आयोजन इसलिए किया जाता है ताकि मातृ पूजा के माध्यम से आने वाले दिनों में माताओं का सम्मान करते हुए उनकी उपेक्षा न हो।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में *संस्कार हमारी विरासत* पर मंथन कार्यक्रम संपन्न

### संपन्नता स्वंय के साथ समाजिक धरोहर की सुनिश्चित करना ही जागृत समाज की निशानी : अशोक सिंघल

**गुवाहाटी ( विभास )।** पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में तथा मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी शाखा के सहयोग से गुवाहाटी के तेरापंथ धर्मस्थल में रविवार को राष्ट्रीय अधिवेशन सफलता पूर्वक सम्पादित हुआ। दूसरा दिवस का आगाज महाबीर स्थल में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने झंडात्तोलन कर सम्मेलन के ध्वज को फहराया, सामुहिक राष्ट्रगान के पश्चात सम्मेलन के प्राणपुरूष श्रद्धेय ईश्वर दास जालान तथा दिवंगत प्रेरक मार्गदर्शक पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों की छवि के समक्ष आन्तरिक प्रणामांजली - पुष्पांजलि के कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने श्रृद्धासुमन अर्पित किए। उद्घाटन समारोह का संचालन करते हुए प्रदीप भुवालका ने सभी गणमान्य को मंचासिन करवाते हुए, दीप प्रज्वलित करवाकर समारोह का शुभारंभ करवाया। आज के मुख्य अतिथि के रूप में असम के माननीय मंत्री अशोक सिंघल की उपस्थिति से मंच की गरिमा में और बढ़ोतरी हुई। सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन के बाद सम्मेलन की बहनों ने सुंदर स्वागत गीत से सभी को मंत्रमुग्ध किया। प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा ने अध्यक्षिय उद्बोधन रखते हुए राष्ट्रीय अधिवेशन से पूर्वोत्तर से नवीन जनजागरण के बहाव की शुभैच्छायें रखी, वहीं स्वागताध्यक्ष अशोक धानुका ने सभी का स्वागत करते हुए समाज के ज्वलंत मुद्दों को परिभाषित करते हुए आपसी विचार मंथन से नयी ब्यार आने की कामना की। राष्ट्रीय महामंत्री संजय हरलालका ने मंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गाड़ोदिया ने अपने सत्र की समाप्ति पर सदन को सम्बोधित करते हुए सभी के रचनात्मक सहयोग प्रति आभार व्यक्त किया तथा समाज चैतन्य प्रति अपने उदगार रखें। माननीय मुख्य अतिथि श्री अशोक सिंघल की उपस्थिति में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल जी सिंघी की स्मृति में संचालित समाज सेवा पुरस्कार, इस वर्ष रांची के पद्म चंद जैन को प्रदान करते हुए अभिनंदन किया गया तथा उनके द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन परिचय पुस्तिका का विमोचन किया गया। 27वे राष्ट्रीय अधिवेशन के उपलक्ष्य में प्रकाशित स्मारिका *मंथन* के सम्पादक मंडल रमेश कुमार चांडक, सिए रतन




अग्रवाल एवं पवन जाजोदिया द्वारा इसका अनावरण मुख्य अतिथि से करवाया। नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया को पदभार हस्तांतरित करते हुए गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने पुष्पहार पहना कर दायित्व सोपा तथा निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद को ग्रहण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने पदभार ग्रहण करने पर अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन में सभी के सहयोग की कामना रखते हुए निष्ठा से कार्य संचालित करने प्रति आश्वस्त किया। श्री लोहिया ने राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में कैलाशपति तोदी के मनोनीत की घोषणा करते हुए उन्हें मंचासिन करवाया। मुख्य अतिथि अशोक सिंघल ने अपने समाज सम्बोधन में साथ गर्भित बातों को रखतें हुये सम्मेलन के अधिवेशन में इस पर चिंतन करने के मुद्दे सुझायें। उन्होंने पूर्वजों के किए कार्य का उदाहरण देते हुए सीमित आय में बड़े अवदान की बातें रखीं, आज के परिप्रेक्ष्य में समाज की संपन्नता एवं क्षमता में उत्तरोत्तर वृद्धि होते हुए भी ठोस अवदान कि कमी पर संज्ञान करवाया, उन्होंने संपन्नता स्वंय के साथ समाजीक धरोहर की सुनिश्चित करने को ही जागृत समाज की निशानी बताया तथा सभी से अवदान हेतु आगे आने का आह्वान किया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सराफ के उद्बोधन के पश्चात विभिन्न प्रदेशों एवं गुवाहाटी की सम्मेलन शाखाओं द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया व महामंत्री तोदी का अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्याम सुंदर हरलालका के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सत्र का विराम हुआ। प्रांतीय संगठन मंत्री विमल अग्रवाल ने बताया कि मध्यान्ह के पश्चात खुला सत्र एवं समापन्न समारोह में कल संपन्न हुई विषय निर्वाचनी सभा में पारित प्रस्ताव को रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित करते हुए सभी से अनुपालन करने एवं करवाने की व्यवस्था लेने का अनुरोध किया गया। इन प्रस्तावों के माध्यम से समाज में बढ़ती कुरीतियों पर लगाम लगाने के लिए शादी व्याह में बढ़ते चलन प्री-वेडिंग विडियो प्रदर्शन, सड़कों पर नृत्य, ड्रेस कोड, वऐचलर पार्टी एवं मद्द पान निषेध किए गए। दो अन्य प्रस्ताव में मायड़ भाषा का प्रचार प्रसार करना तथा संविधान की अनुसूची में मारवाड़ी भाषा को शामिल करने पर सरकार से संवाद तथा संविधान में संशोधन पर आस सुझाव पर चिंतन कर आगे बढ़ाने का निर्णय हुआ।

# रक्षा मंत्रालय ने सैन्य महत्व वाले 928 आइटम के आयात पर प्रतिबंध लगाया

**- 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत चौथी स्वदेशीकरण सूची को मंजूरी**
**- इससे पहले 3 सूचियों में 1238 वस्तुओं का आयात किया जा चुका है बंद**





**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत सैन्य महत्व के 928 सब-सिस्टम और पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध लगाते हुए चौथी स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को मंजूरी दे दी है। इन वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल पर उपलब्ध है, जिन्हें सूची में निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से ही खरीदा जा सकेगा। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) के आयात को न्यूनतम करने के लिए यह कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य महत्व के 928 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सब-सिस्टम्स, स्पेयर एंड कंपोनेंट्स की चौथी रचनात्मक स्वदेशीकरण सूची को मंजूरी दी है। इसमें हाई-ऐंड-मटीरियल्स और अतिरिक्त उत्पाद सहित 715 करोड़ मूल्य के आयात वाले सामान शामिल हैं। इन सभी वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल https:rijandefence.gov.in/ पर उपलब्ध है। सभी वस्तुओं को सूची में निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से खरीदा जा सकेगा। इससे पहले तीन रचनात्मक स्वदेशीकरण सूचियां दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में जारी की जा चुकी हैं। इन सूचियों में 2500 आइटम हैं, जो पहले से ही स्वदेशी हैं। तीनों सूचियों में 1238 (351 107 780) आइटम हैं जो दी गई समय सीमा के भीतर स्वदेशी किए जाएंगे। अब तक देश में 1,238 में से 310 वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है। इसमें पहली सूची के 262, दूसरी सूची के 11 और तीसरी स्वदेशीकरण सूची के 37 आइटम शामिल हैं। अब चौथी सूची में 928 आइटम शामिल किये गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में बताया कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम इस स्वदेशीकरण को विभिन्न साधनों के माध्यम से पूरा करेंगे। कुछ को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विकसित करेंगे और निजी भारतीय उद्योग बनाएंगे, इससे अर्थव्यवस्था में विकास, रक्षा-क्षेत्र में निवेश और रक्षा के सार्वजनिक उपक्रमों के आयात में कमी आएगी। इसके साथ ही घरेलू रक्षा उद्योग में अकादमिक और अनुसंधान संस्थानों के शामिल होने से रक्षा उपकरणों की डिजाइन क्षमता भी बढ़ेगी।

# 'मन की बात' के विषयों पर आधारित प्रदर्शनी देखने पहुंचे प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) में आयोजित एक दिलचस्प प्रदर्शनी जन शक्ति को देखने पहुंचे, जहां मन की बात में शामिल विषयों को भारत के शीर्ष कलाकारों की ओर से बनाई गई कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। मन की बात में शामिल विषयों जैसे स्वच्छता, जल संरक्षण, कृषि, अंतरिक्ष, पूर्वोत्तर, नारी शक्ति, योग, आयुर्वेद आदि पर भारत के शीर्ष कलाकारों द्वारा बनाई कलाकृतियों को जन शक्ति शीर्षक से आयोजित प्रदर्शनी में शामिल किया गया है। मनु और माधवी पारेख, अतुल डोडिया, परेश मैती, इरन्ना जीआर, जगन्नाथ पंडा समेत देश के शीर्ष कलाकारों ने इसमें अपना योगदान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं उन सभी कलाकारों को बधाई देता हूं, जिन्होंने अपनी रचनात्मकता से प्रदर्शनी को समृद्ध किया है। प्रदर्शनी का आयोजन संस्कृति मंत्रालय ने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के मौके पर किया है। इसमें 12 प्रमुख कलाकारों की ओर से निर्मित कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी राजधानी स्थित राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में लगाई है। उल्लेखनीय है कि मन की बात कार्यक्रम तीन अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया था और हर महीने के आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी (एआईआर) और दूरदर्शन (डीडी) नेटवर्क पर प्रसारित किया जाता है। 30 मिनट के कार्यक्रम की 100वीं कड़ी 30 अप्रैल को प्रसारित की गई थी।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर में की पूजा-अर्चना



**अजमेर/ पुष्कर, (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को पुष्कर के ब्रह्मा और जाट शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी मौजूद रहीं। ब्रह्मा मंदिर के मुख्य पुजारी कृष्ण गोपाल वशिष्ट ने उपराष्ट्रपति को विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई। इस दौरान कृष्ण गोपाल ने उन्हें सन 1993 की पुष्कर यात्रा के दौरान की उनकी तस्वीर भेंट की। उपराष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर ब्रह्मा मंदिर को सुबह 8 से 12 बजे तक आम श्रद्धालुओं के लिए बंद रखा गया था। दोनों ही मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। उपराष्ट्रपति धनखड़ सैन्य विमान से सुबह जयपुर के सांगानेर हवाई अड्डे पर पहुंचे, यहां राज्यपाल कलराज मिश्र और कृषि मंत्री लालचंट कटारिया ने उनकी अगवानी की। उपराष्ट्रपति सुबह 10:30 बजे सेना के हेलीकॉप्टर से पुष्कर पहुंचे। पुष्कर के मंदिर में दर्शन के बाद करीब 11.45 बजे नागौर के लिए रवाना हो गए। पुष्कर में अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने उपराष्ट्रपति को विदाई दी। नागौर के मेड़ता में वे पूर्व केंद्रीय मंत्री नाथूराम मिर्धा स्मृति स्मारक पर मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। दोपहर 3.30 बजे सभा स्थल पहुंचेंगे। उपराष्ट्रपति की रविवार को पुष्कर की धार्मिक यात्रा के दौरान ब्रह्मा मंदिर में पूजा-अर्चना का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन सतयुगी तीर्थ पुष्कर सरोवर के पूजन का कार्यक्रम प्रस्तावित नहीं किये जाने से उपराष्ट्रपति के पुश्तैनी पुरोहितों ने नाराजगी प्रकट की। पुरोहित पं. सुमित और हर्ष पाराशर ने एसडीओ के जरिए उपराष्ट्रपति को ऑनलाइन ज्ञापन भिजवाया है। इसके अलावा तीर्थ पुरोहित संघ ट्रस्ट ने भी रविवार को उपराष्ट्रपति के सरोवर पूजन कार्यक्रम को प्रस्तावित नहीं किए जाने पर रोष प्रकट किया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष लाडूराम शर्मा ने जारी बयान में सभी तीर्थ पुरोहितों की ओर से नाराजगी जाहिर की है।

# 16 विधायकों की अपात्रता के मुद्दे पर विधानसभा अध्यक्ष और शिवसेना (उबाठा) आमने-सामने



**मुंबई (हि. स.)।** शिवसेना (शिंदे समूह) के 16 विधायकों की अपात्रता के मुद्दे पर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) समूह आमने-सामने आ गया है। नार्वेकर ने लंदन से मीडिया को बताया है कि वे इस मुद्दे पर जल्द कोई निर्णय नहीं ले सकते हैं, जबकि शिवसेना (उबाठा) के नेता संजय राऊत ने कहा है कि नार्वेकर को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार इस मुद्दे पर समयबद्ध तरीके से निर्णय लेना चाहिए। दरअसल, शिवसेना (शिंदे समूह) के 16 विधायकों ने सबसे पहले शिवसेना से बगावत की थी और सूरत के बाद गुवाहाटी गए थे। बाद में शिवसेना के 23 और विधायक भी गुवाहाटी पहुंचकर शिंदे समूह को अपना समर्थन दिया था। उसी समय विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि झिरवल के सामने तत्कालीन शिवसेना व्हिप सुनील प्रभू ने 16 विधायकों को अपात्र घोषित करने का प्रस्ताव पेश किया था । इसके बाद शिंदे समूह ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 16 विधायकों की अपात्रता पर विधानसभा अध्यक्ष को समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने का आदेश दिया है।

विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर इस समय लंदन प्रवास पर हैं। उन्होंने लंदन से मीडिया को बताया है कि वे इस मामले पर निर्णय समयबद्ध तरीके से नहीं कर सकते हैं। उन्हें इस मुद्दे पर निर्णय देने से पहले हर पहलू की छानबीन करना जरुरी है। इसके बाद रविवार को शिवसेना (उबाठा) के नेता संजय राऊत ने कहा कि राहुल नार्वेकर को दलबदल करने, करवाने और दलबदल को बढ़ावा देने का काम है। राहुल नार्वेकर का दलबदल का एक लंबा इतिहास रहा है। दलबदल उनका शौक है। दलबदल को भडकाना राहुल नार्वेकर का धंधा है। इसलिए हमें उनसे न्याय की उम्मीद नहीं है। राऊत ने कहा कि हम आपसे केवल सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निदेशों का पालन करने के लिए कह रहे हैं। राऊत ने कहा कि हम आपसे कानून का पालन करने के लिए कह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन की मांग किसी भी तरह धमकी नहीं है।

# नव निर्वाचित सांसद रिंकू ने केजरीवाल से लिया जनसेवा का मंत्र

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** जालंधर संसदीय सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद नव निर्वाचित सांसद सुशील कुमार रिंकू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ रविवार सुबह आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके निवास पर भेंट की और पंजाब की जनता की सेवा का मंत्र लिया। अरविंद केजरीवाल ने एक विशेष बैठक कर सांसद सुशील कुमार रिंकू को पंजाब और वहां की जनता के विकास से जुड़े मुद्दों को संसद में मजबूती के साथ उठाने की सलाह दी। बैठक के बाद नव निर्वाचित सांसद सुशील कुमार रिंकू ने कहा कि जालंधर में कई फ्लाईओवर और सड़क प्रोजेट रुके हुए हैं। आदमपुर एयरपोर्ट बंद पड़ा है और इंडस्ट्री के भी कई मुद्दे हैं। उन सभी मुद्दों को संसद में मजबूती के साथ उठायेंगे। इस दौरान राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और अशोक मित्तल भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील कुमार रिंकू ने जालंधर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बड़ी जीत दर्ज की है। शनिवार को आए चुनाव परिणाम में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को उसी के गढ़ में शिकस्त दी है।

# प्रवीण सूद बने सीबीआई के नए निदेशक



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** रविवार को कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) का नया डायरेक्टर नियुक्त कर दिया गया है। 1986 बैच के आईपीएस अफसर सूद का कार्यकाल दो साल का होगा। सीबीआई के वर्तमान डायरेक्टर सुबोध जायसवाल का कार्यकाल 25 मई को खत्म हो रहा है। इसी दिन सूद सीबीआई का डायरेक्टर पद संभालेंगे। सीबीआई का डायरेक्टर के लिए सूद के अलावा दो और नाम जिनमें मध्य प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक सुधीर सक्सेना और सीनियर आईपीएस अधिकारी ताज हासन के नाम पैंनल में थे। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के रहने वाले प्रवीण सूद 22 साल की उम्र में पुलिस सर्विस में आए। हैं। सूद आईआईटी दिल्ली से ग्रेजुएट है और आईआईएम बेंगलुरु से पोस्ट ग्रेजुएट हुए हैं। वे कर्नाटक के बेल्लारी और रायचुर जिले में एसपी रहे। इसके अलावा बेंगलुरु और मैसूरु के डीसीपी भी रहे है। प्रवीण सूद को 1996 में मुख्यमंत्री की ओर से गोल्ड मैडल मिल चुका है।

इसके साथ ही वर्ष 2002 में पुलिस पदक और 2011 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति की तरफ से पुलिस पदक दिया गया था। जून 2020 में प्रवीण सूद कर्नाटक के डीजीपी बनाए गए थे।

**- डी के शिवकुमार ने सूद को नालायक कहा था**

कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कर्नाटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने डीजीपी प्रवीण सूद को नालायक कहा था। उन्होंने कहा था की वह इस पद के लायक नहीं है। पिछले तीन साल से डीजीपी हैं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम करते हैं। उनके खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए। शिवकुमार ने आरोप लगाया था कि सूद ने कांग्रेस कार्यकताओं पर 25 केस दर्ज किए, लेकिन भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओ पर एक भी केस दर्ज नहीं किया। हमने चुनाव आयोग से भी शिकायत कर प्रवीण सूद की गिरफ्तारी की मांग की थी। शिवकुमार ने कहा था कि चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनी तो सूद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की करेंगे।

# कांग्रेस को मध्यप्रदेश में भी मिलेगा बजरंगबली का आर्शीवाद : कमलनाथ

**- मुख्यमंत्री चौहान ने कर्नाटक में आठ विधानसभा सीटों पर प्रचार किया था, छह पर भाजपा हारी**

**भोपाल (ईएमएस)।** कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने कर्नाटक चुनाव में भाजपा की करारी हार को लेकर पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस को मध्यप्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी बजरंगबली का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दक्षिणी राज्य में उन आठ में से छह सीटों पर भाजपा हार गई जहां भाजपा नेता चौहान ने प्रचार किया था। कमलनाथ ने मध्यप्रदेश कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में कर्नाटक की जीत का जश्न मनाते पार्टी कार्यकताओं से कहा कि चौहान ने कर्नाटक में आठ विधानसभा सीटों पर प्रचार किया था और उनमें से छह पर भाजपा हार गई। मध्यप्रदेश में भी भाजपा को इसी तरह की हार का सामना करना पड़ेगा। कमलनाथ ने कहा कि हमें कर्नाटक के साथ साथ मध्यप्रदेश में भी बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त होने जा रहा है। मध्यप्रदेश के लोग समझदार हैं। कर्नाटक में कांग्रेस के घोषणा पत्र में सरकार बनने पर चरमपंथी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया गया और इसमें पीएफआई के साथ साथ बजरंग दल का भी जिक्र किया गया। भाजपा शासित मध्यप्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। कमलनाथ ने कहा कि कर्नाटक में भाजपा, कांग्रेस की संख्या से आधी सीटें भी जीत नहीं सकी। प्रधानमंत्री ने रोड शो, रैली करने के साथ कर्नाटक में चुनाव जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। दक्षिण भारत ने उत्तर भारत को रास्ता दिखाया है। इससे पहले, मुरैना में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान इस वादे के साथ जनता को बेवकूफ बना रहे हैं कि मध्यप्रदेश में 33 लाख करोड़ रुपए का निवेश आएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलनाथ ने कहा कि इतना निवेश तो पूरे देश में भी नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 2018 में मध्यप्रदेश में वोटों की ताकत से सत्ता में आई थी लेकिन अब सरकार को सौदा करके चलाया जा रहा है। कमलनाथ ने दावा किया कि मध्यप्रदेश में समाज के सभी वर्ग परेशान हैं। मध्यप्रदेश में 2018 के विधानसभा चुनाव में कुल 230 सीटों में से 114 सीटों के साथ कांग्रेस सबसे बड़े दल के रुप में सामने आई जबकि भाजपा ने 109 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने कमलनाथ के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बनाई लेकिन मार्च 2020 में सिंधिया के वफादार कई विधायकों के भाजपा में चले जाने के बाद कांग्रेस सरकार गिर गई और शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी।

# अमित शाह विधायी प्रारूपण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार यानी 15 मई को राजधानी में विधायी प्रारूपण पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन संवैधानिक और संसदीय अध्ययन संस्थान (आईसीपीएस) की ओर से लोकतंत्र के लिए संसदीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों, वैधानिक निकायों और अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों के बीच विधायी प्रारूपण के सिद्धांतों और प्रथाओं की समझ पैदा करना है। विधायी प्रारूपण का समाज और राज्य के कल्याण के लिए लागू की गई नीतियों और विनियमों की व्याख्या पर एक बड़ा प्रभाव पड़ता है। चूंकि विधायी प्रारूपकार कानून बनाने के लिए उत्तरदायी होते हैं, जो लोकतांत्रिक शासन को बढ़ावा देता है और कानून के शासन को प्रभावी बनाता है, इसलिए यह आवश्यक है कि उन्हें अपने कौशल को तेज करने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उनकी क्षमता निर्माण में सहायता करेगा।

# दो विषय में फेल होने से परेशान 12वीं की छात्रा ने नाले में कूदकर दी जान

**अजय कुमार**




**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के अमन विहार इलाके में 12वीं की एक छात्रा ने दो विषयों में फेल होने के बाद नाले में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि वह एक सुसाइड नोट छोड़कर घर से निकली थी। जिसके बाद वह बीते 12 मई से लापता थी। हालांकि, बच्ची के माता-पिता ने अमन विहार थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार उसका शव आज 14 मई को एक नाले से बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल, पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 174 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस आगे की पूछताछ करने में जुट गई है। वहीं, मृतका के चाचा का कहना है कि इनके 12वीं के रिजल्ट 12 मई को आए थे, जिसमें वह 2 सब्जेक्ट में फेल हो गई थी। इसको लेकर बच्ची के पिता ने भी उनको समझाया बुझाया था कि अगले एक्जाम में अच्छे नंबरों से पास हो जाओगी। इसके बाद वह एक सुसाइड नोट छोड़कर तीन बजे घर से निकली थी।

# जी7 बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, निम्न व मध्यम आय वाले देशों में हो डिजिटल सक्षम ढांचे का विकास




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज जापान के नागासाकी में स्वास्थ्य नवाचार पर जी7 मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों का उपयोग सक्षम एवं समानता लाने की दिशा में जरूरी है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं का वितरण एवं सार्वभौमिक कवरेज हासिल करने में सहायता मिलती है। कोविड-19 महामारी ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को आगे बढ़ाया है। ऐसे में निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में एक सक्षम ढांचे पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। यह बैठक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करने की दिशा में डिजिटल स्वास्थ्य जैसे नवाचार की प्राथमिकताओं, कार्यान्वयन और उपयोग पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में जी7 सदस्य देशों और आमंत्रित आउटरीच 4 राष्ट्रों- भारत, इंडोनेशिया, वियतनाम एवं थाईलैंड के स्वास्थ्य मंत्रियों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री ने आगे डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत के कोविड-19 टीका वितरण मंच को-विन से करोड़ों लोगों को टीका लगाना तथा प्रमाण पत्र वितरित करना आसान हुआ है। इसी तरह राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म- ई-संजीवनी के माध्यम से पहले ही 11.5 करोड़ से अधिक की संख्या में नागरिकों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया है। इससे यह विश्व का सबसे बड़ा टेलीमेडिसिन मंच बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने नए और विकसित उपकरणों से प्राप्त होने वाले लाभों को उठाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इनसे सही समय पर सही व्यक्ति का सही उपचार सुनिश्चित हो सकता है। इन तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत ने पहले ही डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के रूप में विश्व को ऐसे सभी डिजिटल उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराने का नीतिगत निर्णय लिया है। डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता ने डिजिटल स्वास्थ्य को एक विशिष्ट प्राथमिकता के रूप में सामने लाया है और विश्व स्वास्थ्य संगठन मुख्यालय में डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल के रूप में पूरे विश्व के सभी डिजिटल पहलों के सम्मिलन तंत्र का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि नेटवर्क-ऑफ-नेटवर्क दृष्टिकोण के साथ यह पहल वैश्विक डिजिटल कमियों को दूर करने में महत्वपूर्ण होगी। डॉ. मांडविया ने इस संबंध में प्रस्तावित पहल के लिए जी7 देशों से समर्थन का अनुरोध किया।

# नौसेना ने पहली बार गाइडेड डिस्ट्रॉयर 'मोरमुगाओ' से दागी ब्रह्मोस मिसाइल

**- सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने 'बुल्स आई' को सफलतापूर्वक हिट किया**
**- भारत की आत्मनिर्भरता और समुद्र में नौसेना की मारक क्षमता बढ़ी**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय नौसेना ने पहली बार गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मोरमुगाओ से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की फायरिंग करके 'बुल्स आई' को सफलतापूर्वक हिट किया। स्वदेशी जहाज और शक्तिशाली ब्रह्मोस ने एक साथ प्रदर्शन करके समुद्र में भारत की आत्मनिर्भरता और भारतीय नौसेना की मारक क्षमता के एक और चमकदार प्रतीक को चिह्नित किया है। नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। बयान में आगे कहा गया है कि मिसाइल का परीक्षण गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर वारशिप आईएनएस मोरमुगाओ से किया गया है। मिसाइल में स्वदेशी सामग्री बढ़ाने पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस लगातार काम कर रहा है। आईएनएस मोरमुगाओ की डिजाइन भारतीय नौसेना के स्वदेशी संगठन ने तैयार की है। इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड मुंबई ने किया है। आधुनिक हथियारों से लैस परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध में सक्षम 'मोरमुगाओ' जहाज भारतीय नौसेना की नई ताकत है, जिसे ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस किया जाना है। इसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में पिछले साल 18 दिसंबर को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया था। यह प्रोजेक्ट 15बी के तहत बनाया गया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का दूसरा जहाज है। इससे पहले भारतीय नौसेना ने 05 मार्च को आईएनएस कोलकाता से अरब सागर में स्वदेशी ब्रह्मोस मिसाइल का इसी जहाज से सफल परीक्षण किया था। उस समय भी इस मिसाइल ने सटीक निशाना लगाकर अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया था। इसके बूस्टर को डीआरडीओ ने डिजाइन किया है। नौसेना ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का पिछले साल अप्रैल में अंडमान निकोबार कमांड के साथ संयुक्त रूप से सफल परीक्षण कर चुकी है।

# उप्र रोडवेज की बसों में सुविधा के साथ सुरक्षा पर भी होगा फोकस



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सुविधायुक्त बनाने के साथ सुरक्षित बनाने के लिए भी प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर परिवहन विभाग की बसों में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर विभाग की ओर से अब जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निर्गम मुख्यालय से सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। परिवहन निगम के उच्च प्रबंधन के साथ हुई चर्चा के बाद बसों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए कुछ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए भी कहा गया है। इसके चलते कई जनपदों में जागरूकता अभियान शुरू भी कर दिया गया है। विभिन्न जनपदों में अधिकारियों द्वारा बसों में आग लगने की घटनाओं के कारणों एवं बचाव के बारे में क्षेत्रों में जाकर कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।

**तय होगी जवाबदेही** – जो निर्देश दिए गए हैं, उनमें बस में आग लगने की घटना होने पर क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा सेवा प्रबंधकों को स्वयं मौके पर जाकर बस का निरीक्षण करना होगा। इसके अलावा किसी भी क्षेत्र की बस में तकनीकी कमी के कारण बस में आग लगने की घटना होने की स्थिति में क्षेत्र के सेवा प्रबंधक एवं संबंधित डिपो के सीनियर फोरमैन के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने को भी कहा गया है। सेवा प्रबंधक प्रत्येक डिपो में 20 मई तक स्वयं चालकों एवं परिचालकों को अग्निशमन यंत्र प्रयोग किए जाने का प्रशिक्षण देंगे एवं प्रत्येक डिपो की न्यूनतम 20 बसों का भौतिक निरीक्षण कर आग लगने के रोकथाम से संबंधित बिंदुओं की जांच करेंगे। इस्के साथ ही प्रत्येक डिपो में अभियान चलाकर सेल्फ स्टार्टर से जुड़े हुए बैट्री वायर सही ढंग से लगे होने एवं शार्ट सर्किट की रोकथाम से संबंधित कार्य कराए जाएंगे।

**मेंटेन करना होगा रजिस्टर** – अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि 18 मई तक डिपो में एक बसवाइज रजिस्टर मेनटेन किया जाए, जिसमें कुछ मुख्य कार्यवाही का तिथिवार उल्लेख किया जाए। इसके अनुसार प्रत्येक क्वार्टर में कराए गए सर्वे में पाई गई कमियों का विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाए। साथ ही, सेल्फ स्टार्टर की सर्विस किए जाने का विवरण, बैट्री टर्मिनल, बैट्री पावर कट ऑफ स्विच, बैट्री वायर एवं अन्य वायरिंग चेक किए जाने एवं कट पर टेप लगाए जाने का विवरण अंकित हो। इसके अलावा बसों में वांछित स्थानों पर वायर में इनसुलेशन स्लीव लगाए जाने, बसों के डीजल लीकेज रोकने एवं इंजन की पूर्ण सफाई कराने का विवरण और बसों में लगे अग्निशमन यंत्र की वैधता विवरण दर्ज होना चाहिए। रजिस्टर की प्रत्येक एंट्री में इलेक्ट्रीशियन, ग्रुप प्रभारी तथा सीनियर फोरमैन के हस्ताक्षर होंगे। सेवा प्रबंधक माह में एक बार अनिवार्य रूप से रजिस्टर का पूर्ण अवलोकन एवं समीक्षा कर हस्ताक्षर करेंगे।

**कर्मचारियों को दी जा रही ट्रेनिंग** – निर्देश मिलने के बाद विभिन्न जनपदों में इसका पालन भी शुरू हो गया है। परिवहन निगम के अधिकारियों द्वारा क्षेत्रों में जाकर कर्मचारियों को इस बाबत ट्रेनिंग दी गई। अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग के अनुसार सेवा प्रबंधकों द्वारा अपने डिपो व कार्यशाला में बसों की तकनीकी चेकिंग कराई गई एवम स्वयं भी चेकिंग की गई। मुख्यतः इंजन से डीजल या मोबिल लीकेज होने से रोकना तथा वायरिंग कहीं से कटी न हो, की चेकिंग की गई तथा बसों की चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही चालकों को अग्नि शमन यंत्र चलाना भी सिखाया गया। उन्होंने बताया कि यह चेकिंग अभियान आगे भी चलता रहेगा, जिससे कि बसों में आग लगने की दुर्घटनाओं को पूर्णतः रोका जा सके एवं यात्रियों को सुरक्षित यात्रा मुहैया कराई जा सके।

# सभी जाति बिरादरी के लोगों का 'कुटुम्ब मित्र' बनायेगा संघ

**लखनऊ, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सभी जाति बिरादरी के लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए कुटुम्ब मित्र बना रहा है। परिवार प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से संघ समाज के बीच यह काम कर रहा है। कुटुम्ब मित्र सप्ताह में एक दिन किसी मंदिर में एकत्र होकर सामूहिक रूप से मंगल संवाद करते हैं। यह जानकारी कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के संयुक्त क्षेत्र (उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड) के प्रमुख ओमपाल सिंह ने दी। ओमपाल सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से परिवारों में संस्कृति एवं संस्कारों के संवर्धन के लिए काम करता है। इसके लिए देशभर में कुटुम्ब मित्र बनाये जा रहे हैं। कुटुम्ब मित्रों को मंगल संवाद आयोजित हो रहा है। मंगल संवाद के तहत रामचरित मानस की चौपाई, श्लोक या अन्य धार्मिक ग्रन्थ का वाचन करते हैं और सदचर्चा करते हैं। इसके अलावा बड़े कार्यक्रमों जैसे नव दम्पत्ति सम्मेलन और बालक बालिका सम्मेलन का भी आयोजन होता है। ओमपाल सिंह ने बताया कि हिन्दू समाज के अमरत्व का मुख्य कारण भारतीय परिवार व्यवस्था ही है। परिवार बिखर रहे हैं। संयुक्त परिवार एकल परिवार में परिवर्तित हो रहे हैं। हम दो हमारे दो की मानसिकता बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि हम वसुधैव कुटुम्बकम को मानने वाले लोग हैं, लेकिन दुनिया ने हमें बाजार माना। परिवार मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने की व्यवस्था है। परिवार पशु जैसे शिशु को मानव, महामानव की ऊंचाई तक विकसित करने का एक समर्थ संस्कार का केन्द्र है। इसलिए अपना घर समृद्धि एवं संस्कृति का एक सुन्दर संगम होना चाहिए। यही हिन्दू घर की पहचान है। वर्तमान में जैसे समृद्धि बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे संस्कृति घटती जा रही है। दोनों का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। इस कारण परिवार में तरह-तरह की समस्या आ रही है। संतुलन को बनाये रखना आज की नितांत आवश्यकता है। इसीलिए कुटुम्ब प्रबोधन की गतिविधि आरम्भ की गयी है।

**परिवार से अपेक्षाएं** – उन्होंने बताया कि सप्ताह में एक दिन परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ बैठक कर अनौपचारिक चर्चा करनी चाहिए। परिवार में गपशप के समय नकारात्मक चर्चा से बचना चाहिए। परिवार के उत्थान, संस्कार निर्माण एवं समस्याओं के समाधान के बारे में विचार विनिमय करना चाहिए। परिवार में अच्छे साहित्य के नियमित पठन-पाठन की व्यवस्था हो। परिवार में स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों का ही प्रयोग करना चाहिए। मोबाइल टी.वी.आदि का विवेकपूर्ण उपयोग करना। अपने घर पर भोजन व जलपान के लिए दो चार मित्र परिवार को बुलाना।

# हटिया-झारसुगुड़ा एक्सप्रेस ट्रेन 15 से 18 मई तक रद्द रहेगी



**रांची, (हि.स.)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर मंडल के नुआगां स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कारण कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। ट्रेन संख्या 18175/18176 हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया एक्सप्रेस 15 से 18 मई तक रद्द रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 18106 जयनगर- राउरकेला 14 और 17 मई को राउरकेला के स्थान पर हटिया तक ही आयेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस 16 एवं 18 मई को राउरकेला के स्थान पर हटिया से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस 14 एवं 17 मई को अपने निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से पुणे से प्रस्थान करेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस 15 मई को अपने निर्धारित समय से एक घंटा विलंब से सूरत से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18309 संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस 15, 16 व 18 मई को अपने निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से संबलपुर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18310 जम्मूतवी-संबलपुर एक्सप्रेस 14 और 16 मई को अपने निर्धारित समय से चार घंटे विलंब से जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी। रांची रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 18626/18625 हटिया-पूर्णिया कोर्ट- हटिया एक्सप्रेस व ट्रेन संख्या 13304/13303 रांची-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव झालदा स्टेशन पर दिया है।

# "सुरक्षा कवच" बनी मोदी सरकार की जन सुरक्षा योजनाएं, खुर्शीद के परिवार को मिला सहारा

**बेगूसराय, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ साल पहले पीएम सुरक्षा बीमा योजना और पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना शुरू कर गरीबों के जीवन में वह क्रांति ला दी, जिसकी कल्पना भी नहीं थी। यह योजनाएं नागरिक कल्याण के लिए समर्पित है। जो अप्रत्याशित घटना और वित्तीय अनिश्चितताओं से जीवन को सुरक्षित करने की आवश्यकता को पूरा कर रही है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि देश के असंगठित वर्ग के लोग आर्थिक रूप से सुरक्षित रहें। इसके साथ ही सरकार ने वृद्धावस्था की जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) भी शुरू की। यह तीनों जन सुरक्षा योजनाएं नागरिकों की भलाई लिए समर्पित है। जो कि अप्रत्याशित जोखिमों, हानियों और वित्तीय अनिश्चितताओं के खिलाफ आम नागरिक के जीवन को सुरक्षा प्रदान करती है। आज सरकार के इस क्रांतिकारी कदम की हर ओर चर्चा हो रही है। देश भर में पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत क्रमशः 16.2 करोड़, 34.2 करोड़ और 5.2 करोड़ से अधिक नामांकन किए गए हैं। ऐसे में बेगूसराय भी कहीं पीछे नहीं है और 11 लाख से अधिक नामांकन कराए जा चुके हैं। अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार तीन मई तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बेगूसराय में तीन लाख आठ हजार 455, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना में छह लाख 41 हजार 867 तथा अटल पेंशन योजना में एक लाख 46 हजार 954 नामांकन कराए जा चुके हैं। सबसे बड़ी बात है कि सिर्फ महिला और पुरुष ही नहीं, ट्रांसजेंडरों ने भी इसके लिए नामांकन कराया है। अटल पेंशन योजना में आठ ट्रांसजेंडर जुड़े हैं। फिलहाल इन तीनों योजनाओं को हर लोगों तक पहुंचाने के लिए बेगूसराय के सभी बैंकों द्वारा प्रत्येक दिन पंचायतों में जाकर विशेष जागरूकता शिविर लगाया जा रहा है। इन योजनाओं के लिए जागरुक करने के साथ-साथ ऑन स्पॉट नामांकन किए जा रहे हैं, यह अभियान 30 जून तक चलता रहेगा। इन योजनाओं के फायदे की बात की जाए तो बेगूसराय जिला के सैकड़ों परिवार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

# घबराइए मत, हर समस्या का करेंगे समाधान : योगी

**-जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने सुनीं 100 लोगों की समस्याएं**

**-आत्मीयता के पुट में सबको दिया कार्रवाई करने का भरोसा**



**गोरखपुर, (हि.स.)।** चिंता नहीं करिए। घबराइए बिलकुल मत, हर शिकायत पर कार्रवाई करेंगे। समस्या कोई हो, हम उसका समाधान करेंगे। आत्मीयता के पुट में यह भरोसा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को दिया। नगर निकाय चुनाव आचार संहिता के कारण करीब एक माह बाद जनता दर्शन आयोजित हुआ। गोरखनाथ मंदिर में पिछला जनता दर्शन कार्यक्रम 9 अप्रैल को लगा था। इस बार करीब 100 लोग अपनी समस्याएं बताने पहुंचे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। उनके प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरितए गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया। एक महिला ने अधिक बिजली बिल में छूट देने की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने उसे भरोसा दिया कि जितना भी संभव होगाए छूट दिलाएंगे। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान लोगों के साथ आये बच्चों को दुलारकर उन्हें आशीर्वाद दिया। उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और चॉकलेट गिफ्ट कर उन्हें खूब पढ़ने के लिये प्रेरित भी किया।

## बैलेट पेपर से चुनाव होने पर बसपा मेयर चुनाव जरूर जीतती : मायावती




**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के आए परिणाम के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव होता तो बसपा मेयर चुनाव जरूर जीतती। बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट कर कहा कि उप्र निकाय चुनाव में भाजपा ने साम, दाम, दण्ड, भेद आदि अनेकों हथकण्डों के इस्तेमाल किया है। साथ ही साथ इनके द्वारा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से बसपा चुप होकर बैठने वाली नहीं है, बल्कि वक्त आने पर इसका जवाब भाजपा को जरूर मिलेगा। आगे उन्होंने कहा कि तमाम विपरीत हालात का सामना करते हुए बसपा पर भरोसा करके पार्टी उम्मीदवारों को वोट करने के लिए लोगों का तहेदिल से आभार एवं शुक्रिया। अगर यह चुनाव भी फ्री एण्ड फेयर होता तो नतीजों की तस्वीर कुछ और होती। बैलेट पेपर से चुनाव होने पर बसपा मेयर चुनाव भी जरूर जीतती। वैसे चाहे भाजपा हो या सपा दोनों ही पार्टियां सत्ता का दुरुपयोग करके ऐसे चुनाव जीतने में एक-दूसरे से कम नहीं हैं। यही वजह है कि सत्ताधारी पार्टी ही धांधली से अधिकतर सीट जीत जाती है। इस बार भी इस चुनाव में ऐसा ही हुआ, यह अति-चिन्तनीय।

# शिक्षाविद करमा उरांव का मेदांता अस्पताल में निधन



**रांची, (हि.स.)।** आदिवासी समाज के प्रख्यात मानवशास्त्री और शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव (72) का निधन रविवार सुबह मेदांता हॉस्पिटल में हो गया। वह बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान आईसीयू में उन्होंने अंतिम सांस ली। सरना धर्म कोड सहित झारखंड के कई मुद्दों पर वह अपना पक्ष मजबूती के रखते थे। वह मानवशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व डीन, एकीकृत बिहार में बीपीएससी के सदस्य भी थे। वे 12 से अधिक देशों का भ्रमण कर दुनिया का मार्गदर्शन कर चुके थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डॉ करमा उरांव के निधन पर गहरा दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि उनका जाना आदिवासी समाज सहित झारखंड, भारत और पूरी दुनिया के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनके योगदान और उत्कृष्ट कार्यों के कारण वे हमेशा सबके दिलों में अजर अमर रहेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ करमा कई विषयों पर उनका मार्गदर्शन मिलता था।

उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की इस विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

## बरौनी रिफाइनरी तीन महीने आमजन को सौंप देगी ग्रीन पार्क : कार्यपालक निदेशक

**बेगूसराय, (हि.स.)।** इंडियन ऑयल द्वारा 2023 को हरित संकल्प सुदृढ़ करने का वर्ष के रूप में मनाए जाने को लेकर बरौनी रिफाइनरी लगातार इस दिशा में आगे बढ़ रही है। इसकी एक बड़ी पहल के रूप में अगले तीन महीने में रिफाइनरी ग्रीन कॉरिडोर (पार्क) तैयार कर लेगी। बरौनी रिफाइनरी के कार्यपालक निदेशक एवं अधिकारी प्रमुख आर.के. झा ने बताया कि एनएच-31 के किनारे जुबली पेट्रोल पंप से हर-हर महादेव चौक वाकिंग ट्रैक सहित डेढ़ किलोमीटर लंबे ग्रीन पार्क का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। 50 प्रतिशत ग्रीन बेल्ट बन गया है। अगले तीन महीने में यह पार्क तैयार कर आम लोगों के लिए समर्पित किए जाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि संकल्प को सुदृढ़ करने के लिए सभी पर्यावरणीय मानकों का पालन किया जा रहा है। ग्रीन बेल्ट और बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। 445 एकड़ जमीन पर एक लाख 65 हजार पेड़ मुंगेर में लगाए गए और बेगूसराय में भी पेड़ लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा रिफाइनरी में नैचुरल गैस के उपयोग, सोलर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन एवं ग्रिड पावर इत्यादि पर कार्य किए जा रहे हैं। बरौनी रिफाइनरी द्वारा किए जा रहे विकास गतिविधियों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और बरौनी डेयरी के सहयोग से बरौनी रिफाइनरी द्वारा कार्यान्वित जैविक खाद प्रबंधन परियोजना के तहत बरौनी डेयरी के परिसर में स्लरी प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया। बेगूसराय के सदर अस्पताल में अब तक का पहला 50 बिस्तर वाला बाल चिकित्सा वार्ड की स्थापना की गई। वर्ष 2022-23 की उपलब्धि साझा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 15 सौ सिलेंडर भरने की क्षमता के साथ सीईआर के तहत बरौनी रिफाइनरी में पीएसए आधारित ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई। सदर अस्पताल को लाइफ सपोर्ट सिस्टम के साथ तीन एम्बुलेंस और अभी हाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 25 एसी प्रदान की गई। सीएसआर के तहत बेगूसराय के 427 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

# राज्यपाल ने "डाक टिकटों के आइने में उत्तर प्रदेश" टिकट दीर्घा का लोकार्पण किया



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन स्थित यू0पी0 गवर्नर कैम्प उप डाकघर में डाक टिकटों के आइने में उत्तर प्रदेश की थीम पर आधारित डाक टिकट दीर्घा का लोकार्पण किया। यह दीर्घा उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति, साहित्य सहित स्वतंत्रता आंदोलन और राजनीतिक सफर को रेखांकित करती हुई निर्मित की गई है। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन पर आधारित एक विशेष पिक्टोरियल कैंसिलेशन स्टाम्प का शुभारम्भ भी किया। इसके साथ ही राज्यपाल ने राजभवन के दर्शनीय विशेष स्थलों के चित्र पोस्ट कार्डों का अनावरण भी किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने क्रम में उत्तर प्रदेश के इस ऐतिहासिक राजभवन में इस दीर्घा का निर्माण किया गया है। डाक टिकट के आईने में उत्तर प्रदेश विषयक यह डाक टिकट दीर्घा उत्तर प्रदेश की एक जीवंत झांकी प्रस्तुत करती है। डाक विभाग द्वारा केवल राजभवन के लिए ही एक यूनिक पिनकोड 226027 जारी है, यह पिनकोड किसी ऐतिहासिक भवन के लिए जारी किये जाने वाला देश का पहला पिन कोड है। इस दीर्घा में उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध और ऐतिहासिक इमारतों, शैक्षणिक संस्थाओं, उत्तर प्रदेश के राज्यपालों, उत्तर प्रदेश से देश के प्रधानमंत्रियों, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम-1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रान्तिकारी युग, स्वतंत्रता संग्राम में उत्तर प्रदेश की महिला शक्तियों, रामायण, साहित्यकारों, प्रसिद्ध शायरों, राजकीय प्रतीकों और कलाओं आदि पर सयम-समय पर जारी डाक टिकटों के संकलन को दशार्या गया है। लोकार्पण समारोह में डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्यपाल को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट से सम्बन्धित एक विशेष एल्बम भेंट की। इस एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले के प्रसिद्ध कृषि उत्पाद, हैण्डीक्राफ्ट तथा अन्य उत्पादों का विवरण दशार्या गया है। उन्होंने इस अवसर पर डाक विभाग के अधिकारियों से कहा कि मानव सभ्यता के विकास के साथ संदेश संचार के माध्यमों से लेकर अब तक क्रमिक विकास को दशार्ने वाला विवरण भी संकलित किया जाए। इस क्रम में उन्होंने प्राचीन काल में ध्वनि, वायु, पक्षियों आदि के माध्यम से संदेश प्रसार की चर्चा भी की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, विशेष सचिव राज्यपाल बी0एन0 सिंह, चीफ पोस्टमास्टर जनरल बी0 सेल्वाकुमार, पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष, डायरेक्टर पोस्टल सर्विस आनंद कुमार सिंह सहित राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा डाक विभाग के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# गुमला में जमीन विवाद में दंपति की टांगी से काटकर हत्या




**गुमला, (हि.स.)।** जिले के पालकोट स्थित बाजरा गांव में जमीन विवाद में एक दंपति की टांगी से काटकर हत्या कर दी गई है। मृत की पहचान राजू खड़िया और पत्नी आशा देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार को गर्मी के कारण पति-पत्नी घर के आंगन में सोए थे। इसी दौरान अपराधियों ने टांगी से वार कर हत्या कर फरार हो गया। घटना की जानकारी रविवार सुबह घर के लोगों को हुई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। बताया जाता है कि राजू खड़िया करीब एक सप्ताह पहले बाजरा स्थित घर पहुंचा था। वह पंजाब में रहकर काम करता था। पुलिस के अनुसार जमीन विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। बीते गुरुवार को राजू का भाई लियुस खड़िया के साथ विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया था कि लियुस खड़िया ने राजू खड़िया को टांगी लेकर दौड़ाया था। उस वक्त राजू वहां से भाग निकला था। पुलिस हर बिंदु से मामले की जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ हो रही है।

# रेल अधिकारियों ने पलामू में विशेष जांच अभियान चलाकर पकड़े 267 बेटिकट यात्री

**मेदिनीनगर, (हि.स.)।** धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में डालटनगंज रेलवे स्टेशन से रेनुकूट के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रिकॉर्ड 267 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। साथ ही अबतक का सबसे बड़ा राजस्व एक लाख 50 हजार 900 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। रेलवे के पदाधिकारी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊजार्वान साथियों के अथक प्रयास से अबतक का सबसे बड़ा टारगेट एचीव करने में सफलता हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि इसके पहले अभी तक न तो इतने बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया था और न ही इतनी बड़ी राशि की वसूली हो पाई थी। आलाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर शनिवार रात और रविवार दोपहर तक लंबी दूरी की विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई।

# मोतिहारी पुलिस ने 44.750 किलो डोडा एवं 490 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण, (हि.स.)।** जिला पुलिस टीम ने एक बड़ी कारवाई करते हुए 44.750 किलो डोडा एवं 490 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। शनिवार देर शाम इसकी जानकारी देते सदर डीएसपी एएसपी श्रीराज ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि कोटवा थाना क्षेत्र कोटवा गांव में दीप शंकर सिंह पिता उमेश सिंह अपने घर में व्यापक मात्रा में डोडा एवं अफीम रखा है। सूचना के आलोक में एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सदर डीएसपी,प्रशिक्षु डीएसपी सह कोटवा थानाध्यक्ष स्वीटी सिंह,पुअनि अनुज कुमार सिंह, पुअनि दिप्ती कुमारी,परिपुअनि सूर्यकान्त प्रसाद सअनि हरेन्द्र कुमार कोटवा थाना व रिजर्व गार्ड की एक विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दीप शंकर सिंह के घर में छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान उसके घर के कमरा से तीन बोरे में डोडा करीब 44.750 कि०ग्रा० तथा घर के बरामदा में लगे मोटरसाईकिल के डिक्की से 490 ग्राम अफीम बरामद करते हुए दीपशंकर को गिरफ्तार कर सम्यक धाराओ में अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

## संपादकीय

# प्रतिबंध लगाकर सच को नहीं दबा पाएंगे

अपने समय के गंभीर सच को सामने लाने वाली साहसिक फिल्म 'द केरल स्टोरी' को लेकर कुछ राजनीतिक दलों, उनकी सरकारों और उनके समर्थक बुद्धिजीवियों ने एक रंग देने का प्रयास किया है जबकि यह फिल्म किसी संप्रदाय के विरुद्ध नहीं है अपितु यह तो आतंकवाद के क्रूरतम चेहरे को सामने लाने का काम कर रही है। जिस संप्रदाय से इस फिल्म को जोड़कर, फिल्म को दर्शकों तक पहुँचने से रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं, यह फिल्म उस संप्रदाय के लोगों को भी सजग करने का काम करती है। ऐसे में केरल और पश्चिम बंगाल की सरकार ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाकर एक तरह से स्त्रियों पर होनेवाले अमानवीय अत्याचार, एक घिनौनी मानसिकता से किए जानेवाले कन्वर्जन और आतंकवाद का पक्ष लिया है। आखिर यह सच सामने क्यों नहीं आना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुख्यात आतंकी संगठन या अन्य गिरोह किस तरह युवतियों को निशाना बना रहे हैं, कन्वर्जन कर रहे हैं और उनका शोषण कर रहे हैं? इन राजनीतिक दलों, सरकारों एवं उनके समर्थक तथाकथित प्रगतिशील बुद्धिजीवियों का पाखंड देखिए कि यही लोग भारतीय संस्कृति को विकृत रूप में प्रस्तुत करनेवाली फिल्मों के बहिष्कार का भी विरोध करते हैं, जबकि एक दुःखद सच को सामने लानेवाली फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की वकालत कर रहे हैं। बहरहाल, फिल्म निर्माताओं ने सर्वोच्च न्यायालय में जाकर प्रतिबंध को चुनौती देकर उचित ही किया है। निःसंदेह न्यायालय सरकारों को आईना दिखाएगा। इसी फिल्म के संदर्भ में पहले भी न्यायालय ने न्यायसंगत निर्णय दिया और 'द केरल स्टोरी' के माध्यम से आनेवाले सच को समाज तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त किया। 'द केरल स्टोरी' में जिस साजिश को दिखाया गया है, उसे कोई भी खारिज नहीं कर सकता। देशभर में अनेक स्थानों पर इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं कि मुस्लिम लड़के योजनापूर्वक हिन्दुओं और गैर-मुस्लिम लड़कियों को निशाना बना रहे हैं। ये लव जिहाद नहीं तो क्या है? इस कड़वे सच से वही लोग इनकार कर सकते हैं, जिन्होंने अपनी संवेदनाओं को खत्म कर दिया है। जिनकी आँखों में शर्म नहीं बची है, वे ही लोग युवतियों के विरुद्ध चल रहे इस घिनौनी साजिश को नहीं देख पाएंगे। हम सब जानते हैं कि केरल और पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी प्रमुख वोटबैंक है। दोनों ही राज्यों की सरकारों ने 'द केरल स्टोरी' पर प्रतिबंध लगाकर तुष्टीकरण की राजनीति का ही संदेश दिया है। परंतु वह भूल गए कि ऐसा करके उन्होंने मुस्लिम संप्रदाय के प्रति और संदेह का वातावरण बनाने का काम किया है। उल्लेखनीय है कि फिल्म को दिखाया जाना है या नहीं, या किस प्रमाणपत्र के साथ फिल्म का प्रदर्शन होना चाहिए, इसके लिए केंद्रीय स्तर पर एक संस्था पूर्व से है। फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने उचित प्रक्रिया के तहत उसका परीक्षण करने के बाद बाकायदा उसे ए सर्टिफिकेट प्रदान किया है। देश में कानून का शासन है और उसका सम्मान सरकार तथा शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के साथ सभी को करना चाहिए। अफसोस की बात है कि हमारी सरकारें भी अक्सर राजनीतिक हानि-लाभ की चिंता में महत्वपूर्ण संस्थाओं के अधिकार क्षेत्रों और उनकी मान-मर्यादा का ख्याल छोड़ देती हैं। 'द केरल स्टोरी' को बैन करने का फैसला इसी श्रेणी में आता है।

सर्वोच्च न्यायालय में जाकर प्रतिबंध को चुनौती देकर उचित ही किया है। निःसंदेह न्यायालय सरकारों को आईना दिखाएगा। इसी फिल्म के संदर्भ में पहले भी न्यायालय ने न्यायसंगत निर्णय दिया और 'द केरल स्टोरी' के माध्यम से आनेवाले सच को समाज तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त किया। 'द केरल स्टोरी' में जिस साजिश को दिखाया गया है, उसे कोई भी खारिज नहीं कर सकता। देशभर में अनेक स्थानों पर इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं कि मुस्लिम लड़के योजनापूर्वक हिन्दुओं और गैर-मुस्लिम लड़कियों को निशाना बना रहे हैं। ये लव जिहाद नहीं तो क्या है? इस कड़वे सच से वही लोग इनकार कर सकते हैं, जिन्होंने अपनी संवेदनाओं को खत्म कर दिया है। जिनकी आँखों में शर्म नहीं बची है, वे ही लोग युवतियों के विरुद्ध चल रहे इस घिनौनी साजिश को नहीं देख पाएंगे। हम सब जानते हैं कि केरल और पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी प्रमुख वोटबैंक है। दोनों ही राज्यों की सरकारों ने 'द केरल स्टोरी' पर प्रतिबंध लगाकर तुष्टीकरण की राजनीति का ही संदेश दिया है। परंतु वह भूल गए कि ऐसा करके उन्होंने मुस्लिम संप्रदाय के प्रति और संदेह का वातावरण बनाने का काम किया है। दोनों ही राज्यों की सरकारों ने 'द केरल स्टोरी' पर प्रतिबंध लगाकर तुष्टीकरण की राजनीति का ही संदेश दिया है। परंतु वह भूल गए कि ऐसा करके उन्होंने मुस्लिम संप्रदाय के प्रति और संदेह का वातावरण बनाने का काम किया है।

## अमृत कलश

# सत्य सदा यहीं है

सत्य सदा यहीं है। वह है; वही है। किसी भविष्य में उसे उपलब्ध नहीं करना है। तुम यहीं और अभी सत्य हो। इसलिए सत्य कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे पैदा करना है, या जिसके लिए उपाय करना है, या जिसे खोजना है। इस बात को पूरी स्पष्टता के साथ समझ लो, और तभी इन विधियों को समझने और प्रयोग करने में आसानी होगी। मन कामना का यंत्र है। मन सदा चाह में है, सदा कुछ चाह रहा है, सदा कुछ मांग रहा है। और उसका विषय, उसका उद्देश्य सदा भविष्य में होता है। मन को वर्तमान से कुछ लेना–देना नहीं है। वर्तमान क्षण में मन गति नहीं कर सकता, इस क्षण में गति के लिए स्थान नहीं है, गति के लिए मन को भविष्य चाहिए। वह या तो अतीत में गति कर सकता है, या भविष्य में। वर्तमान में वह गतिमान नहीं हो सकता, स्थान ही नहीं है। सत्य वर्तमान में है और मन सदा भविष्य या अतीत में होता है। इसलिए मन और सत्य के बीच मिलन नहीं हो सकता। जब मन कोई सांसारिक विषय खोजता है तो कठिनाई नहीं है। तब समस्या लाइलाज नहीं है; वह हल हो सकती है, लेकिन जब वही मन सत्य को खोजने चलता है तो प्रयत्न असंगत हो जाता है। क्योंकि सत्य यहीं और अभी है। और मन सदा वहा और भविष्य में होता है। मिलन संभव नहीं है। इसलिए पहली बात समझ लो–तुम सत्य को नहीं खोज सकते। तुम उसे पा सकते हो, लेकिन खोज नहीं सकते।

## बोध कथा

# प्रतिशोध विनाशकारी

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बनने के बाद एक बार नेल्सन मंडेला अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ एक रेस्तरां में खाना खाने गये। सबने अपनी अपनी पसंद का खाना आर्डर किया और खाना आने का इंतजार करने लगे। उसी समय मंडेला की सीट के सामने वाली सीट पर एक व्यक्ति अपने खाने का इंतजार कर रहा था। मंडेला ने अपने सुरक्षा कर्मी से कहा कि उसे भी अपनी टेबल पर बुला लो। ऐसा ही हुआ। खाना आने के बाद सभी खाने लगे, वो आदमी भी अपना खाना खाने लगा, पर उसके हाथ खाते हुए कांप रहे थे। खाना खत्म कर वो आदमी सिर झुका कर रेस्तरां से बाहर निकल गया। उस आदमी के जाने के बाद मंडेला के सुरक्षा अधिकारी ने मंडेला से कहा कि वो व्यक्ति शायद बहुत बीमार था, खाते वख़्त उसके हाथ लगातार कांप रहे थे और वह ख़ुद भी कांप रहा था। मंडेला ने कहा नहीं ऐसा नहीं है। वह उस जेल का जेलर था, जिसमें मुझे कैद रखा गया था। जब कभी मुझे यातनाएं दी जाती थीं और मैं कराहते हुए पानी मांगता था तो ये मेरे ऊपर पेशाब करता था। मंडेला ने कहा ,"मैं अब राष्ट्रपति बन गया हूं, उसने समझा कि मैं भी उसके साथ शायद वैसा ही व्यवहार करूंगा। पर मेरा चरित्र ऐसा नहीं है। मुझे लगता है बदले की भावना से काम करना विनाश की ओर ले जाता है। वहीं धैर्य और सहिष्णुता की मानसिकता हमें विकास की ओर ले जाती है।

## पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं

# गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में विश्व को राह दिखाता भारत

प्रह्लाद सबनानी

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में गरीबी के अनुमान पर एक वर्किंग पेपर जारी किया है। इस वर्किंग पेपर में अलग अलग मान्यताओं के आधार पर भारत में गरीबी को लेकर अनुमान व्यक्त किए गए हैं। इस वर्किंग पेपर के अनुसार, हाल ही के समय में भारत में 1.2 करोड़ नागरिक अतिगरीबी रेखा के ऊपर आ गए हैं। वर्ष 2022 में वश्वि बैंक द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत में 22 .5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थे परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10 .2 रह गया है। वर्ष 2016 में भारत में अतिगरीब वर्ग की आबादी 12 .4 करोड़ थी जो वर्ष 2022 में घटकर 1.5 करोड़ रह गई है।

भारत में विशेष रूप से कोरोना महामारी के बीच एवं इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा गरीब वर्ग के लाभार्थ चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज की जो सुविधा प्रदान की गई है एवं इसे कोरोना महामारी के बाद भी जारी रखा गया है, इसके परिणामस्वरूप देश में गरीब वर्ग को बहुत लाभ हुआ है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में गरीबी के अनुमान पर एक वर्किंग पेपर जारी किया है। इस वर्किंग पेपर में अलग अलग मान्यताओं के आधार पर भारत में गरीबी को लेकर अनुमान व्यक्त किए गए हैं। इस वर्किंग पेपर के अनुसार, हाल ही के समय में भारत में 1.2 करोड़ नागरिक अतिगरीबी रेखा के ऊपर आ गए हैं। वर्ष 2022 में विश्व बैंक द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत में 22.5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थे परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10.2 रह गया है। वर्ष 2016 में भारत में अतिगरीब वर्ग की आबादी 12.4 करोड़ थी जो वर्ष 2022 में घटकर 1.5 करोड़ रह गई है। पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। दरअसल पिछले लगभग 9 वर्षों के दौरान भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। जिसके चलते भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है और भारत को गरीबी उन्मूलन के मामले में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। अतिगरीबी का आकलन 1.9 अमेरिकी डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन आय के आधार पर किया जाता है। इस परिभाषा के अनुसार किए गए आकलन के अनुसार अब भारत में केवल 0.9 प्रतिशत नागरिक ही इस गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक भारत में करोड़ों नागरिक अतिगरीबी में जीते थे। वैश्विक स्तर पर एक दूसरी परिभाषा के अनुसार भी गरीबी का आकलन किया जाता है। इसके अनुसार जिस नागरिक की प्रतिदिन आय 3.2 अमेरिकी डॉलर से कम है, वह व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे जीवन करने वाला नागरिक माना जाता है। इसी प्रकार, संयुक्त राष्ट्र (यूएनडीपी) द्वारा जारी किये गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार भी पिछले 15 वर्षों के दौरान भारत में गरीबी आधे से ज्यादा घटी है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक में भारत ने कई देशों को पीछे छोड़ा है। भारत सरकार ने गरीबवर्ग के नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में सफल नेतृत्व प्रदान किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जीवन स्तर जैसे



मानकों के आधार पर भारत ने अच्छा काम किया है एवं भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में लागू की गई विभिन्न योजनाओं का अच्छा असर हुआ है। भारत ने गरीबी के खिलाफ जंग में एक मिसाल पेश की है। भारत की इस सफलता पर यूएनडीपी ने भारत सरकार की जबरदस्त सराहना की है। भारत में अतिगरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले करोड़ों नागरिकों का इतने कम समय में गरीबी रेखा के ऊपर आना विश्व के अन्य देशों के लिए एक सबक है। इतने कम समय में किसी भी देश में इतनी तादाद में लोग अपनी आर्थिक स्थिति सुधार पाए हैं ऐसा कहीं नहीं हुआ है। भारत में गरीबी का जो बदलाव आया है वह धरातल पर दिखाई देता है। इससे पूरे विश्व में भारत की छवि बदल गई है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2022 प्रतिवेदन के अनुसार ग्लोबल मल्टी डाईमेंशनल पावर्टी इंडेक्स को जारी करने के पूर्व, पूरे विश्व के 111 देशों के परिवारों में सर्वे किए गए। कुल मिलाकर पूरे विश्व के 610 करोड़ नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया एवं यह पाया गया कि पूरे विश्व में 120 करोड़ नागरिक अभी भी अतिगरीबी से जूझ रहे हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी प्रतिवेदन में बताया गया है कि विश्व के विभिन्न देशों में 59 करोड़ गरीब नागरिकों को ईंधन की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। यह परिवार भोजन पकाने के लिए ईंधन एवं घरों में रोशनी के लिए बिजली की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। जबकि भारत गरीबी के ख़िलाफ़ जंग को बहुत मजबूती के साथ लड़ रहा है। भारत में 41.5 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर लाए जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इसे ऐतिहासिक बदलाव बताया है। भारत में कोरोना महामारी खंडकाल के दौरान एवं इसके बाद भी अत्यधिक गरीबी के स्तर में कोई बढ़ोत्तरी दर्ज नहीं की गई है जबकि विश्व के अन्य कई देशों में इस संदर्भ में स्थिति अभी भी दयनीय बनी हुई है। अमेरिका जैसे विकसित देश में भी होमलेस नागरिकों की संख्या 6 लाख से अधिक बताई जा रही है। भारत में 60, 70 एवं 80 के दशकों में हम लगभग समस्त नागरिक हमारे बचपन काल से ही सुनते आए हैं कि भारत एक गरीब देश है एवं भारतीय नागरिक अति गरीब हैं। हालांकि भारत का प्राचीनकाल बहुत उज्जवल रहा है, परंतु आक्रांताओं एवं ब्रिटेन ने अपने शासन काल में भारत को लूटकर एक गरीब देश बना दिया था। अब समय का चक्र पूर्णतः घूमते हुए आज के खंडकाल पर आकर खड़ा हो गया है एवं भारत पूरे विश्व को कई मामलों में अपना नेतृत्व प्रदान करता दिखाई दे रहा है। गरीबी उन्मूलन का क्षेत्र भी अब इसमें शामिल हो गया है। भारत के आर्थिक विकास के संबंच में पिछले कुछ वर्षों से लगातार बहुत अच्छी ख़बरें सुनाई दे रही हैं। सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर, भारत से उत्पादों के निर्यात में तेज होती वृद्धि दर और अभी हाल ही में अंतरराष्ट्री मुद्रा कोष द्वारा जारी एक रिपोर्ट, जिसमें बताया गया है कि भारत में गरीबी में भारी कमी दर्ज की गई है। भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी हटाओ का नारा तो बहुत लगाया गया परंतु धरातल पर गरीबी हटती हुई दिखाई नहीं दी थी। गरीबी हटाने के लिए भारत में कई योजनाएं बनी, कई कार्यदल बने एवं कई समितियां बनीं परंतु गरीबी में कोई बड़ा बदलाव दिखाई नहीं दिया। इस संदर्भ में गठित की गई कुछ महत्वपूर्ण समितियों को यहां दर्शाया जा रहा है। वर्ष 1962 में योजना आयोग कार्य समूह का गठन, वर्ष 1971 वी.एम.दांडेकर और एन.रथ समिति, वर्ष 1979 में अलघ समिति, वर्ष 1993 में लकड़ावाला समिति, वर्ष 2009 में तेंदुलकर समिति एवं वर्ष 2014 में रंगराजन समिति। इसी प्रकार तत्कालीन सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों में शामिल हैं, वर्ष 1952 में सामुदायिक विकास परियोजना, वर्ष 1953 में राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम लांच किया गया, वर्ष 1970 में सूखा क्षेत्र पीड़ित कार्यक्रम लाया गया, वर्ष 1971 में लघु कृषक विकास एजेंसी की स्थापना की गई। साथ ही, पंचवर्षीय योजनाओं के जरिए गरीबी कम करने की कोशिश की गई, चौथी पंचवर्षीय योजना में गरीबी से मुक्ति प्राप्त करने, सामाजिक समानता लाने एवं सामाजिक न्याय की स्थापना करने का प्रण लिया गया। परंतु भारत में गरीबी कम करने के संदर्भ में कुछ उत्साहजनक परिणाम दिखाई नहीं दिए थे, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2022 के बीच वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई समस्त योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की जा सकी हैं। भारत सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं का लाभ कतार में अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया गया है। इसके लिए भारत में ही निर्मित की गई तकनीकी का भी इस्तेमाल किया गया है।

# 'लव जिहाद' के घात पर योगी सरकार का कुठाराघात

राष्ट्रद्रोही और इंसानियत के वरिोधी इस 'जिहादी जहर' से उत्तर प्रदेश को बचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने साल 2020 में ही 'उत्तर प्रदेश वधि‍ि वरिुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश–2020' को लागू कर दिया था। उसका ही परिणाम है कि प्रदेश की 185 पीड़ित महिलाओं को न्यायालय के समक्ष अपने जबरन धर्म परिवर्तन करवाए जाने की बात कहने का अवसर मिल सका। वहीं नाबालिगों के कन्वर्जन के अब तक 65 मामले दर्ज किए गए हैं। दुर्भाग्य है कि ये अवसर, श्रद्धा, निकिता तोमर, नेशनल शूटर तारा सहदेव, आराधना जैसी हज़ारों लड़कियों को नहीं मिल पाया। उन्हें जिहादी जहर ने बड़ी ही बेदर्दी से लील लिया।मजहबी कट्टरता की कोख से जन्मे 'लव जिहाद' की तपिश से कराहती मानवता की दर्दनाक चीख 'द केरल स्टोरी' से यह मुद्दा पुनः वमिर्श का केंद्र बन गया है। दरअसल मतांतरण के माध्यम से राष्ट्रांतरण की कुत्सित चेष्टा आज से नहीं सदियों पुरानी है। लोभ, कपट, झूठ और भय उसके बड़े हथियार हैं। इस्लामी आंक्राताओं ने छल, बल और जबरन धर्मांतरण से भारत को दारुल इस्लाम बनाने की पूरी कोशिश की। लेकिन जबरदस्त प्रतिरोध के कारण वे अपने मंसूबों में नाकामयाब रहे।

'लव' के शर्बत में जब 'जिहाद' का जहर मिल जाए तो उसका दर्दनाक और जानलेवा हो जाना लाज़मी है। इस 'लव जिहाद' के जहर की तासीर कुछ ऐसी होती है कि बेबसी, बदनामी, घुटन, टूटन, तड़पन और आंसुओं के सैलाब में डूबती-उतराती मजबूर जिंदगी आखिरकार मौत की दहलीज़ पर दम तोड़ देती है। राष्ट्रद्रोही और इंसानियत के विरोधी इस 'जिहादी जहर' से उत्तर प्रदेश को बचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने साल 2020 में ही 'उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' को लागू कर दिया था। उसका ही परिणाम है कि प्रदेश की 185 पीड़ित महिलाओं को न्यायालय के समक्ष अपने जबरन धर्म परिवर्तन करवाए जाने की बात कहने का अवसर मिल सका। वहीं नाबालिगों के कन्वर्जन के अब तक 65 मामले दर्ज किए गए हैं। दुर्भाग्य है कि ये अवसर, श्रद्धा, निकिता तोमर, नेशनल शूटर तारा सहदेव, आराधना जैसी हज़ारों लड़कियों को नहीं मिल पाया। उन्हें जिहादी जहर ने बड़ी ही बेदर्दी से लील लिया। मजहबी कट्टरता की कोख से जन्मे 'लव जिहाद' की तपिश से कराहती मानवता की दर्दनाक चीख 'द केरल स्टोरी' से यह मुद्दा पुनः विमर्श का केंद्र बन गया है। दरअसल मतांतरण के माध्यम से राष्ट्रांतरण की कुत्सित चेष्टा आज से नहीं सदियों पुरानी है। लोभ, कपट, झूठ और भय उसके बड़े हथियार हैं। इस्लामी आंक्राताओं ने छल, बल और जबरन धर्मांतरण से भारत को दारुल इस्लाम बनाने की पूरी कोशिश की। लेकिन जबरदस्त प्रतिरोध के कारण वे अपने मंसूबों में नाकामयाब रहे। उसके बाद इसाई मिशनरियों ने भी यही कार्य किए। उद्देश्य उनका भी भारत को 'होली लैण्ड' बनाना था बस शैली इस्लामी आंक्राताओं से थोड़ी जुदा थी। देश और समाज को 'संस्कृति परिवर्तन' के माध्यम से अस्थिर करने की कोशिशें आज भी जारी हैं। हम देख सकते हैं कि रणबांकुरे, योद्धा जनजातियों की भूमि नार्थ ईस्ट आज 'क्रिस्तान' बन अलगाव की आग में तप रही है तो दुनिया को इस्लामिक आग को शोलों में जला रहा 'जिहाद' का मायावी मारीच 'लव जिहाद' का रूप धर देश की बेटियों की जिंदगी को बर्बाद कर रहा है। जबरन धर्मांतरण का सबसे घृणित, अमानवीय और स्त्री विरोधी स्वरूप है 'लव जिहाद'। अफसोस है कि अब इस वीभत्स कार्य में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी शामिल हैं। सार्वजनिक स्थल से लेकर वर्चुअल दुनिया तक पूर्ण नियोजन के साथ शिकार की तलाश होती है। कभी शकील 'शिवम' बनकर आता है तो कभी साहिल 'सेकुलर' चोले में। केरल से कश्मीर तक और कामरूप से कन्याकुमारी तक यही स्थिति है। आजाद भारत में यह आग दिन पर दिन फैल ही रही थी कि 'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' के माध्यम से अनुचित तरीकों से 'धर्म परिवर्तन' द्वारा देश और समाज को अस्थिर करने की कुचेष्टाओं को संचालित करने वाले तंत्र पर योगी सरकार ने 'विधिक सर्जिकल स्ट्राइक' कर सबको अंचभित कर दिया। इससे प्रेरित होकर अनेक राज्यों ने अपने यहां अवैधानिक धर्मांतरण कानून को लागू किया। यह कानून, धर्म की आड़ में षड़यंत्र करने वालों के मंसूबों को परिणामदायक प्रहार है। अब मिथ्या निरूपण, बल, असम्यक प्रभाव, प्रलोभन या कपट पूर्ण माध्यम द्वारा धर्मपरिवर्तन का कृत्य संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध है। धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से ही विवाह किया गया था, यह प्रमाणित होने पर विवाह को शून्य मान लिया जाएगा। सबसे अच्छी बात तो यह है कि 'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' पूर्णतः सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होता है, जिसके कारण भारत का पंथनिरपेक्ष स्वरूप और मजबूत होता है। यह कानून मौजूदा हालातों की जरूरत है। गौरतलब है कि लव जिहाद या रोमियो जिहाद की अवधारणा भारत में साल 2009 में पहली बार केरल और उसके बाद कर्नाटक के कैथोलिक ईसाइयों के शोर के बाद राष्ट्रीय ध्यानाकर्षण का सबब बनी थी। उनका दावा था कि लगभग 4000 बेटियों को प्रलोभन देकर या डरा कर मुसलमान बना लिया गया है। कुछ मामले उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में भी चले थे। केरल उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के.टी. शंकरन ने जबरदस्ती धर्मांतरण की बात को स्वीकार भी किया था। सरकारी जांच एजेन्सियों ने अपनी विवेचना में यह पाया था कि कुछ इस्लामी संगठन बाकायदा धर्म-परिवर्तन (तगय्युर) की मुहिम चलाए हुए हैं। इस मुहिम को एक आंदोलन का रूप देने की कोशिश लगातार की जा रही है। विदित हो कि राम और कृष्ण की पावन धरा पर न तो कभी प्रेम वर्जित था न ही प्रेम विवाह। लेकिन प्रेम की आड़ में धर्म परिवर्तन के षड़यंत्र को भला कैसे स्वीकार किया जा सकता है? 'रहमान' के 'रमेश' बनकर प्रेम जाल बुनने की घटनाएं तो जब-तब अखबार की सुर्खियां बनती ही रहती हैं। यह एक वृहद सुनियोजित संगठनात्मक षड़यंत्र का हिस्सा है। दरअसल मुस्लिम शादियां शरीयत के अनुसार होती हैं, जिनमें वर और कन्या दोनों का मुस्लिम होना अनिवार्य होता है, अतः शादी के समय धर्मांतरण स्वाभाविक रूप से हो जाता है। लेकिन यदि शादी के लिए मजहब बदलना पड़े तो फिर उसे अंतरधार्मिक विवाह कैसे कहा जा सकता है? इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि 'शादी-ब्याह के लिए धर्म-परिवर्तन आवश्यक नहीं है। यह वैध नहीं है।' कुछ ऐसे ही विचार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी थे, जब इंदिरा गांधी की शादी फिरोज गांधी से हो रही थी, तब उन्होंने कहा था कि शादी के लिए धर्म परिवर्तन की जरूरत नहीं है। पीड़ा यहीं से शुरू होती है। जब तक पीड़ति को मालूम होता है कि उसके साथ सुनियोजित छल हुआ है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अब धर्मांतरण ही एक मात्र विकल्प होता है। उसके बाद भी अपमान, प्रताड़ना और पश्चाताप के अंतहीन अंधेरे पीछा नहीं छोड़ते। यदि पीड़ति ने धर्मांतरण से इंकार कर दिया तो बेरहम कत्ल तोहफे में मिलता है। सारी समस्या, अपने मजहब को सर्वोत्तम मानने के साथ ही उसे दूसरों को भी मनवाने की जिद और जद्दोजहद से शुरू होती है। सुन्नत और फर्ज जैसे लफ्जों के 'दीनी वर्क' में लिपटे होने के कारण जबरन धर्मांतरण के लिए अमानवीयता की हदें लांघने में भी गुरेज नहीं किया जाता है। खैर, यूपी में योगी सरकार की सक्रियता और गंभीरता के कारण इस पर काफी हद तक लगाम लगी है। विदित हो कि 'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' के अंतर्गत दिनांक 27-11-2020 से 30-04-2023 तक कुल 433 पंजीकृत अभियोगों में 1229 लोग नामजद हुए, 855 लोग गिरफ्तार हुए और 339 मामलों में आरोप पत्र भी दाखिल हो गए हैं।

## नागरिक बोध

# कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति अपने करणीय कर्म के प्रति सदैव समर्पित

कर्तव्य का पालन अगर समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्तव्यनिष्ठ है,वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है।जो समर्पित है। उसमें किसी भी तरह की अपेक्षा अथवा प्रदर्शन आदि को अवकाश नही रहता ।वह परमार्थ पोषक एवम प्रामाणिक होता है। कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति की कथनी करनी में किसी भी प्रकार का अंतर नही रह जाता। वह जैसा कहता है,वैसा ही करता भी है।ऐसी कथनी करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है। कर्तव्य परिपालन की बात करना और कर्तव्य परिपालन के नाम पर शोर शराबा अलग बात है और कर्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। कर्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे छोड़े उपदेश दिए जाते है। पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दाये बाये देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों है।पर कर्तव्यों के पालन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही है।आज व्यक्ति कर्तव्यों से विमुख हो गया है।इसी विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है।कर्तव्यों के पालन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नही कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्तव्य पालन में ही है।कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है,वह कांटो में भी मुस्कराता है। वह व्यक्ति पर निर्भर है कि वह उसको पुष्पमाला के रूप में गले मे डाले अथवा निर्ममतापूर्वक मसल दे।लेकिन गुलाब की मुस्कराहट और उसकी सुवास में कोई अंतर नही आता। स्वयं से सुवासित रहकर अपने निकट के वातावरण को सुवासित करते रहना उसका कर्तव्य है और अपने इस कर्तव्य को वह अंत तक बखूबी निभाता है। कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति का हृदय कुसुम सा कोमल एवं वज्र सा कठोर होता है। भारतीय पौराणिक युग के चमकते हुए पात्र,कर्तव्य की सजीव मूर्ति हरिश्चंद्र के नाम से हम भलीभांति परिचित है सत्यनिष्ठ जीवन जीने वाले हरिश्चंद्र से हंसते हंसते अपने विशाल सामाज्य का त्याग कर दिया था इतना ही नही तारा को बेच दिया स्वयं बिक गए,पुत्र रोहित को जब तारा अग्नि संस्कार के लिए मरघट में लेकर आई उस समय का दृश्य सचमुच अत्यंत करुणा से परिपूर्ण बन गया था मर्यादा पुरुषोत्तम राम के द्वारा जटायु की परिचर्या ,घायल हंस की बुद्ध के द्वारा सेवा,कबूतर को बचाने के लिए मेघरथ द्वारा स्वयं की प्रस्तुति,चींटियों की रक्षा के लिए धर्मरूचि द्वारा अपने प्राणों का उत्सर्ग कर्तव्य का परिपालन नही है तो और क्या है? शताब्दिया बीत जाने के बाद भी आज हम कर्तव्यनिष्ठ जनो का आदर पूर्वक स्मरण करते है और उनकी प्रेरणाओं का प्रकाश ग्रहण करते है।

## देश दुनीया से

# क्या कांग्रेस को भारी पड़ेगी यह गलती?

कुछ समय पहले तक कर्नाटक विधानसभा चुनाव के ज्यादातर सर्वेक्षण बता रहे थे कि बीजेपी के मुकाबले कांग्रेस को बढ़त मिली हुई है। लेकिन चुनाव प्रचार में बजरंगबली के प्रवेश ने सर्वेक्षण करने वालों और विश्लेषकों को नए सिरे से चुनावी माहौल का आकलन करने को विवश कर दिया है। कांग्रेस की बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के साथ ऐसा लग रहा है जैसे पूरा चुनाव इसी पर केंद्रित हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभाओं में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने श्रीराम को ताले में जकड़ा और अब बजरंगबली को बंद करने की बात कर रही है। हर सभा में जय बजरंगबली का नारा गूंज रहा है और प्रदेश में हनुमान चालीसा से लेकर हनुमान मंदिरों में पूजा-पाठ व अन्य कार्यक्रम होने लगे हैं। यह सब अस्वाभाविक नहीं है। कांग्रेस के कुछ नेता बीजेपी पर चुनाव के हिंदूकरण का भले आरोप लगाएं, यह अवसर उन्होंने स्वयं अपनी नासमझी से दिया है। क्या घोषणापत्र में बजरंग दल को प्रतिबंधित करने का मुद्दा डालने वाले मान रहे थे कि बीजेपी इसे यूं ही जाने देगी? अगर हां तो कहना पड़ेगा कि दुर्दशा के बावजूद कांग्रेस ने न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीति में आने के बाद देश के बदले मानस और माहौल को समझा, न अपनी गलतियों से सीख ली। किसी के मन में कांग्रेस की दशा को लेकर संदेह हो तो वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली और प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बयान और गतिविधियों पर एक नजर डालना काफी होगा। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर कर्नाटक के वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष तक को पता नहीं कि उनके घोषणापत्र में यह विषय है तो कांग्रेस के रणनीतिकार हैं कौन लोग? हालांकि, इस घोषणा में आश्चर्य की कोई बात नहीं। सोनिया गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने के बाद से ही वे शक्तियां उनके इर्द-गिर्द एकत्रित होने लगीं थीं, जिनकी विचारधारा में संघ और बीजेपी को हर हाल में खत्म करने के साथ अपने किस्म का लेफ्ट लिबरल सेकुलर नीतियों का परिवेश कायम करना था। ऐसे लोग यूपीए शासनकाल में उनकी सलाहकार परिषद में थे। और जो सोनिया गांधी के पास नहीं पहुंच सके, उन्होंने राहुल गांधी के इर्द-गिर्द स्थान बनाया। इसके कुछ परिणाम साफ दिखाई दिए। इनका ही प्रभाव राहुल गांधी के बयानों में दिखता है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान संघ के पुराने निकर वाले गणवेश को जलते हुए दिखाना या वीर सावरकर के विरुद्ध अपमानजनक भाषा का प्रयोग इसी सोच का प्रमाण है। पिछले लोकसभा चुनाव के लिए जारी घोषणापत्र में देशद्रोह कानून खत्म करने से लेकर अफस्पा हटाने तक के वायदों के बाद कांग्रेस की विचारधारा को लेकर कोई संदेह नहीं रहना चाहिए। बेशक सारे कांग्रेसी इससे सहमत नहीं हो सकते। लेकिन जिनके हाथों में नेतृत्व है पार्टी की नीतियां उन्हीं के द्वारा निर्धारित होंगी और हो रही हैं। बार-बार कांग्रेस नेताओं द्वारा नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अपमानजनक शब्दों का प्रयोग या संघ और हिंदुत्व विचारधारा के सम्माननीय व्यक्तित्वों के विरुद्ध बयान नेतृत्व को खुश करने के लिए ही दिए जाते हैं। बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात भी इसी सोच का विस्तार है। 2014 तक इस सोच और व्यवहार के विरुद्ध जनता की प्रतिक्रियाओं ने ऐसा वातावरण बनाया, जिसमें नरेंद्र मोदी बड़े समूह की उम्मीद बनकर सामने आए और बीजेपी ने लोकसभा में बहुमत प्राप्त किया। देश का मानस बदल रहा था और कांग्रेस का व्यवहार इसके विरुद्ध था। नरेंद्र मोदी का इतना लोकप्रिय और प्रभावी होना भारतीय राजनीति में पैराडाइम शिफ्ट का परिचायक था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभाओं में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने श्रीराम को ताले में जकड़ा और अब बजरंगबली को बंद करने की बात कर रही है। हर सभा में जय बजरंगबली का नारा गूंज रहा है और प्रदेश में हनुमान चालीसा से लेकर हनुमान मंदिरों में पूजा–पाठ व अन्य कार्यक्रम होने लगे हैं। यह सब अस्वाभावकि नहीं है। कांग्रेस के कुछ नेता बीजेपी पर चुनाव के हिंदूकरण का भले आरोप लगाएं, यह अवसर उन्होंने स्वयं अपनी नासमझी से दिया है। क्या घोषणापत्र में बजरंग दल को प्रतिबंधित करने का मुद्दा डालने वाले मान रहे थे कि बीजेपी इसे यूं ही जाने देगी? अगर हां तो कहना पड़ेगा कि दुर्दशा के बावजूद कांग्रेस ने न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीति में आने के बाद देश के बदले मानस और माहौल को समझा, न अपनी गलतियों से सीख ली।



# इजराइल-फिलिस्तीन के बीच मिस्त्र ने कराया सीजफायर : अमेरिका और यूएन ने कहा- थैंक्यू; गाजा से अब भी हजारों इजराइलियों को निकाला जा रहा

**जेरूसलम।**
इजराइल और फिलिस्तीन के इस्लामिक जिहाद संगठन के बीच मिस्त्र ने सीजफायर कराया है। हफ्ते भर तक चली हिंसा में फिलिस्तीन के 33 लोगों की जान चली गई थी, जिसमें 12 आम नागरिक भी शामिल थे। इस सीजफायर को लेकर अमेरिका और यूएन ने मिस्त्र को धन्यवाद दिया। इजराइल के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर जाकी हनेगबी ने कहा कि मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी के प्रयास अहम रहे हैं। सीजफायर में सिर्फ मिस्त्र नहीं बल्कि अमेरिका के अधिकारियों ने भी अहम भूमिका निभाई। वहीं, इजराइल सीजफायर के बावजूद गाजा के पास के इलाकों से इजराइलियों को निकाल रहा है। उन्हें होटल, हॉस्टल और गेस्ट हाउस में रखा जा रहा है। डिफेंस मिनिस्टर योआव गैलांट ने बताया कि ये काम एक ऑपरेशन के तहत किया जा रहा है। जिसे गस्ट ऑफ विंड नाम दिया गया है। पिछले एक हफ्ते में इस्लामिक जिहाद संगठन ने इजराइल पर हजार से ज्यादा रॉकेट दागे हैं। इसके चलते कई इजारलियों को बंकरों में पनाह लेनी पड़ी थी। मिस्त्र के टीवी चैनल अल-कहेरा ने जानकारी देते हुए बताया कि सीजफायर रात 10 बजे से लागू हुआ।

**जब तक इजराइल हमला नहीं करेगा हम भी शांत रहेंगे** - सीजफायर को लेकर फिलिस्तीन के इस्लामिक जिहाद संगठन ने कहा कि हम इस सीजफायर का पालन करने की घोषणा करते हैं। इसे तब तक मानेंगे जब तक इजराइल हमला नहीं करता है। इजराइल ने अटैक किया तो हम भी शांत नहीं रहेंगे। इजराइल की मिलिट्री ने अलजजीरा को बताया की वो सीजफायर का आंकलन कर रहे हैं। इसमें प्रधानमंत्री नेतन्याहू और डिफेंस मिनिस्टर योआव गैलांट भी शामिल होंगे। इस दौरान मिलिट्री के इंटेलिजेंस अधिकारी दोनों को सिचुएशन की पूरी जानकारी देंगे।

**इजराइल की एयर रेड से शुरू हुई हिंसा** - इजराइल की एयर रेड में इस्लामिक जिहाद के 3 टॉप कमांडर मारे गए थे। इसके बाद बदले की कार्रवाई में फिलिस्तीन की तरफ से लगातार रॉकेट दागे गए थे। इसमें इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के अलावा आम लोगों की भी जान गई थी। कई घर भी तबाह हुए थे। वहीं, इस्लामिक जिहाद के फायर किए गए रॉकेट में एक 80 साल की इजराइली महिला की भी मौत हो गई। हमले के दौरान महिला अपने विकलांग पति की मदद कर रही थी। फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद संगठन को 1981 में बनाया गया था। इसकी शुरुआत मिस्त्र में पढ़ने वाले फिलिस्तीनी लड़कों ने की थी।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व राष्ट्रपति भंडारी ने भारतीय क्षेत्र कालापानी, लिपुलेख, लिम्पियाधुरा को बताया नेपाल का अभिन्न अंग

**काठमांडो** । कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नेपाल के अभिन्न अंग हैं और इसे लेकर नेपाल के



भारत के साथ सीमा विवादों को कूटनीतिक तरीके से सुलझाया जाना चाहिए। नेपाल ने नए नक्शे में इन तीनों स्थानों के अविभाज्य क्षेत्रों के रूप में शामिल किया है। यह बात नेपाल की पूर्व राष्टपति बिद्या देवी भंडारी ने लेखक अच्युत गौतम और सुरेंद्र केसी की पुस्तक नेपाली टेरिटरी लिम्पियाधुरा के विमोचन पर कही। भंडारी ने इस साल मार्च में पद छोड़ दिया था। उन्होंने कहा, नेपाल के राष्टीय हितों और सुरक्षा के लिए मैत्रीपूर्ण देशों से विनिमय की अपेक्षा स्वाभाविक है। नेपाल समय-समय पर इन तीनों क्षेत्रों को अपने हिमालयी क्षेत्र का हिस्सा बताकर ये मामला उठाता रहा है। इसके पहले काठमांडो में भारतीय दूतावास ने कहा था कि नेपाल के साथ सीमा मुद्दे पर भारत की स्थिति सर्वविदित, सुसंगत और स्पष्ट है। इसकी सूचना नेपाल सरकार को दे दी गई है। क्या है लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी विवाद नेपाल भारत की तीन दिशा पूरब, पश्चिम और दक्षिण से घिरा हुआ है। नेपाल कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को अपना हिस्सा बताता है। नेपाल कहता है कि भारत ने जबरन कब्जा किया है। लिपुलेख दर्रा कालापानी के पास एक सुदूर पश्चिमी बिंदु पर स्थित है। यह नेपाल और भारत के बीच एक विवादित सीमा क्षेत्र है। भारत और नेपाल दोनों कालापानी को अपने क्षेत्र के अभिन्न अंग के रूप में दावा करते हैं। भारत उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के हिस्से के रूप में और नेपाल धारचूला जिले के हिस्से के रूप में इस पर दावा करता है।

### आतंकियों से बात कैसे कर सकते हैं, इमरान खान समर्थकों की हिंसा पर भड़के बिलावल भुट्टो



**इस्लामाबाद** । पीटीआई चीफ इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने जो हिंसा का तांडव किया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा है कि इन राजनीतिक आतंकियों से कैसे बात की जा सकती है भुट्टो ने कहा कि हम हमेशा बातचीत करने के समर्थक रहे हैं और हम अपने सहयोगियों को भी इसके लिए राजी कर सकते हैं लेकिन इन आतंकियों के साथ कैसे बातचीत कर सकते हैं हम सिर्फ उन्हीं के साथ बातचीत कर सकते हैं जो आतंकवाद की निंदा करें और अपने आप को इन राजनीतिक आतंकियों से अलग करें। भुट्टो ने न्यायपालिका की भी आलोचना की और कहा कि देश में न्यायपालिका जरूरत से ज्यादा राजनीतिक हो गई है। एक जनसभा के दौरान पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो ने कहा कि जब हम देश में लोकतंत्र लागू लाते हैं तो न्यायपालिका जरूरत से ज्यादा राजनीतिक हो जाती है। वहीं जब देश में तानाशाही रहती है तो न्यायपालिका शांत रहती है। अब एक बार फिर न्यायपालिका जरूरत से ज्यादा राजनीतिक हो रही है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को उनके खिलाफ चल रहे कई मामलों में जमानत दे दी है। यही वजह है कि भुट्टो ने न्यायपालिका को निशाने पर लिया।

### प्राचीन इन्सानों के दांत के बैक्टीरिया से बनेगी दवा, पुरानी बीमारियों का होगा इलाज

**वाशिंगटन** । बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए वैज्ञानिक अब प्राचीन इन्सानों के दांतों में मिले बैक्टीरिया का इस्तेमाल करके एंटीबायोटिक दवा बनाने जा रहे हैं। इसके लिए वो प्राचीन निएंडरथल मानवों के दांत से बैक्टीरिया निकालेंगे। ये बैक्टीरिया उस समय के इन्सानों के दांत में बने गड्ढे में छिपे थे। इस एंटीबायोटिक से कई पुरानी और नई बीमारियों से इन्सानों को बचा सकता है। वैज्ञानिक निएंडरथल मानव के दांत में छिपे बैक्टीरिया की मदद से एंटीबायोटिक बनाने जा रहे हैं। साइंस जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ये बैक्टीरिया दांत में बने गड्ढों में छिपे हैं। सूक्ष्म जीव हमारे ओरल माइक्रोबायोम के अलग-अलग प्रकार का बड़ा हिस्सा होते हैं। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की बायोमॉलीक्यूलर आर्कियोलॉजिस्ट क्रिस्टीना वैरिनर ने कहा, आज के दौर में इन्सानों के मुंह में मिलने वाले बैक्टीरिया की प्राचीन दुनिया से एकदम अलग है। इसलिए प्राचीन बैक्टीरिया की मदद से बनने वाले एंटीबायोटिक से हम इन्सानों को कई तरह की बीमारियों से बचा सकते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, शरीर में दांत ऐसी चीज है जो लंबे समय तक ठीक स्थिति में रहती है। यहीं पर डीएनए की सबसे ज्यादा मात्रा पाई जाती है। दांत के बेहद छोटे हिस्से से भी क्रिस्टीना करोड़ों डीएनए निकाल सकती हैं। ये डीएनए अलग-अलग प्रजातियों के सूक्ष्म जीवों के हो सकते हैं।

## तुर्किये में भूकंप के 3 महीने बाद चुनाव

# कश्मीर पर पाकिस्तान का साथ देते रहे हैं राष्ट्रपति एर्दोगन ; अब 'गांधी कमाल' सबसे बड़ी चुनौती



**इस्तांबुल।**
तुर्किये में राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव हैं। 20 साल से सत्ता पर काबिज राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के लिए ये इलेक्शन्स बेहद अहम हैं। दरअसल, 6 फरवरी को आए भूकंप में तुर्किये के 50 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। राष्ट्रपति एर्दोगन और उनकी पार्टी की इस बात के लिए काफी आलोचना हुई थी कि उन्होंने भूकंप के बाद मदद पहुंचाने में सुस्ती दिखाई। इसके साथ ही उनकी सरकार सालों तक कंस्ट्रक्शन की सही व्यवस्था को लागू करने में भी विफल रही। एर्दोगन हमेशा से कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का साथ देते रहे हैं। इसके बावजूद भूकंप के बाद भारत ने तुर्किये को काफी मदद पहुंचाई थी। एर्दोगन ने कई बार कहा है कि कश्मीर समस्या का समाधान यूएन के प्रस्तावों के तहत होना चाहिए। हालांकि पिछले साल एर्दोगन ने यूएन में निष्पक्ष रवैया अपनाया था। उन्होंने कहा था- 75 साल पहले भारत और पाकिस्तान आजाद हुए, लेकिन दोनों मुल्कों के बीच शांति और एकता स्थापित नहीं हो पाई। हम उम्मीद करते हैं कि जल्दी ही कश्मीर में उचित और स्थायी शांति स्थापित होगी।

तुर्किये में 6 फरवरी को आए भूकंप में कई शहर और इमारतें तबाह हो गई थीं। विश्व बैंक के मुताबिक भूकंप के चलते तुर्किए को 34 अरब डॉलर यानी करीब 2 लाख 81 हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। इसके अलावा यहां 10 लाख से ज्यादा लोग बेघर हो गए थे।

**कौन हैं राष्टपति रेसेप तैयप एर्दोगन** - रेसेप तैयप एर्दोगन जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी के नेता हैं। उनकी उम्र 69 साल है। वो दक्षिणपंथी विचारधारा के समर्थक हैं। उनकी पार्टी की राजनीति इस्लाम की तरफ झुकी है, लेकिन उन्होंने राष्ट्रवादी विचारधारा वाली नेशनलिस्ट मूवमेंट पार्टी के साथ गठबंधन किया है।

तुर्किये की सत्ता 2003 से एर्दोगन के पास है। वो 2014 तक प्रधानमंत्री रहे। फिर वो तुर्किये के पहले ऐसे राष्ट्रपति बने जिन्हें वोटिंग के जरिए चुना गया। इसके बाद उन्होंने एक रेफरेंडम में भी जीत हासिल की जिसके तहत देश की पूरी पावर राष्ट्रपति के हाथों में आ गई। एर्दोगन तुर्किये के पहले ऐसे नेता हैं जो 20 साल से सत्ता पर काबिज हैं।

एर्दोगन ने 1976 में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। देश के पूर्व प्रधानमंत्री नेमेटिन एरबाकन को उनका गुरु कहा जाता है। 1994 में एर्दोगन इस्तांबुल के मेयर के तौर पर चुने गए। 1998 में उन्होंने ईरान और अजरबैजान से जुड़ी एक विवादित कविता कही, जिसके बाद उन्हें चार महीने के लिए जेल जाना पड़ा।

1999 में वो जेल से बाहर आए और 2001 में उन्होंने जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी का गठन किया। इस दौरान उन पर पॉलिटिकल बैन भी लगा रहा। पार्टी बनाने के 15 महीनों बाद ही 2002 में एर्दोगन तुर्किये में आम चुनाव जीत गए। हालांकि अगले साल मार्च में बैन हटने के बाद ही वो प्रधानमंत्री बन पाए।

**एर्दोगन को चुनौती दे रहे हैं तुर्किये के 'गांधी'** - तुर्किये के 6 विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति और संसदीय चुनावों के लिए एकजुट होकर विपक्षी नेता कमाल केलिकदारोग्लू को अपने गठबंधन का उम्मीदवार चुना है। इस गठबंधन को टेबल ऑफ सिक्स नाम दिया गया है। कमाल मुख्य विपक्षी दल रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी के नेता हैं। उनकी पहचान 'तुर्किये के गांधी' के तौर पर बन चुकी है। स्थानीय मीडिया उन्हें 'गांधी कमाल' कहता है। वह महात्मा गांधी की तरह ही चश्मा पहनते हैं और उन्हीं की तरह राजनीतिक शैली भी विनम्र है। कमाल 2002 में से जुड़े थे। यह देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल है। इसकी स्थापना आधुनिक तुर्किये के संस्थापक मुस्तफा कमाल अतातुर्क ने की थी। 2010 में एक वीडियो लीक मामले के बाद बायकल ने इस्तीफा दे दिया। तब कमाल को पार्टी की कमान सौंपी गई। नागरिक अधिकार, सामाजिक न्याय और लोकतंत्र के लिए तो वे लड़ ही रहे थे, 2011 में एर्दोगन के पीएम बनने के बाद कमाल ने अभियान और तेज कर दिया। कमाल पर कई बार जानलेवा हमले भी हो चुके हैं। 2016 में उनके काफिले पर मिसाइल से और 2017 में आईएस ने बम से हमला किया था। 2019 में भी उन्हें मारने की कोशिश की गई थी।

# अमेरिकी सीनेट ने गीता राव गुप्ता की नियुक्ति पर लगाई मुहर, डीयू से रहा है नाता



**वाशिंगटन ।**
मंत्रालय ने ट्वीट किया कि वह अमेरिकी विदेश नीति के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने के गुप्ता के प्रयासों से काफी प्रभावित है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी सीनेट में हुए मतदान में 51-47 मतों से गुप्ता के नाम की पुष्टि की गई।

गुप्ता के अनुसार, दुनिया भर में ऐसी कई असमानताएं और तिरस्कार हैं, जिन्हें महिलाएं झेल रही हैं और ये उन्हें अर्थव्यवस्था में पूरी तरह भागीदार बनने से रोकती हैं। उन्होंने पिछले साल कहा था कि वे अपनी सुरक्षा से संबंधित खतरों का सामना कर रही हैं। उन्हें रोजाना हिंसा का डर भी सताता है, और इससे वे अस्थिर होती हैं। गीता गुप्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लैंगिक समानता और महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले नेता के रूप में जाना जाता है और अमेरिकी विदेश विभाग ने उनकी नियुक्ति का स्वागत किया है। विदेश विभाग ने ट्वीट किया कि अमेरिकी विदेश नीति के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के लिए तत्पर है। गुप्ता ने विभिन्न संयुक्त राष्ट्र (यूएन) एजेंसियों और कार्यक्रमों के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने यूएन फाउंडेशन के लड़कियों और महिलाओं के लिए 3डी कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया। वह महिलाओं और एड्स पर यूएनएड्स ग्लोबल गठबंधन की सलाह भी देती हैं और इंटरएक्शन और मोरिया फंड के बोर्ड में हैं। उन्होंने शिक्षा और लैंगिक समानता पर संयुक्त राष्ट्र मिलेनियम प्रोजेक्ट टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष का पद भी संभाला। यूएन फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीटर येओ ने कहा कि गुप्ता की नियुक्ति ऐसे समय में लैंगिक समानता के लिए अमेरिकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है जब दुनिया भर में महिलाओं के बुनियादी मानवाधिकार और कल्याण खतरे में हैं। यूएन फाउंडेशन की लड़कियों और महिलाओं की रणनीति के उपाध्यक्ष मिशेल मिलफोर्ड मोर्स ने कहा कि डॉ गुप्ता वैश्विक महिला मुद्दों के कार्यालय के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में व्यापक अनुभव के साथ एक अत्यधिक प्रशंसित नेता हैं।

# रूस के 4 मिलिट्री एयरक्राफ्ट्स पर अटैक: यूक्रेन बॉर्डर के पास मार गिराए गए सुखोई फाइटर जेट्स, यूक्रेन बोला- ये कर्मों का नतीजा

**मॉस्को/कीव।**
रूस के दो जेट्स और 2 हेलिकॉप्टर को यूक्रेन के बॉर्डर के पास मार गिराया गया है। इनमें एसयू -34 फाइटर बॉम्बर, एसयू -35 फाइटर जेट और 2 एमआई-8 हेलिकॉप्टर शामिल हैं। ये अटैक यूक्रेनी बॉर्डर से सटे ब्रांस्क क्षेत्र में हुआ। चारों एयरक्राफ्ट्स को एक साथ निशाना बनाया गया। हालांकि, यूक्रेन ने इस अटैक की जिम्मेदारी नहीं ली है। चारों एयरक्राफ्ट्स एक रेडिंग पार्टी का हिस्सा थे और यूक्रेन के चेर्निहाइव क्षेत्र में मिसाइल और बॉम्ब अटैक के लिए जा रहे थे। इस अटैक में 4 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। एक आपातकालीन सेवा के अधिकारी के हवाले से कहा- एक रूसी हेलिकॉप्टर के इंजन में आग लगने के कारण यह ब्रांस्क क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, इसमें अटैक या सुखोई फाइटर जेट का कोई जिक्र नहीं किया गया।



### रूसी मीडिया पर अटैक का वीडियो वायरल

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के सीनियर एडवाइजर मिखाइलो पोडोलिक ने कहा- रूसी मिसाइल यूक्रेन पर अटैक के लिए आ रही थी। लेकिन तभी कुछ लोगों ने उसे मार गिराया। ये कर्मों का फल है। एक और अपराध होने से पहले हत्यारे एयरक्राफ्ट मार गिराए गए। रूस के एक टेलिग्राम चैनल पर एयरक्राफ्ट को मार गिराने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें आसमान में उड़ रहे एक एयरक्राफ्ट में पहले ब्लास्ट होता है और फिर आग लग जाती है। दूसरी तरफ, रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि यूक्रेनी एयरक्राफ्ट ने रूस के लुहांस्क में 2 इंडस्ट्रियल साइट्स को निशाना बनाया। यूक्रेन ने इस हमले में ब्रिटेन की लंबी दूरी वाली क्रूज मिसाइल का इस्तेमाल किया।

# ब्लैक लाइव्स मैटर, जॉर्ज फ्लॉयड से जुड़े अंश मिटाए : फ्लोरिडा में नस्लीय और सामाजिक न्याय के मुद्दों से जुड़ी किताबें हटाने का आदेश

**फ्लोरिडा ।**
अमेरिका के फ्लोरिडा में सामाजिक अध्ययन की कई पाठ्यपुस्तक रिजेक्ट कर दी गई और कई संपादित की गई हैं। राज्य के शिक्षा विभाग ने हाल में ऐसी स्कूल बुक्स को हटाने की घोषणा की, जो नस्लीय व सामाजिक न्याय के मुद्दों से संबंधित हैं। रिपब्लिकन गवर्नर रॉन डीसांटिस ने इसके लिए जागृत स्वदेशीकरण अभियान चलाया। संशोधन के बाद प्राथमिक विद्यालय की पाठ्यपुस्तक में राष्ट्रीय गान के बारे में बात करने को लेकर अब होम सपोर्ट गाइडेंस शामिल नहीं है। इसमें सलाह शामिल थी कि माता-पिता इसे बात करने के अवसर के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं कि क्यों कुछ नागरिक पुलिस की बर्बरता और नस्लवाद के विरोध के लिए घुटने टेक रहे हैं।



**ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित किताबें ज्यादा जरूरी** - अधिकारियों ने कहा कि ये सामग्री आयु-उपयुक्त नहीं थी। विभिन्न प्रकार की अर्थव्यवस्थाओं पर एक अध्याय संपादित किया गया, ताकि समाजवाद का विवरण अच्छा और समान रखा जा सके और अधिक समानता को बढ़ावा मिले। माध्यमिक विद्यालय की पुस्तक में अब ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन, जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या और समाज पर इसके प्रभाव पर एक अंश हटाया है। राज्य ने कहा कि इस अंश में अवांछित विषय शामिल थे। फ्लोरिडा के शिक्षा आयुक्त मैनी डियाज जूनियर ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों को ऐतिहासिक तथ्यों पर ध्यान देना चाहिए और गलतियों या वैचारिक बयानबाजी से दूर होना चाहिए।

**संपादन के बाद 101 बुक्स में से 35 बुक्स रिजेक्ट** - 101 पुस्तकों में से 82 रिजेक्ट कर दी गईं। गलत सामग्री, त्रुटियों और अन्य सूचनाओं पर विचार करने के बाद राज्य ने प्रकाशकों के साथ संपादन पर काम किया, जिसके बाद 66 पाठ्यपुस्तकों को मंजूरी दे दी गई, फिर भी 35 पाठ्यपुस्तकों को रिजेक्ट कर दिया गया। 46 वर्षीय अश्वेत नागरिक जॉर्ज फ्लॉयड को 25 मई, 2020 को अमेरिका के मिनियापोलिस में एक दुकान के नकली बिल का इस्तेमाल करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

## अमेरिका सिंतबर तक नष्ट कर देगा अपने केमिकल हथियार

# रूस के दबाव में राष्ट्रपति बाइडेन ने की घोषणा, चीन के पास जापान के रासायनिक हथियार

**वॉशिंगटन।**
अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घोषणा की है कि वो सितंबर 2023 तक अपने सारे केमिकल हथियारों को नष्ट कर देंगे। दरअसल, पिछले महीने ही रूस और चीन ने एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी कर अमेरिका पर केमिकल हथियारों को नष्ट करने का दबाव बनाया था। बयान में कहा गया था कि अमेरिका अकेला केमिकल वेपन कन्वेंशन का सदस्य है जिसने अपने रासायनिक हथियारों को खत्म नहीं किया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि अगले हफ्ते अमेरिका और सीडब्लूसी के सदस्य एक कॉन्फ्रेंस के लिए इकट्ठा होंगे। इसमें दुनिया को केमिकल हथियारों से मुक्ति दिलाने पर चर्चा की जाएगी। हम दुनिया को उदाहरण के जरिए लीड कर रहे हैं। अमेरिका हमेशा इस तरह के खतरनाक हथियारों को इकट्ठा करने का विरोध करता रहेगा। हमें दूसरे देशों को भी सीडब्लूसी के साथ काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



**रूस ने 2017 में नष्ट किए थे अपने केमिकल वेपन** - रूस का कहना है कि उसने 2017 में ही अपने सारे केमिकल हथियार नष्ट कर दिए थे। हालांकि, यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद अमेरिका और ब्रिटेन ने आशंका जताई थी कि रूस-यूक्रेन के खिलाफ केमिकल वेपन यानी केमिकल हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। वहीं, रूस ने इसके पहले अमेरिका पर यूक्रेन में केमिकल और बॉयोलॉजिकल हथियार बनाने का आरोप लगाया था। चीन का कहना है कि उसने कभी भी केमिकल हथियार नहीं बनाए । हालांकि, उसके पास सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान जापान ने चीन में केमिकल हथियारों को बड़ा जखीरा छोड़ा था। जिन्हें अब नष्ट करने की बात कही जा रही है।

**क्या होते हैं केमिकल हथियार** - ऑर्गेनाइजेशन फॉर द प्रोहिबिशन ऑफ केमिकल वेपंस केमिकल हथियार ऐसे हथियार होते हैं, जिनमें जहरीले केमिकल का इस्तेमाल जानबूझकर लोगों को मारने या नुकसान पहुंचाने के लिए होता है। ऐसे सैन्य उपकरण जो खतरनाक केमिकल को हथियार बना सकते हैं, उन्हें भी केमिकल हथियार या रासायनिक हथियार माना जा सकता है। केमिकल हथियार इतने घातक होते हैं कि ये पल भर में हजारों लोगों को मौत की नींद सुला सकते हैं और साथ ही उन्हें अलग-अलग बीमारियों के प्रभाव से तिल-तिल कर मरने को मजबूर कर सकते हैं। केमिकल हथियार बायोलॉजिकल हथियार से अलग होते हैं। बायोलॉजिकल हथियार में बैक्टीरिया और वायरस के जरिए लोगों को मारा या बीमार किया जाता है।

### जी-20 मुहिम के तहत भारतीय दूतावास ने हेग में साफ किया 240 किलो समुद्री कचरा, 75 तटों को किया साफ

**लंदन** । भारतीय दूतावास ने नीदरलैंड सरकार के साथ साझेदारी में हेग के प्रसिद्ध शेवेनिंगेन समुद्र तट पर जी-20 बीच का सफाई अभियान चलाया। इसके तहत 5,410 सिगरेट बट्स समेत 240 किलोग्राम समुद्री कचरे की सफाई की गई। दरअसल, समुद्री कचरे की सफाई एवं महासागरों को प्रदूषण मुक्त करना भारत की जी-20 अध्यक्षता का प्रमुख एजेंडा भी है। द हेग में भारत की पहल का उद्देश्य विश्व का ध्यान इस ओर आकर्षित करना है। आयोजन में नीदरलैंड सरकार का प्रतिनिधित्व पर्यावरण महानिदेशक और उप-मंत्री अफके वैन रिजन ने किया। इस कार्यक्रम के जरिये भारत पूरी दुनिया को यह संदेश देना चाहता है कि महासागरों की सफाई से जलवायु परिवर्तन को रोका जा सकता है। इस मौके पर नीदरलैंड में भारत की राजदूत रीनत संधू ने कहा, समुद्री कचरे की सफाई अभियान चलाकर भारत ने अपनी जी-20 अध्यक्षता के मूल वाक्य एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य को लेकर प्रभावशाली संदेश देने का प्रयास किया है। पिछले साल हमने भारत में वृहद स्तर पर समुद्र तट सफाई अभियान चलाया था, उस दौरान 75 दिनों की अवधि में 75 समुद्र तटों को साफ किया गया था।

# सरकार ने पिछड़ा वर्ग की मांगें पूरी नहीं कीं तो दिसंबर में होगा बड़ा फैसला : रामनिवास घोड़ेला

## 22 मई को कैथल में होगा पिछड़ा वर्ग सम्मेलन, सरकार पिछड़ा वर्ग की मांगे पूरी करें

**कैथल ( हिंस )।** बरवाला से पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि मौजूदा सरकार पिछड़ा वर्ग के हक छीन रही है। पिछड़ा वर्ग पर क्रीमीलेयर की तलवार लटका कर उसके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। पिछड़ा वर्ग के अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए 22 मई को कैथल में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन पूरी तरीके से गैर राजनीतिक है और इसमें किसी भी राजनीतिक पार्टी का कोई बड़ा नेता नहीं बुलाया गया है। पिछड़ा वर्ग के नेता ही पिछड़ा वर्ग की बात करेंगे। शनिवार देर रात कैथल पहुंचे घोड़ेला ने कहा कि पिछड़ा वर्ग की सरकार से मांग है कि क्रीमीलेयर की सीमा 6 लाख से ब ?ाकर फिर से आठ लाख की जाए। इसमें छोटे दुकानदार, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग की जातीय जनगणना करवाने की भी मांगी की। पूर्व विधायक ने पिछड़ा



वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने व नौकरियों में बैकलाग भरने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग के स्कूली बच्चों को वजीफा मिलने में दिक्कत आ रही है। सरकार छात्रों का वजीफा 50 से बढ़ाकर 100 रुपए तथा 600 रुपए से बढ़ाकर 1200 रुपए करे। इसके अलावा वजीफा मिलने में आने वाली दिक्कतों का समाधान चंडीगढ़ की बजाय स्थानीय स्तर पर हो। घोड़ेला ने कहा कि हुड्डा सरकार ने एससी, बीसी को 100-100 गज के प्लाट दिए थे लेकिन भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग को एक इंच जगह भी नहीं दी। कौशल रोजगार निगम में हो रही भर्तियों में भी पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नहीं दिया जा रहा है जोकि असंवैधानिक है। घोड़ेला ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर पिछड़ा समाज की मांगें नहीं मानी गई तो दिसंबर में हिसार में एक बड़ी रैली होगी। जिसमें विपक्ष के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर पूर्व विधायक घोड़ेला ने कहा कि कर्नाटक में जनता ने भाजपा की नीतियों को नकार दिया है। कांग्रेस की इस जीत का असर हरियाणा पर भी पड़ेगा। इस मौके पर नाथी राम प्रजापत रिटा.एसडीओ, पवन कुमार प्रजापत रिटा. कानूगो, देव दयाल वर्मा, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश सैन, ओमप्रकाश प्रजापत, प्रेम कुमार जांगड़ा, गुरनामा प्रजापत, सुरेंद्र रोहिल्ला, कमल कांत वर्मा, रिंकू पांचाल, रामेश्वर जोगी, बलविंदर शाह, ओम प्रकाश डाबी व प्यारेलाल पांचाल मौजूद रहे।

## जयपुर और चित्तौड़गढ़ में खुलेंगे सैटेलाइट अस्पताल

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर के करबला क्षेत्र (हवामहल) और चित्तौड़गढ़ में सैटेलाइट चिकित्सालय खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में चिकित्सालय खोले जाने की स्वीकृति दी है। इनके लिए 98 नवीन पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। दोनों चिकित्सालय में कनिष्ठ विशेषज्ञ के 5 पद, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी डेंटल, कनिष्ठ सहायक, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फार्मासिस्ट, डेंटल टैक्नीशियन, नेत्र सहायक के 1-1 पद, चिकित्सा अधिकारी व लैब टैक्निशियन संवर्ग के 4-4 पद, नर्स ग्रेड-प्रथम व रेडियोग्राफर संवर्ग के 2-2 पद, नर्स ग्रेड-द्वितीय के 15 पद, वार्ड बॉय के 6 पद एवं सफाई कर्मचारी के चार पदों सहित कुल 98 पद सृजित होंगे। इन चिकित्सालयों के खुलने से आमजन को नजदीक उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

## प्लॉट बेचने के नाम पर विधवा महिला से 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**कैथल ( हिंस )।** गांव नरड़ के रहने वाले एक व्यक्ति ने कैथल की एक विधवा महिला को प्लाट बेचने के लिए 20 लाख रुपए तो ले लिए लेकिन उसके नाम रजिस्ट्री नहीं करवाई। रजिस्ट्री करवाने के लिए महिला ने बार-बार दबाव डाला तो उसे पता चला कि प्लाट बेचने वाले के नाम उसकी रजिस्ट्री ही नहीं है। उसने कई बार पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंत में उसने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फरियाद की। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने गांव नरड़ निवासी कर्मबीर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। महिला का आरोप है कि धोखाधड़ी करने के बाद जबरदस्ती कर्मबीर ने उसके साथ नाजायज संबंध भी बनाए। कैथल की रहने वाली महिला ने सिविल लाइन थाना में दर्ज करवाए गए मामले में कहा है कि उसने एक प्लॉट पट्टी गादड़ कैथल में गांव नरड़ निवासी कर्मबीर से खरीदा था। 18 दिसंबर 2014 को यह प्लॉट 22 लाख 54 हजार 800 रुपए में उसने खरीद किया था। उसने कर्मबीर को 20 लाख रुपए नकद दे दिए थे और प्लॉट की रजिस्ट्री 18 मई 2015 को मुकर्रर हुई थी। उसके बाद भी कर्मबीर ने उक्त प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं करवाई। कर्मबीर को बार-बार कहा, लेकिन वह नहीं माना और टालता रहा। जबकि प्लॉट की मलकियत कर्मबीर की नहीं है। उसने बहकावे में आकर प्लॉट खरीद लिया। उसने आरोपित को कई बार कहा कि या तो उसके पैसे दे दे या फिर प्लॉट की रजिस्ट्री करवा दे। अभी तक उसने न तो पैसे दिए हैं और न ही प्लॉट की रजिस्ट्री करवाई है। आरोपित कहता है कि पुलिस वाले तो मेरे पैरों की धूल हैं और उसे धमकी देता है। आरोपित ने गुंडों के बल पर उसके साथ नाजायज संबंध भी बनाए हैं। वह कई बार इस विषय पर सिविल लाइन थाने में प्रार्थना पत्र दे चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में उसने सीएम विंडो पर भी शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। एसएचओ राजेंद्र कुमार ने बताया कि कर्मबीर के खिलाफ महिला से प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच के बाद कर्मबीर की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जाएगी।

## श्री अमरनाथ यात्रा पंजीकरण वसूली के खिलाफ आंदोलन तेज होगा : शिवसेना


**जम्मू ( हिंस )।** शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर ईकाई द्वारा वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण को नि:शुल्क बनाने की मांग को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा यह कहना है शिवसेना यूबीटी जम्मू-कश्मीर प्रमुख मनीश साहनी का। पार्टी प्रदेश मध्यवर्ती कार्यालय में रविवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी ने बताया कि पार्टी हाईकमान ने उक्त मांगों के हक में फैसला नहीं होने तक आंदोलन को तेज करने एवं जारी रखने के निर्देश दिए हैं। साहनी ने बताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी प्रदेश नेताओं के एक दल ने 11 मई को मुंबई में पार्टी युवा सेना प्रमुख एवं विधायक आदित्य ठाकरे से भेंट कर पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा पंजीकरण को नि:शुल्क बनाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा था। साहनी ने बताया कि आदित्य ठाकरे ने हिंदू धार्मिक यात्राओं से पंजीकरण के नाम पर वसूली पर कड़ी नराजगी जाहिर करते हुए महाराष्ट्र के राज्यपाल एवं जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के समक्ष इस मुद्दे पर आवाज बुलंद कर राहत की अपील का आश्वासन दिया है। साहनी ने बताया कि पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार अगले कुछ दिनों में दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं समेत श्री राज माता झंडे वाले मंदिर, दिल्ली एवसंत समाज से स्वामी राजेश्वरानंद महाराज, उत्तर भारतीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक तिवारी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शामिल होंगे।

## रिश्वत लेते एएसआई व हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की एक टीम ने पुलिस पोस्ट सेक्टर-15, पंचकूला में तैनात एक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) और एक हेड कांस्टेबल को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। बाइक चोरी के एक मामले में रिश्वत ली जा रही थी। इस मामले में अंबाला में तैनात एएसआई रविंदर कुमार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। एसीबी के प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान एएसआई नीरज कुमार और हेड कांस्टेबल दर्शन सिंह के रूप में हुई है। दोनों की पोस्टिंग सेक्टर-15 पुलिस चौकी में थी। दोनों को करनाल निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार एएसआई व हेड कांस्टेबल शिकायतकर्ता को पंचकूला के सेक्टर-14 में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में झूठा फंसाने व गिरफ्तारी का भय दिखाकर उससे रिश्वत की मांग कर रहे थे।

## गृह मंत्री विज का एक्शन, नरवाना थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने रविवार को अंबाला से हिसार जाते हुए अचानक अपनी गाड़ी को रुकवाकर नरवाना सदर पुलिस थाने का औचक निरीक्षण किया। वहां पर विभिन्न कमियां व खामियां पाए जाने को लेकर थाने के एसएचओ समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निलंबित किए गए कर्मचारियों में सदर पुलिस थाने के एसएचओ सब-इंस्पेक्टर बलवान सिंह, हेड-कांस्टेबल संदीप व रामनिवास, कांस्टेबल कुलदीप कुमार और रमन शामिल हैं। औचक निरीक्षण के उपरांत विज ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस थाने में बहुत प्रकार की खामियां मिली हैं और किसी भी सीट पर लोगों का काम नहीं हो रहा है क्योंकि इन सीटों पर कई महीनों व सप्ताहों से लोगों के दस्तावेज लंबित चल रहे हैं। इसलिए आज एसएचओ समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। विज ने आज जींद के पुलिस अधीक्षक को आदेश दिए कि थाने में आए हुए फरियादियों की फरियाद सुनें और उनका हल करने हेतु आगामी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट की वेरिफिकेशन के सीट से कई लोगों के



आवेदन निरीक्षण के दौरान मिलें हैं और इन आवेदनों पर संबंधित पुलिस कर्मी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है, इसलिए इस सीट के कर्मी को निलंबित किया गया है। इसी प्रकार, ऑनलाइन टीटीएनएस में मुकदमा न दर्ज करने पर एक पुलिसकर्मी को निलंबित किया गया है क्योंकि टीटीएनएस पर मुकदमें पिछले 7 से 8 दिनों से नए अपलोड किए गए थे, जोकि लंबित चल रहे थे। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री बीमा योजना से संबंधित खेतों में कार्य के दौरान मृत्यु होने के संबंध में दिए जाने वाले बीमा को लेकर मार्किट कमेटी से एक आवेदन के तहत रिपोर्ट मांगी गई थी, जो रिपोर्ट लंबित चल रही थी। यह रिपोर्ट जिसके डेस्क पर लंबित चल रही थी, उसे भी निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार मुंशी को भी निलंबित किया गया है तथा पुलिस थाने के एसएचओ को लापरवाही हेतु निलंबित किया गया है क्योंकि उसका पुलिस थाने में किसी भी सीट के कार्य को लेकर कोई नियंत्रण नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नरवाना सदर पुलिस थाने में उन्हें कोई भी कार्य सही प्रकार से नहीं मिला है। निरीक्षण के दौरान विज ने पुलिस थाना के एचएचओ को फटकार लगाते हुए कहा कि एसएचओ का किसी भी सीट पर कोई नियंत्रण नहीं है और पूर्णत: कुप्रबंधन किया हुआ है। उन्होंने कहा कि किसी भी सीट पर कोई भी काम ठीक प्रकार से नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोग थाने में लंबी-लंबी लाइनें लगाकर बैठे हुए हैं और इनको कब से इंसाफ की दरकार है। विज ने थाने में आए हुए फरियादियों/शिकायतकर्ताओं से बातचीत भी की और अमुक आवेदनकर्ताओं की दरखास्त की जानकारी मांगी तथा संबंधित कर्मियों को निपटान के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के उपरांत गृह मंत्री अपनी गाड़ी को रुकवाकर रोड बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों से मिलें और उनके द्वारा दिए गए आवेदन पर उचित कार्रवाई करवाने का आश्वासन भी दिया।

## गठबंधन की प्रदेश सरकार का जाना तय : दीपेंद्र हुड्डा



**यमुनानगर हिंस )।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने शनिवार देर रात को जिला यमुनानगर में आईटीआई के नजदीक आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राजन शर्मा के निवास स्थान पर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। सांसद दीपेंद्र ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा को विकास की पटरी से उतार दिया और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। हरियाणा में कितने प्रतिशत भ्रष्टाचार है इसका अंदाजा लगाना ही मुश्किल है। हरियाणा में भ्रष्टाचार का डबल इंजन है। उन्होंने कहा कि गठबंधन 5100 रुपए पेंशन पर नहीं बल्कि हरियाणा में लूट की छूट पर हुआ था। खुद मुख्यमंत्री ने कहा कि बुजुर्गों को 5100 रुपए की पेंशन देने की कोई बात ही नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि झूठ, लूट और फूट की बुनियाद पर खड़ी हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार के जाने का वक्त नजदीक आ गया है। उन्होंने कहा कि जो हरियाणा विकास में गरीबों की कल्याणकारी योजनाओं में नंबर 1 पर माना जाता था, वो विकास में पिछड़कर 19वें स्थान पर पहुंच गया बेरोजगारी में नंबर 1 पर पहुंच गया। आज प्रदेश की जनता अपने आपको ठगा हुआ मान रही है। जबकि चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा 10 साल मुख्यमंत्री रहे लेकिन कोई भी वायदा ऐसा नहीं किया जो पूरा न किया हो। हरियाणा की जनता ने बीजेपी-जेजेपी सरकार से मुक्ति पाने का फैसला ले लिया है। दीपेंद्र हुड्डा ने हाथ से हाथ जोड़ो के संकल्प दोहराते हुए कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो यानी हरियाणा के हर भाई को प्रेम की डोर से जोड़ो और बीजेपी का घमंड तोड़ो। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली, खिलाड़ियों को पदक लाओ पद पाओ, हर गृहणी को 500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर आदि सुविधाएं दी जाएंगी।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अजमेर/ पुष्कर ( हिंस )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को पुष्कर के ब्रह्मा और जाट शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी मौजूद रहीं। ब्रह्मा मंदिर के मुख्य पुजारी कृष्ण गोपाल वशिष्ट ने उपराष्ट्रपति को विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई। इस दौरान कृष्ण गोपाल ने उन्हें सन् 1993 की पुष्कर यात्रा के दौरान की उनकी तस्वीर भेंट की। उपराष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर ब्रह्मा मंदिर को सुबह 8 से 12 बजे तक आम श्रद्धालुओं के लिए बंद रखा गया था। दोनों ही मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। उपराष्ट्रपति धनखड़ सैन्य विमान से सुबह जयपुर के सांगानेर हवाई अड्डे पर पहुंचे, यहां राज्यपाल कलराज मिश्र और कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने उनकी अगवानी की। उपराष्ट्रपति सुबह 10:30 बजे सेना के हेलीकॉप्टर से पुष्कर पहुंचे। पुष्कर के मंदिर में दर्शन के बाद करीब 11.45 बजे नागौर के लिए रवाना हो गए। पुष्कर में अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने उपराष्ट्रपति को विदाई दी। नागौर के मेड़ता में वे पूर्व केंद्रीय मंत्री नाथूराम मिर्धा स्मृति स्मारक पर मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। दोपहर 3.30 बजे सभा स्थल पहुंचेंगे। उपराष्ट्रपति की रविवार को पुष्कर की धार्मिक यात्रा के दौरान ब्रह्मा मंदिर में पूजा-अर्चना का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन सतयुगी तीर्थ पुष्कर सरोवर के पूजन का कार्यक्रम प्रस्तावित नहीं किये जाने से उपराष्ट्रपति के पुश्तैनी पुरोहितों ने नाराजगी प्रकट की। पुरोहित पं. सुमित और हर्ष पाराशर ने एसडीओ के जरिए उपराष्ट्रपति को ऑनलाइन ज्ञापन भिजवाया है। इसके अलावा तीर्थ पुरोहित संघ ट्रस्ट ने भी रविवार को उपराष्ट्रपति के सरोवर पूजन कार्यक्रम को प्रस्तावित नहीं किए जाने पर रोष प्रकट किया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष लाडूराम शर्मा ने जारी बयान में सभी तीर्थ पुरोहितों की ओर से नाराजगी जाहिर की है।

## विभिन्न दलों के 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा



**यमुनानगर ( हिंस )।** जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव हाफिजपुर में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में सरपंच सहित 50 से ज्यादा लोग विभिन्न राजनैतिक पार्टियां छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल द्वारा सभी को पार्टी का पटका व फूल माला पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। भाजपा में शामिल होने वाले लोगों में गांव के सरपंच इकबाल, सद्दाम हुसैन, दिलशाद, अली मोहम्मद, कलीम मोहम्मद, अशरफ सहित बहुत से लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार चारों तरफ बिना भेदभाव के विकास कार्य करने में लगी हुई है। वर्ष 2014 में अक्तूबर माह से पहले जो विपक्षी सरकारें हरियाणा प्रदेश में रही हैं। उन्होंने उत्तरी हरियाणा खासकर यमुनानगर जिले के साथ बहुत बड़ा भेदभाव किया है। किसी भी विपक्षी सरकार ने जिला यमुनानगर के जगाधरी हल्के में विकास कार्यों की तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया है। वर्ष 2014 में अक्तूबर माह में हरियाणा प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है उसके बाद चारों तरफ सड़कों का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि छछरौली, प्रतापनगर, कोट में सरकारी हस्पताल की बिल्डिंग, प्रतापनगर में बस स्टैंड, आईटीआई कॉलेज की बिल्डिंग आदि का निर्माण किया गया। भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान हजारों करोड़ रुपए क्षेत्र के विकास कार्यों पर खर्च किए हैं।

## दुबई से अमृतसर आ रही फ्लाइट में महिला क्रू मेंबर से छेड़छाड़, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमृतसर ( पंजाब )।** दुबई से अमृतसर आ रही फ्लाइट में शनिवार को एक महिला क्रू मेंबर से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। अमृतसर के राजासांसी थाने की पुलिस ने आरोपी राजिंदर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद रविवार शाम अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अमृतसर एयरपोर्ट पर तैनात इंडिगो एयरलाइन के सहायक सिक्योरिटी मैनेजर अजय कुमार ने एयरपोर्ट पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार को दुबई से आई इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट से जालंधर के गांव कोटली निवासी राजिंदर सिंह ने बोर्डिंग की थी। फ्लाइट के दौरान रास्ते में आरोपी ने शराब पी कर महिला क्रू मेंबर के साथ छेड़छाड़ की और ऊंची आवाज में शोर भी मचाया। जांच अधिकारी एएसआई तरसेम सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 और 509 के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन से अमृतसर से दुबई जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पठानकोट के गांव सारणा निवासी निखिल अग्रवाल के पासपोर्ट पर रूस के वीजा की जाली मोहर मिली। आरोपी अब टूरिस्ट वीजा पर दुबई जा रहा था। आरोपी के खिलाफ अमृतसर एयरपोर्ट पर तैनात इमिग्रेशन अधिकारी नरेश की शिकायत पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर पलविंदर सिंह ने बताया आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पठानकोट के गांव सारणा के स्थित करतार पैलेस के पास निखिल अग्रवाल के पासपोर्ट पर रूस का जाली वीजा लगा था। अब वह टूरिस्ट वीजे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस आईएक्स-191 से दुबई जा रहा था। इमिग्रेशन अधिकारी नरेश ने जांच के दौरान पाया कि उसके पासपोर्ट पर रूस का जाली वीजा स्टैंप लगा है। इस पर उसे हिरासत में लेकर पुलिस के हवाले कर दिया। जांच अधिकारी पलविंदर सिंह ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ने साल 2021 के दौरान रूस का टूरिस्ट वीजा लिया था। जब जाली होने का पता चला तो उसने रूस जाने का विचार छोड़ दिया लेकिन इसकी जानकारी उसने संबंधित विभाग को नहीं दी। अब वह दुबई जा रहा था।

## जन संघर्ष यात्रा : हजारों समर्थकों के साथ जयपुर की तरफ पैदल बढ़ रहे पायलट

**जयपुर ( हिंस )।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा सरकार में हुए भ्रष्टाचार तथा पेपरलीक मामले को लेकर 11 मई को अजमेर से शुरू हुई पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की यात्रा राजधानी जयपुर शहर की सीमा के नजदीक पहुंच रही है। जन संघर्ष यात्रा के चौथे दिन रविवार को सुबह नौ बजे पदयात्रा जयपुर जिले के महला से शुरू हुई। यात्रा का पहला चरण करीब 11 बजे दहमीकला में पूरा हो गया है। अब दहमीकला में दिन का विश्राम होगा। यात्रा दूसरे फेज में दहमीकला से महापुरा के लिए शाम चार बजे रवाना होगी। यात्रा के चौथे दिन की शुरुआत में सुबह से ही हजारों की संख्या में पायलट समर्थक उनके साथ चल रहे हैं। यात्रा के चौथे दिन सचिन पायलट ने कहा कि जनसंघर्ष यात्रा का मकसद किसी का विरोध करना नहीं है, इसका मकसद युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को अधिक बुलंद करना है। भाजपा के राज में हमने गंभीर करप्शन के आरोप लगाए थे। हमें अब जनता के बीच जाकर काम बताने होंगे। जनता में विश्वास तभी रहता है जब हमने जो वादे किए उन पर कार्रवाई हो। दूसरी तरफ दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर



सिंह रंधावा ने सचिन पायलट की यात्रा की टाइमिंग पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, रंधावा ने पायलट परिवार से अपने पुराने रिश्तों का जिक्र करते हुए अपने रुख में नरमी के संकेत भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि आप किसी से पूछ लेना मेरे फादर और सचिन के फादर बेस्ट फ्रेंड थे। हमारे पारिवारिक रिश्ते हैं। वो मेरा छोटा भाई है। मैंने पहले भी उससे फोन पर बात की है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को लेकर चलने कोशिश कर रहा हूं। रंधावा ने चुनावी फेस को लेकर कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एक होकर चुनाव लड़ेंगे। एक फेस से ही चुनाव लड़ेंगे, डबल फेस नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि गहलोत बहुत पुराने लीडर हैं उनके दिलों-दिमाग में कांग्रेस है। एआईसीसी में सबसे ज्यादा उनका अनुभव है। वहीं, सचिन की यात्रा उनकी निजी यात्रा है। हालांकि, उनकी टाइमिंग गलत है। जब कर्नाटक को वोटिंग थी तो उन्हें वेट करना चाहिए था। हम सभी को सबसे पहले कांग्रेस की बात करनी चाहिए। पायलट पर रंधावा ने कहा कि वे थोड़े से एग्रेसिव हैं। उन्हें एंबिशियस होना चाहिए, लेकिन ओवरएंबिशियस नहीं होना चाहिए। पार्टी में उनके लिए बहुत टाइम पड़ा है। कांग्रेस बीजेपी की तरह नहीं है। हमारे जो नेता हैं उनको सोचने से ज्यादा देती है। मैं देखूंगा कि किसने उकसाया, मेरे प्रभारी बनने से पहले की बातों को नहीं उठाऊंगा। गहलोत और पायलट के बीच जुबानी जंग और उकसाने वाले बयानों पर रंधावा ने कहा कि मैं अभी वहां गया नहीं अभी वहां जाकर देखेंगे कि किसने उकसाने वाले बयान दिए। किसने उकसाया। अब जो मेरे आने से पहले की बातें हैं, उनको मैं नहीं उठाना चाहता। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद अब कांग्रेस हाईकमान राजस्थान के मुद्दे पर फैसला करेगा। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक हाईकमान सचिन पायलट और अशोक गहलोत को चुनावी साल में एक मंच पर लाने का मैसेज देना चाहते हैं। इसके लिए पहले दोनों नेताओं के बीच मौजूदा कोल्ड वॉर को मिटाना जरूरी है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने दोनों नेताओं के बीच सुलह करवाने को कहा है। जल्द सुलह फार्मूले पर काम शुरू होने के आसार हैं। पायलट के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के पीछे यह भी एक बड़ा कारण है।



# मल्टीबैगर स्टॉक ने 3 साल में 31 गुना किया पैसा: फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर का शेयर 17 से 548 रु पर पहुंचा, 3050प्रतिशत रिटर्न दिया

**मुंबई।**
फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर लिमिटेड के शेयर ने पिछले कुछ सालों में अपने निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है। इस मल्टीबैगर स्टॉक ने अपने निवेशकों को पिछले 3 साल में 3050प्रतिशत और 6 महीने में 112प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है।

**शेयर 17 से 548 रु पर पहुंचा** – मई 2020 में फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर के एक शेयर की कीमत महज 17.40 रुपए थी, जो अब बढ़कर 520 रुपए के भाव पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि तीन सालों में ही निवेशकों का पैसा करीब 31 गुना हो गया है।

**1 लाख का बना 31 लाख** – अगर आपने 3 साल पहले इस शेयर में 1 लाख रुपए निवेश किए होते तो आज आपकी रकम बढ़कर करीब 31 लाख रुपए हो जाती। वहीं पिछले 1 साल में इसके शेयर ने 530प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है।

हालांकि, पिछले कुछ समय से फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर के शेयर में गिरावट देखने को मिल रही है। पिछले एक महीने में इसका शेयर 10प्रतिशत से ज्यादा टूट चुका है। हालांकि, लॉन्ग टर्म में इसने अपने निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है।

**कंपनी का मार्केट कैप 680 करोड़** – फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर का शेयर 5प्रतिशत गिरकर 521.15 रुपए पर आ गया है। इसका मार्केट कैपिटलाइजेशन 680 करोड़ रुपए है। एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि इसके शेयर में आगे तेजी देखने को मिल सकती है।

**मार्च तिमाही में प्रॉफिट 53प्रतिशत बढ़ा** – मार्च 2023 तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 53प्रतिशत बढ़कर 5.38 करोड़ रुपए हो गया है, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 3.51 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। मार्च तिमाही में सेल्स 16.63प्रतिशत बढ़कर 40.89 करोड़ रुपए हो गई, जो 2022 की मार्च तिमाही में 35.06 करोड़ रुपए थी।

**एफवाय 23 में नेट प्रॉफिट 389प्रतिशत बढ़ा** – हालांकि, तिमाही आधार पर कंपनी का मुनाफा 48.47प्रतिशत घट गया है। वहीं बिक्री में भी 32.79प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। पूरे एफवाय 23 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 389.64प्रतिशत बढ़कर 23.16 करोड़ रुपए हो गया है। एफवाय 23 में कंपनी को 4.73 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

**क्या काम करती है कंपनी**– फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर्स लिमिटेड लाइट एमिटिंग डायोड लाइट्स और फिक्सचर्स बनाने और बेचने का काम करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### चीन में अधिक गाड़ियों की बिक्री बनी मुसीबत, प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए सरकार उठा रही ये कदम



**नई दिल्ली।** चीन दुनिया का सबसे बड़ा वाहन बाजार है। इसके साथ ईवी में भी इस देश ने ये तमगा हासिल कर लिया है। अधिक संख्या में वाहनों का उपयोग होने के कारण चीन में प्रदूषण भी एक बड़ी समस्या बन गई है, जिस पर नकेल कसने के लिए चीनी सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है और एक नया नियम बनाया है। चीन की इकोलॉजी और एनवायरनमेंट मिनिस्ट्री की ओर से लिए गए निर्णय के मुताबिक, अब वाहनों के लिए रियल टाइम उत्सर्जन टेस्ट को जरूरी कर दिया गया है, जब वास्तविकता में वाहन को चलाया जा रहा हो। वहीं, चीन ने उन वाहनों की बिक्री, आयात और मैन्यूफैक्चरिंग पर रोक लगाने का फैसला किया है, जो कि नेशनल उत्सर्जन मानकों को पूरा नहीं करते हैं। चीनी मंत्रालय की ओर से उन वाहनों की बिक्री के लिए छह हफ्ते का समय दिया गया है, जो कि नेशनल उत्सर्जन मानकों को पूरा नहीं करते हैं। फिच रेटिंग की ओर से मार्च में इसे लेकर कहा गया था कि उत्सर्जन मानकों को कड़ा करने से वाहन निर्मातओं और डीलर पर दबाव पड़ेगा, जिस कारण आने वाले समय में हमें नेशनल उत्सर्जन मानकों को न पूरा करने वाले वाहनों पर काफी अधिक डिस्काउंट देखने को मिल सकता है। चीन के ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, नए उत्सर्जन मानकों को न पूरा करने वाले वाहनों को बेचने के लिए ग्रेस पीरियड दिया गया है। मार्च के अंत तक चीन में नेशनल उत्सर्जन मानकों को न पूरा करने वाले करीब 20 लाख से अधिक वाहन थे। चीन में इस ग्रेस पीरियड के बढ़ने की संभावना काफी कम है। जैसा कि पिछले समय में देखा गया था।

### अदाणी ट्रांसमिशन को बोर्ड ने दी बाजार से एक अरब डॉलर जुटाने की मंजूरी, इक्विटी शेयर बेचने की योजना




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की ट्रांसमिशन कंपनी को इसके बोर्ड ने बाजार से एक अरब डॉलर (85 अरब रुपये) जुटाने की मंजूरी दी है। इस संबंध में कंपनी ने कहा, अदाणी ट्रांसमिशन योग्य संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) व दूसरे मान्य तरीकों से इक्विटी शेयर बेचकर धन जुटाने की योजना बना रहा है। इसके साथ ही कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. और इसकी नवीकरणीय-ऊर्जा शाखा अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. को भी धन जुटाने के प्रस्तावों पर विचार करने के लिए बोर्ड की बैठक आयोजित करनी थी, लेकिन ये बैठकें फिलहाल 24 मई तक स्थगित कर दी गई हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक तीनों कंपनियों के जरिये अदाणी समूह कुल 5 अरब डॉलर जुटाना चाहता है। जनवरी में अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग ने कई तरह के आरोप लगाए थे, जिसके बाद समूह की तमाम कंपनियों के शेयरों के मूल्यों में भारी गिरावट आई थी।

### जाली नोट मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में एनआईए ने एक को किया गिरफ्तार, 12 तलवार भी बरामद

**नई दिल्ली।** राष्टीय जांच एजेंसी ने कहा कि महाराष्ट्र के नौपाड़ा में दर्ज 2021 के जाली नोट मामले में कथित संलिप्तता के लिए एक और व्यक्ति को 12 तलवारों के साथ गिरफ्तार किया गया है।




संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्य भर में कई स्थानों पर दो दिनों की तलाशी के बाद मोहम्मद फयाज शिकिलकर नाम के तीसरे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि शिकिलकर को 12 धारदार तलवारें और अन्य आपत्तिजनक सामग्री रखने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। प्रवक्ता ने कहा, एनआईए की जांच से पता चला है कि आरोपी नकली नोटों के प्रसार रैकेट से जुड़ा था और डी-कंपनी के संपर्क में था। एनआईए ने कहा कि छह स्थानों पर आरोपियों और संदिग्धों के घरों और कार्यालयों की तलाशी के दौरान बरामद सामग्रियों के आधार पर मुंबई निवासी 33 वर्षीय शिकिलकर को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में मुंबई के रियाज और नासिर नाम के दो लोग पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। उनके पास से 2,000 रुपये के जाली नोट जब्त किए गए थे।

# फोल्डेबल फोन बाजार में सैमसंग को प्रतिस्पर्धा का करना पड़ रहा सामना

**सियोल।**
दक्षिण कोरियाई टेक दिग्गज अपने सबसे गंभीर प्रतियोगी गूगल का सामना कर रही है। कंपनी ने इस सप्ताह अपने वार्षिक डेवलपर सम्मेलन के दौरान बहुप्रतीक्षित पिक्सेल फोल्ड, अपना पहला फोल्डेबल स्मार्टफोन पेश किया।

गूगल ने कहा कि फोन अभी प्रीऑर्डर के लिए उपलब्ध है और अगले महीने शिपिंग शुरू कर देगा। 1,799 डॉलर पिक्सेल फोल्ड की सबसे बड़ी अपील इसकी मोटाई है। एक रिपोर्ट के अनुसार सैमसंग के गैलेक्सी जेड फोल्ड 4: 12.1 मिलीमीटर बनाम 15.8 मिमी की तुलना में थोड़ा पतला है। खुलेहोने पर 7.6 इंच की स्क्रीन के साथ फिट, फोन
फोल्डेबल में अब तक की सबसे बड़ी 4,821 एमएएच बैटरी के साथ आता है, जो सैमसंग की 4,400 एमएएच बैटरी से बड़ी है।

तो यह स्वाभाविक रूप से सैमसंग के फोन से थोड़ा भारी है: 283 ग्राम बनाम 263 ग्राम। जबकि सैमसंग फोल्डेबल सेगमेंट में एक कठिन दौड़ का सामना कर रही है, अधिक प्रतिस्पर्धा का अर्थ एक बड़ा और अधिक रचनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र और व्यापक बाजार को अपनाना भी है। अपने पहले फोल्डेबल फोन के लिए गूगल ने पिक्सल के बड़े डिस्प्ले के लिए अपने स्वयं के 50 से अधिक एप्लिकेशन को अनुकूलित किया। इसने अन्य ऐप डेवलपर्स को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयासों के तहत उस मोर्चे पर अपने प्रयासों को जारी रखने का भी वादा किया। सैमसंग का लक्ष्य फोल्डेबल फोन के हिस्से को बढ़ाना है, जिसे पहली बार 2019 में पेश किया गया था, 2025 तक इसकी कुल स्मार्टफोन बिक्री का आधा हिस्सा, और उन्हें गैलेक्सी एस फ्लैगशिप सीरीज और प्रीमियम सेगमेंट में एक प्रमुख श्रेणी के साथ कंपनी का एक और स्तंभ बनाना है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले साल दुनिया भर में फोल्डेबल फोन की बिक्री में सैमसंग की हिस्सेदारी करीब 77 फीसदी रही।

पिछले साल 4 सितंबर को, कंपनी द्वारा अपने चौथी पीढ़ी के फोल्डेबल फोन का अनावरण करने के कुछ ही दिनों बाद सैमसंग ने कहा कि एक सफल फोल्डेबल फोन के लिए दो मुख्य तत्वों की जरूरत होती है एक




लचीला और फोल्डेबल डिस्प्ले और फोल्डिंग और अनफोल्डिंग ऑपरेशंस के लिए एक मजबूत हिंज। यूरोप के सबसे बड़े टेक शो के मौके पर बर्लिन में एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान सैमसंग के मोबाइल एक्सपीरियंस डिवीजन में फ्लैगशिप प्रोडक्ट आरएंडडी टीम के प्रमुख चोई वोन-जून ने कहा कि फोल्डेबल फोन सिर्फ नए फॉर्म फैक्टर और तकनीकी उन्नति के बारे में नहीं हैं। मेरा मानना है कि हमें उपयोगकर्ताओं को अद्वितीय और मूल्यवान अनुभव देना चाहिए, जो उन्हें किसी अन्य स्मार्टफोन से नहीं मिल सकता है। उन्होंने कहा कि टिकाऊपन से समझौता किए बिना अधिक कॉम्पैक्ट और लाइटवेट हिंज बनाना एक बड़ी चुनौती थी। गूगल की हिंज प्रणाली स्क्रीन के दो हिस्सों को पूरी तरह से मोड़ने की अनुमति देती है, बंद होने पर कोई छोटा अंतर नहीं छोड़ती है। गूगल ने यह भी कहा कि इसमें स्टेनलेस स्टील से बना सबसे टिकाऊ काज है, जिसे 200,000 तक खोलने और बंद करने का परीक्षण किया गया है।

### 17 मई को लॉन्च होगा संचार साथी पोर्टल: चोरी या गुम हुए मोबाइल को ब्लॉक और ट्रैक कर सकेंगे, आईएमईआई नंबर बदलने पर भी ये सिस्टम काम करेगा

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड टेलीकॉम डे के मौके पर 17 मई को सरकार मोबाइल ब्लॉकिंग एंड ट्रैकिंग सिस्टम शुरू करेगी। न्यूज एजेंसी के अनुसार, केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव को ऑफिशियल तौर पर संचार साथी पोर्टल लॉन्च कर इसकी शुरुआत करेंगे। इसके जरिए लोग चोरी या गुम हुए फोन को ब्लॉक और ट्रैक कर पाएंगे। सेंटर फॉर डिपार्टमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स अभी दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और नॉर्थ ईस्ट रीजन के कुछ टेलीकॉम ऑफिस में इस सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट चला रहा है, जो अब पूरे भारत में रोल आउट होने के लिए तैयार है। चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और चेयरमैन राजकुमार उपाध्याय ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मोबाइल ब्लाकिंग एंड ट्रैकिंग सिस्टम पूरे भारत में शुरू होने के लिए तैयार है। इसे इस तिमाही में पूरे भारत में शुरू किया जाएगा। इससे लोग अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक और ट्रैक कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सिस्टम में एक इन-बिल्ट मैकेनिज्म है जो मोबाइल की स्मगलिंग की जांच भी करेगा। हालांकि, उन्होंने कंफर्म डेट नहीं बताई है कि यह कब शुरू होगा। अभी क्रिमिनल्स ज्यादातर मोबाइल चोरी करने के बाद डिवाइस का आईएमईआई नंबर बदल देते हैं, जिसके कारण मोबाइल ट्रैक या ब्लॉक नहीं हो पाता था। राजकुमार उपाध्याय ने बताया कि ये पोर्टल आईएमईआई नंबर बदलने के बाद भी डिवाइस को ट्रैक और ब्लॉक कर सकेगा।

# 2025 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 5जी कनेक्शन बढ़कर हो जाएगा 3.2 अरब




**नई दिल्ली।**
एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 5जी कनेक्शन, मोबाइल सब्सक्राइबर और आईओटी कनेक्शन 2021 में 574 मिलियन से बढ़कर 2025 में 3.2 बिलियन हो जाएंगे। एक नई रिपोर्ट के अनुसार यह पांच साल की 87.9 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है।

इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईआईओटी) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 5जी सेवाओं को शुरू करने के महत्वपूर्ण कारणों में से एक है।

आईडीसी के अनुसार, एशिया-प्रशांत में लगभग 12.4 प्रतिशत दूरसंचार वाहक उत्तरदाताओं ने आईआईओटी को 5जी परिनियोजन के शीर्ष कारणों में से एक माना है।

अधिकांश दूरसंचार वाहक कंपनियों ने 5 जी की शुरुआत के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपयोग मामलों के रूप में विनिर्माण, स्मार्ट गतिशीलता वाले स्मार्ट शहरों और स्मार्ट इमारतों सहित महत्वपूर्ण उद्योगों को देखा। आईडीसी में दूरसंचार और आईओटी, एशिया पैसिफिक के वरिष्ठ बाजार विश्लेषक पीयूष सिंह ने कहा, डिजिटलीकरण और कनेक्टिविटी के माध्यम से एक हरित, कम कार्बन भविष्य में बदलाव संभव होगा। उद्योग 4.0 में अवधारणाओं में से एक दक्षता ऊर्जा की बचत के बराबर है। सिंह ने कहा कि ऊर्जा बचाने के लिए अनेक संगठन अंततः दक्षता बढ़ाते हैं। पूरे एशिया-प्रशांत में विनिर्माण सुविधाओं ने परिसर में उपकरणों के विभिन्न टुकड़ों को नियंत्रित करने के लिए निजी या समर्पित नेटवर्क लागू किए हैं। अस्थिर वायरलेस संचार और विलंबता किसी भी फर्म में डिजिटल परिवर्तन को अपनाने में बाधा हैं, जिन्हें 5जी की मदद से हल किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईओटी उपकरणों के लिए बहुत भरोसेमंद संचार की आवश्यकता होती है, जो निजी 5जी नेटवर्क के माध्यम से भी आसानी से प्रदान किया जा सकता है।

# एफडी निवेशकों के लिए खुशखबरी, बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया ब्याज दरों में इजाफा, मिल रहा तगड़ा फायदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

**नई दिल्ली।**
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में इजाफा किया गया है। बैंक द्वारा ब्याज दरों में 0.30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद बैंक द्वारा पेश की जाने वाली 399 दिनों की स्पेशल एफडी बड़ौदा तिरंगा प्लस डिपॉजिट स्कीम पर सामान्य निवेशकों को 7.25 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 7.75 प्रतिशत की ब्याज दी जा रही है। बैंक की वेबसाइट के अनुसार, एफडी की नई दरें 12 मई, 2023 से लागू हो गई हैं।

**सामान्य नागरिकों के लिए एफडी की ब्याज दरें**

- 7 दिनों से लेकर 45 दिनों तक – 3 प्रतिशत
- 46 दिनों से लेकर 180 दिनों तक – 4.50 प्रतिशत
- 181 दिनों से लेकर 210 दिनों तक – 5.25 प्रतिशत
- 211 दिनों से लेकर एक साल के कम पर – 5.75 प्रतिशत
- 1 साल से लेकर 2 साल तक – 6.75 प्रतिशत
- 2 साल एक दिन से लेकर 3 साल तक – 7.05 प्रतिशत
- 3 साल एक दिन से लेकर 10 साल तक – 6.50 प्रतिशत
- 399 दिनों की एफडी पर – 7.25 प्रतिशत

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए एफडी की ब्याज दरें**

- 7 दिनों से लेकर 45 दिनों तक – 3.50 प्रतिशत
- 46 दिनों से लेकर 180 दिनों तक – 5.00 प्रतिशत
- 181 दिनों से लेकर 210 दिनों तक – 5.75 प्रतिशत
- 211 दिनों से लेकर एक साल के कम पर – 6.25 प्रतिशत
- 1 साल से लेकर 2 साल तक – 7.25 प्रतिशत
- 2 साल एक दिन से लेकर 3 साल तक – 7.55 प्रतिशत
- 3 साल एक दिन से लेकर 5 साल तक – 7.15 प्रतिशत
- 5 साल एक दिन से लेकर 10 साल तक – 7.50 प्रतिशत

# बिहार में पेट्रोल-डीजल महंगा, उत्तर प्रदेश में भी बढ़े भाव

**नई दिल्ली।**
**वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 70.04 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं 74.17 डॉलर पर बिक रहा है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के ताजा भाव जारी कर दिए हैं। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। जून 2017 से पहले कीमतों में संशोधन हर 15 दिन के बाद किया जाता था। बिहार में पेट्रोल 43 पैसे और डीजल 40 पैसे महंगा हो गया है। इसी तरह पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 46 पैसे और डीजल का दाम 43 पैसे बढ़ गया है।**

महाराष्ट्र में पेट्रोल-डीजल क्रमशः 20 और 21 पैसे महंगा हुआ है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और पंजाब में भी पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं। दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल 88 पैसे और डीजल 78 पैसे सस्ता हो गया है। मध्य प्रदेश में भी पेट्रोल की कीमत 38 पैसे और डीजल की कीमत 36 पैसे घट गई है। चेन्नई में भी पेट्रोल-डीजल क्रमशः 10 और 9 पैसे सस्ता हुआ है।



दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.76 रुपए और डीजल 89.93 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.62 रुपए और डीजल 89.81 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# तेल-तिलहन बाजार में गिरावट का रुख रहा

**नई दिल्ली।**
दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में ज्यादातर तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट का रुख रहा। सरसों तिलहन, मूंगफली तेल तिलहन, सोयाबीन तिलहन तथा सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर तेल और बिनौला तेल के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर सस्ते आयातित तेलों की वजह से कमजोर मांग के बीच सरसों तेल, सोयाबीन डीगम तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल की कीमतें पूर्वस्तर पर बनी रहीं। बाजार के जानकार सूत्रों ने बताया कि नवंबर 2021 से अप्रैल 2022 तक के छह महीनों में देश में खाद्य तेलों का आयात 67.07 लाख टन था। यह आंकड़ा नवंबर 2022 से अप्रैल 2023 तक रिकॉर्ड बढ़त के साथ लगभग 81.1 लाख टन हो गया। इसकी मुख्य वजह, सूरजमुखी तेल के दाम में भारी गिरावट आना है। दूसरी ओर सूरजमुखी तेल से महंगा होने की वजह से मांग कमजोर रहने के कारण कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल का आयात अप्रैल में अपने पिछले महीने के मुकाबले लगभग 31 प्रतिशत घटा है। आगे इस तेल में और गिरावट संभव है। सबसे सस्ता खाद्यतेल होने के कारण मार्च 2023 के मुकाबले अप्रैल में



सूरजमुखी तेल (सॉफ्ट आयल) का आयात लगभग 68 प्रतिशत बढ़ा है। यह आयात ऐसे समय बढ़ा जब देश में सरसों की फसल तैयार हो गई थी। तेल-तिलहन की कीमतें इस प्रकार रहीं- सरसों तिलहन 4,915-5,015 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,640-6,700 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 16,460 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,475-2,740 रुपए प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 9,250 रुपए प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 1,585-1,665 रुपए प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 1,585-1,695 रुपए प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 10,240 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 10,130 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 8,550 रुपए प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 8,850 रुपए प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 8,850 रुपए प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 10,150 रुपए प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला- 9,200 रुपए (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 5,325-5,375 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 5,075-5,155 रुपए प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का) 4,010 रुपए प्रति क्विंटल।

### वित्तीय नेतृत्व का मुद्रास्फीति नियंत्रण व आपूर्ति श्रृंखला पर जोर, चीन का खुलेतौर पर जिक्र नहीं

**निगाता।** इस तीन दिनी वार्ता में सभी ने स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों के विकास के लिए स्थिर और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण में सहयोग के लिए विश्व स्तर पर आर्थिक लचीलापन बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी जताई। वित्तीय नेतृत्व ने अगले सप्ताह हिरोशिमा में जी-7 नेताओं शिखर सम्मेलन के लिए एक आधार तैयार किया, जिसमें अमेरिकी ऋण सीमा पर संकट के बावजूद राष्ट्रपति बाइडन शामिल हो सकते है। जी-7 के वित्तीय नेतृत्व ने वर्ष के अंत तक वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए एक योजना पर सहमति व्यक्त की। यह योजना ऊर्जा सुरक्षा की सुरक्षा में योगदान देगी। मसौदा विज्ञप्ति में कहा गया कि हम बैंकिंग प्रणाली में डाटा, पर्यवेक्षी और नियामक अंतराल को भी शामिल करेंगे। वर्तमान अध्यक्ष जापान ने आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता और बीजिंग पर उनकी भारी निर्भरता को घटाने पर जोर दिया।

# मोरक्को के स्टार्स की सूची में नोरा फतेही सबसे ऊपर


## -सोशल मीडिया पर लगभग 44.9 मिलियन है फॉलोअर्स



**मुंबई (ईएमएस)।** मोरक्को की एक सोशल मीडिया एजेंसी ने सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले मोरक्को के स्टार्स की सूची जारी की। सूची में नोरा फतेही सबसे ऊपर हैं। नोरा फतेही सोशल मीडिया पर सबसे सम्मानित सितारों में से एक हैं। सोशल मीडिया पर लगभग 44.9 मिलियन फॉलोअर्स के साथ, अभिनेत्री हमें अपने आकर्षण, अद्भुत नृत्य शैली और अद्भुत व्यक्तित्व से प्रभावित करती है। खैर, प्रशंसकों ने हमेशा उन्हें बेहद प्यार से सम्मान किया है। अब एक्ट्रेस ने दर्शकों को उनकी तारीफ करने की एक और वजह बताई है। लिस्ट के अनुसार, नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले मोरक्को में जन्में सितारों में से एक होने की लिस्ट को हासिल किया है। सूची मोरक्को स्थित एक मीडिया एजेंसी द्वारा जारी की गई थी, और हमारी बी-टाउन अभिनेत्री ने हमें निश्चित रूप से गौरवान्वित किया है। आपको नोरा के सूची में शीर्ष पर होने के बारे में अधिक जानकारी देते हुए, हमें यह भी पता चला है कि नोरा को वास्तव में कुछ सनसनीखेज लोग फॉलो कर रहे हैं। वैश्विक सनसनी फ्रेंच मोंटाना और पेशेवर फुटबॉलर अचरफ हकीमी, जो मोरक्को की राष्ट्रीय टीम में भी खेलते हैं, और अभिनेत्री का अनुसरण करते हैं। नोरा उनमें से हैं जो एक साथ कई भूमिकाएं निभाती हैं। वह एक असाधारण अभिनेत्री, शानदार डांसर और एक रियलिटी टीवी शो की प्रसिद्ध जज हैं। इतना ही नहीं, बल्कि फतेही झलक दिखला जा 9 और बिग बॉस 9 जैसे कुछ रियलिटी शो में भी हिस्सा ले चुकी हैं। बिग बॉस 9 में नोरा फतेही को चुलबुली और खुशमिजाज होने के लिए पसंद किया गया था। इस बीच, झलक दिखला जा 9 में उन्होंने शानदार ढंग से विभिन्न नृत्य रूपों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, लोगों ने नोरा फतेही के कुछ प्रसिद्ध डांस नंबरों जैसे साकी साकी, नाच मेरी रानी, एक तो कम जिंदगानी आदि का आनंद लिया है।

# फिल्म फतेह की शूटिंग में व्यस्त है सोनू सूद

## -दिखेगा रियल और दमदार एक्शन



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर सोनू सूद अपनी आगामी फिल्म फतेह की शूटिंग में व्यस्त है। इस फिल्म में वह दमदार एक्शन से अपनी ऑडियंस को इम्प्रेस करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। सोनू सूद इस फिल्म में ऐसे एक्शन करते हुए नजर आएंगे, जो इससे पहले आपने कभी भी नहीं देखे होंगे। फतेह में उनसे रियल एक्शन सीक्वेंस करवाने का जिम्मा किसी और ने नहीं, बल्कि हॉलीवुड के स्टंटमैन और डायरेक्टर ली विटकर ने उठाया है। सोनू सूद ने हाल ही में अपने ट्विटर अकाउंट पर हॉलीवुड के एक्टर और स्टंटमैन ली विटकर के साथ दो तस्वीरें शेयर की। इन तस्वीरों में हाथों में गन थामे सोनू सूद और एक्शन डायरेक्टर ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहे हैं। तस्वीरों को शेयर करते हुए सोनू सूद ने कैप्शन में लिखा, ली विटकर, आपका बहुत-बहुत स्वागत है। फतेह के एक्शन सीक्वेंस को शानदार बनाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जुरासिक पार्क 3, फास्ट एंड फ्यूरियस 5, एक्स-मैन के एक्शन सीक्वेंस को दमदार बनाने के पीछे इन्हीं का हाथ है और अब ये फतेह में भी दिखेगा। आपको बता दें कि लॉस एंजेलिस से विशेष टीम का नेतृत्व करने के लिए ली विटकर फिल्म फतेह से जुड़े हैं। आपको बता दें कि ली विटकर को एक्शन में 20 साल से ज्यादा का अनुभव है, इसके अलावा वह इंटरनेशनल फिल्मों और हॉलीवुड की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए सेकंड यूनिट डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं। उन्होंने सिर्फ हॉलीवुड ही नहीं, बल्कि इंडियन सिनेमा की फिल्म बाहुबली के एक्शन सीक्वेंस डिजाइन किये थे। सोनू सूद ने अपने एक ट्वीट में फैंस को ये भी बताया कि वह फिल्म फतेह में ऐसे-ऐसे एक्शन करने वाले हैं, जो उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण होंगे और इससे पहले दर्शकों ने उन्हें ऐसा करते हुए कभी नहीं देखा होगा। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ पहली बार जैकलीन फर्नांडिज की जोड़ी नजर आएगी। ये फिल्म साल के अंत में रिलीज होगी। मालूम हो कि सोनू सूद बॉलीवुड के वह अभिनेता है, जिन्हें देशभर के लोगों का खूब प्यार मिलता है। कोरोना महामारी के समय में उन्होंने बिना रुके जिस तरह से आम आदमी की मदद की, उसकी प्रशंसा हर कोई कर रहा है।

# ड्रीम गर्ल्स भी इंप्रेस हुई अल्लू अर्जुन के प्रदर्शन से

## -एक्टर की परफॉर्मेंस को खूब सराहा



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल में बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल यानी हेमा मालिनी भी अल्लू अर्जुन से इम्प्रेस नजर आईं और उन्होंने उनकी परफॉर्मेंस को खूब सराहा। अल्लू अर्जुन के बारे में बात करते हुए वेटरन एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने कहा, मैंने भी पुष्पाः द राइज देखी थी, और बड़ा मजा आया देख के। कई लोगों ने फिल्म में अल्लू अर्जुन के वॉक पर आधारित डांस स्टेप किए हैं। मुझे उनकी परफॉर्मेंस भी बहुत पसंद आई। फिर मैंने उसे (अल्लू अर्जुन) एक और फिल्म में देखा और महसूस किया कि वह इतना अच्छा दिखने वाला लड़का है। वह पुष्पा में लुंगी पहने हुए बेहद देहाती और बेहद अलग दिखता था। उसने ऐसा किरदार निभाया और फिर भी वह हीरो है। यह तारीफ लायक है कि वह इस तरह के लुक को स्पोर्ट करने और भूमिका निभाने के लिए तैयार हो गए। हमारी हिंदी फिल्म के हीरो थोड़ी ना ऐसा दिखेंगे। मुझे याद है कि रजिया सुल्तान में धरमजी को सांवला दिखना था और वह झिझक रहे थे। ऐसे में इंडस्ट्री में ऐसी फेमस एक्ट्रेस से आने वाली ये तारीफ एक परफॉर्मर के रूप में और एक इंसान के रूप में अल्लू अर्जुन की आभा के बारे में बहुत कुछ बयां करती हैं, जो केवल किसी क्षेत्र तक ही सीमित नही हैं, बल्कि पूरे देश और उसके बाहर भी उनका चार्म फैला हुआ हैं। इसके अलावा, अल्लू अर्जुन के इम्प्रेसिव लाइनअप में उनकी ब्लॉकबस्टर पुष्पाः द राइज का दूसरा पार्ट शामिल है। इस अपकमिंग फिल्म पुष्पा 2 द रूल से अल्लू अर्जुन उर्फ पुष्पराज का पहला लुक हाल ही में सामने आया था जिसने लोगों को पूरी तरह से दंग कर दिया था। फिल्म के दमदार फर्स्ट लुक को जारी करने के लिए एक प्रभावशाली कैंपेन शुरू करने के बाद, मेकर्स ने दुनिया भर में पुष्पा द रूल की शुरूआत की। इसके अलावा, सुपरस्टार ने हाल ही में निमार्ता भूषण कुमार और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा द्वारा एक अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट की घोषणा की हैं। मालूम हो कि पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन ने हमेशा अपने जोरदार प्रदर्शन से देश को प्रभावित किया है। सुपरस्टार ने अला वैकुंठपुरमलो, डीजेः दुव्वदा जगन्नाधम, पुष्पाः द राइज जैसी कई और दूसरी ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इन फिल्मों ने उन्हें हमेशा बॉक्स ऑफिस और दर्शकों, दोनों के दिलों का बादशाह बनाए रखा। बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के अलावा, अर्जुन को उनके फैन्स द्वारा उनके विनम्र और जमीन से जुड़े स्वभाव के लिए भी सराहा जाता है।

# कपिल शर्मा के शो पर मंदाकनी



मायानगरी के शौमैन राज कपूर की वहां अभिनेत्री, जिसने अपने पहली फिल्म से ही इंडस्ट्री में तहलका मचा दिया था। कई हिट फिल्में भी दी, अपना मुकाम हासिल करने में कामयाब रहीं और कुछ चर्चा में रहने के बावजूद गुमनाम हो गईं। पिछले काफी समय से पर्दे से दूर राम तेरी गंगा मैली से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली अभिनेत्री मंदाकिनी 27 साल बाद एक बार फिर वापसी की तैयारी कर रही हैं। मंदाकिनी ने पर्दे पर फिर आने की जानकारी खुद फैंस के साथ शेयर की है। मंदाकिनी जल्द टीवी पर कपिल शर्मा के शो में नजर आने वाली हैं। इस शो के लिए वह भी काफी उत्सुक हैं। द कपिल शर्मा शो में हर हफ्ते सितारों की महफिल के साथ हंसी की ठिठोली करने के लिए कपिल शर्मा टीवी, फिल्म और स्पोर्ट्स सेलेब्स को लेकर आते हैं। बीते हफ्ते जहां रवीना टंडन, गुनीत मोंगा नजर आई थीं, तब वहीं टीवी की दुनिया की दिग्गज अदाकाराओं ने अपना जलवा बिखेरा था और अब आने वाले एपिसोड में राम तेरी गंगा मैली की खूबसूरत अदाकारा मंदाकिनी नजर आने वाली हैं। मंदाकिनी ने ये गुड न्यूज खुद फैंस के साथ शेयर की है। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वहां शो के लिए तैयार होती दिखाई दे रही हैं।

# अरमान मलिक ने बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री का पूरा काला सच बताया




**मुंबई (ईएमएस)।** मशहूर सिंगर अरमान मलिक का परिवार भले ही बॉलीवुड से ताल्लुक रखता है, लेकिन इसके बावजूद भी वह एंटरेनमेंट इंडस्ट्री की गंदी राजनीति का शिकार हुए हैं। आजकल सेलेब्स पॉडकास्ट में अपने बच्चों को इस इंडस्ट्री में भेजने से बच सकते हैं। बीत दिनों बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड का कच्चा चिट्ठा खोला था, जिसमें उन्होंने कई राज खोले थे, जिससे आम लोग अंजान थे। वहीं अब अनु मलिक के भतीजे अरमान मलिक ने अपनी आप बीती सुनाकर बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री पर अपनी भड़ास निकाली है। अरमान अपनी गायकी के साथ गुड लुक्स के लिए भी पॉपुलर हैं। अरमान ने म्यूजिक इंडस्ट्री के बारे में कुछ ऐसी बातें बताईं जो सुनकर आप चौंक जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज भी बॉलीवुड की फिल्मों में गाने के लिए सिंगर्स को पैसे नहीं दिए जाते हैं। इतना ही नहीं अरमान ने बताया कि कई बार बिना कोई कारण बताए ही लोगों को प्रोजेक्ट्स से बाहर कर दिया जाता है। अरमान कहते हैं कि ऐसा उनके साथ भी बहुत बार हो चुका है जिसके बाद वहां डरे रहते हैं। अरमान ने बताया कि वह कई बार रिप्लेस किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि मैं एक सिंगर के तौर पर कैसा हूं लेकिन अगर मैंने गाना अच्छा नहीं गाया तब मैं मान लूंगा लेकिन अगर किसी और वजह और राजनीति के चलते मुझे हटाया जाता है, तब मैं ये बर्दाश्त नहीं करूंगा। अरमान मलिक ने कहा कि उनके साथ अब तक बहुत कुछ हुआ है और आज भी होता है लेकिन वह अब आगे बढ़ चुके हैं।

# अभिनय में जुगाड़बाजी नहीं चलती: नवाजुद्दीन सिद्दीकी



अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछले कई दिनों से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में थे। लेकिन निजी जिंदगी से हटकर बात जब उनके काम की होती है, तब दर्शक हमेशा से उन्हें स्क्रीन पर देखना चाहते हैं। उन्होंने एक चर्चा में कहा कि अभिनय में जुगाड़बाजी नहीं चलती। हां, कुछ लोगों की चलती है और कुछ दिन तक चलती है। शुरूआती दिनों में मैं और राजपाल एक ऑफिस गए थे, वहां सी ग्रेड की फिल्म बन रही थी, तब राजपाल ने मेरा जुगाड़ फिट करवा दिया था। उसने मेरी वहां काफी तारीफ की कि ये कमाल का अभिनेता है, आप एक सीन देंगे तब आपका मन करेगा कि दो सीन इस दें। ये कोई 17-18 साल पुरानी बात है। हम दोनों को फिल्म में ले लिया गया, हम लोग उनके ऑफिस पैसे की बात करने गए थे।

# अध्ययन सुमन ने कास्टिंग निर्देशकों पर साधा निशाना, कहा- मेरे साथ कुत्तों जैसा बर्ताव हुआ



'राज', 'हार्टलेस' और 'इश्क क्लिक' जैसी फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता अध्ययन सुमन ने बॉलीवुड में नाम कमाने के लिए काफी पापड़ बेले, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। अब उन्होंने खुलासा किया कि कैसे उन्हें इंडस्ट्री में काफी तिरस्कार मिला। लोगों ने उन्हें सलाह दी कि उन्हें बड़े लोगों के साथ पार्टी करनी चाहिए। अभिनेता ने कहा, लोग मुझसे कहते थे कि अरे जा ना पार्टी कर, उनसे साथ घुल-मिल। अध्ययन सुमन ने बताया कि नौकरी पाने के लिए उन्होंने जो कुछ भी किया, वह किया, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। अध्ययन ने कहा, मुझे रात के 2 बजे कास्टिंग डायरेक्टर्स का फोन आया और उन्होंने कहा कि अभी आजा पार्टी करने के लिए और मैं ऐसी पार्टियों में जाता था। मैं नौकरी पाने के लिए बेताब था, लेकिन कुछ समय बाद मुझे कुत्ते जैसा महसूस हुआ। अध्ययन ने ये भी बताया कि वो उन कास्टिंग डायरेक्टर्स को मना भी नहीं कर सकते थे, क्योंकि अगर वो ऐसा करते तो उनके ईगो को ठेस पहुंचती। अभिनेता ने यह भी खुलासा किया कि निर्देशक कलाकारों को इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के आधार पर भी कास्ट करते हैं। जिनके ज्यादा फॉलोअर्स होते हैं उन्हें मौका मिलता है। हालांकि अध्ययन का कहना है कि वह रील आदि नहीं बना सकता, क्योंकि उसे यह सब पसंद नहीं है। वह सिर्फ अभिनय करना चाहता है।

# राघव चड्ढा की हुई परिणीति, सगाई की तस्वीरें आई सामने



बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने सगाई कर ली है। यह कार्यक्रम दिल्ली के कपूरथला हाउस में आयोजित किया गया था। उनकी सगाई में फिल्म इंडस्ट्री और राजनीति के 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे। अब उनकी सगाई की तस्वीरें सामने आई हैं। आप सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर सगाई की खास तस्वीरें पोस्ट की हैं। इस फोटो में राघव चड्ढा और परिणीति की सगाई की अंगूठी देखी जा सकती है। बता दें कि इस इवेंट के लिए परिणीति और राघव का खास लुक था। परिणीति ने इस बार व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी है। राघव भी सेम कलर का सूट पहने नजर आ रहे हैं। राघव ने तस्वीर के साथ लिखा, "मैंने प्रार्थना की..आखिरकार उसने हां कह दिया।" साथ ही उन्होंने रिंग वाली इमोजी भी शेयर की है।

परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा के सगाई समारोह में उनके परिवार और करीबी दोस्तों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रियंका चोपड़ा और मनीष मल्होत्रा के अलावा कई राजनीतिक नेता भी मौजूद रहे।

# जेनिफर मिस्त्री ने लगाया यौन शोषण का आरोप

छोटे परदे की अभिनेत्री जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने बृहस्पतिवार को कार्यक्रम के निमार्ता असित कुमार मोदी और दो अन्य पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। जेनिफर तारक मेहता का उल्टा चश्मा धारावाहिक में रोशन सोढ़ी का किरदार निभा रही थी। वहीं निमार्ता मोदी ने आरोपों को निराधार बताया है। मोदी ने दावा किया कि शो में दुर्व्यवहार के कारण उन्हें हटा दिया गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें और शो को बदनाम करने की कोशिश को लेकर अभिनेत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। वहीं बंसीवाला ने कहा कि उन्होंने आठ अप्रैल को राष्ट्रीय महिला आयोग और मुंबई पुलिस सहित संबंधित अधिकारियों को एक औपचारिक पत्र भेजा, जिसमें मोदी, परियोजना प्रमुख सोहेल रमानी और कार्यकारी निमार्ता जतिन बजाज पर यौन उत्पीड़न और एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया।

# मौनी को काफी समय बाद देखा गया पति सूरज संग



हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय को काफी समय बाद पति सूरज नांबियार संग एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां दोनों एक साथ जबरदस्त केमिस्ट्री बनाते नजर आए। अब कपल की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान मौनी रॉय व्हाइट क्रॉप टॉक के साथ मैचिंग लोअर में कैजुअल नजर आईं। इसके साथ ही उन्होंने व्हाइट स्नीकर्स पहने हैं। लुक को उन्होंने न्यूड मेकअप और खुले बालों के साथ कंप्लीट किया। वहीं, एक्ट्रेस के पति भी व्हाइट टी शर्ट के साथ ब्लैक लोअर में कैजुअल लग रहे हैं। एक साथ कपल की केमिस्ट्री देखते ही बन रही है। दोनों एक दूसरे के क्लोज होकर कैमरे के लिए परफेक्ट पोज दे रहे हैं।

## सूडोकु नवताल- 6431

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6430 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7178

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | म | गा | ई | ड | र | रे | फा | न | प | खा |
| न | ल | क | प | इं | डो | श | शि | या | ड़ | मो |
| अ | दा | क | ला | र | ग | मा | द | प्रे | प | शी |
| ती | ग | ल | म | ब | दू | औ | प | म | लि | ला |
| त | स | अ | सौ | ल | जा | र | कि | पु | ला | स |
| आ | इ | री | मो | व | आ | शे | त | जा | लू | पा |
| ग | जी | ल | क | व | प | रा | न | री | प्र | स |
| र | रि | भा | र | स | प | स | द | र | रा | वा |
| को | ह | रा | ना | थ | म | ज | जी | न | खी | न |
| न | ट | प | त्थ | र | के | स | न | म | प | श |
| ब | बी | स | सा | ल | बा | द | त्ता | प | क | र |

*शब्दजाल में 'वहीदा रहमान' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

गाईड,नीलकमल,प्रेम पुजारी,रेशमा और शेरा,खामोशी,पत्थर के सनम,तीसरी कसम,कोहरा,राखी,बीस साल बाद

### शब्दजाल - 7177 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | अ | ए | अ | बा | ग | बां | व |
| द | ज | ल | श | ज | मे | स | द | ह | कां | मो |
| र | स | न | रा | दी | छ | ज | आ | र्म | ख | ह |
| इं | स | ल | बी | दि | वा | स | र | ल | श | ब्ब |
| डि | आ | दो | ग | बो | ज | ना | प | सा | झ | तें |
| य | को | द | र | दि | ग | उ | खु | ण | ब | क |
| ती | व | लि | मी | या | प | र | दा | नां | व | सु |
| अं | एं | अ | या | द | ब | क | ग | ए | श | हा |
| क | ग | ल | प | र | गी | स | वा | औ | प | ग |
| अं | धा | का | नू | न | जी | त | ह | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | आं | खें | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6131

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 5 | | 3 | | 1 |
| | 33 | | 36 | | 27 | |
| 3 | | 4 | 6 | 7 | | 2 |
| | 36 | | 30 | 1 | 26 | |
| 5 | | 7 | | | 3 | |
| | 36 | 6 | 32 | | 34 | 3 |
| | 2 | | 4 | 5 | | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6130 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 33 | 1 | 23 | 6 | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 42 | 4 | 29 | 4 | 25 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | 7 | 33 | 2 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# नीरज चोपड़ा एफबीके गेम्स में लेंगे हिस्सा : 4 जून को नीदरलैंड के हेंगेलो में होगा टूर्नामेंट ; डायमंड लीग के बाद दूसरे निशाने के लिए तैयार

पानीपत।

देश में गोल्डन बॉय के नाम से फेमस स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 4 जून को नीदरलैंड में होने वाले फैनी ब्लैंकर्स-कोएन गेम्स गेम्स 2023 में भाग लेंगे। एफबीके गेम्स एक डच एथलेटिक्स मीट है, जो हर साल हेंगेलो के फैनी ब्लैंकर्स-कोएन स्टेडियम में आयोजित की जाती है। यह एकदिवसीय मीट एलीट-लेवल वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज का हिस्सा है।

एफबीके गेम्स नीरज चोपड़ा का साल 2023 का दूसरा इवेंट होगा। भारतीय भाला फेंक एथलीट ने इसी महीने की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग जीतकर अपनी इस साल की पहली ही प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता में खिताब अपने नाम किया था। मौजूदा डायमंड लीग चैंपियन नीरज चोपड़ा ने कतर स्पोर्ट्स क्लब में 88.67 मीटर के थ्रो के साथ दोहा लीग जीता था।

### फैनी ब्लैंकर्स-कोएन के नाम पर होते हैं एफबीके गेम्स

एफबीके गेम्स वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड लेवल मीट है। इसका नाम लंदन में 1948 के ओलिंपिक खेलों में चार स्वर्ण पदक जीतने वाले डच ओलंपियन फैनी ब्लैंकर्स-कोएन पर पड़ा था। मौजूदा डायमंड लीग चैंपियन चोपड़ा एफबीके गेम्स में फिर से मौजूदा विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स का सामना करेंगे।

दुनिया के शीर्ष दो जैवलिन थ्रोअर्स के बीच एक महीने में ये दूसरी भिड़ंत होगी। पीटर्स दोहा में 85.88 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे, जबकि ओलिंपिक रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के जैकब वडलेज्च 88.63 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे।


### तुर्की के एंटाल्या में प्रशिक्षण ले रहे हैं नीरज चोपड़ा

दोहा में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद पीटर्स ने कहा था कि उनकी अगली प्रतियोगिता हेंगेलो में होगी। पिछले साल चोपड़ा यूएसए में विश्व चैंपियनशिप में पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा तुर्की के एंटाल्या में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वह 27 जून को चेक गणराज्य में एक और विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड लेवल मीट में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक इवेंट में भी हिस्सा लेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सूर्यकुमार बोले- पत्नी के सामने पहला शतक: उसने मेरा तीनों इंटरनेशनल शतक मिस किया; स्टेडियम में पूरे परिवार को देखकर अच्छा लगा

मुंबई। वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव ने



शतकीय पारी खेलने के बाद कहा, स्टेडियम में पूरे परिवार को देखकर अच्छा लगा, खासकर देविशा को। क्योंकि उसने मेरा तीनों इंटरनेशनल टी-20 शतक मिस किया है। वो मैच देखने ही नहीं आ पाई थी। उन्होंने आगे कहा, लेकिन, अब बहुत अच्छा लगा वो स्टेडियम में थी और मेरा शतक बन गया, अब किसी के पास ये कहने का मौका नहीं होगा कि देविशा स्टेडियम आई और इसी वजह से वो शतक नहीं जड़ पाए। सूर्यकुमार यादव ने गुजरात के खिलाफ मैच में 49 गेंद पर 103 रन बनाकर नॉटआउट रहे। उन्होंने पारी की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में मुंबई ने गुजरात को 27 रन से हराया। सूर्या ने 103 रनों की नाबाद पारी में 11 चौके और 6 छक्के जड़े। सूर्या का यह आईपीएल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। सूर्या की पारी की तारीफ टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी की। उन्होंने मैच के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो सूर्या के पास अदभुत आत्मिविश्वास है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत में हम चर्चा कर रहे थे कि क्या हमें दाएं और बाएं हाथ के कॉम्बिनेशन के साथ चलना चाहिए। सूर्या ने कहा कि नहीं, मैं बल्लेबाज़ी के लिए पहले जाना चाहता हूं। वह कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखते।

### आचारसंहिता उल्लंघन के आरोप में क्लासेन पर जुर्माना, अमित को चेतावनी दी गयी

**हैदराबाद** । आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को तीन विकेट से हराकर शीर्ष



चार टीमों में जगह बनायी है। इस मैच में आचारसंहिता उल्लंघन के मामले में लखनऊ के लेग स्पिनर अमित मिश्रा और हैदराबाद के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन को सजा मिली है। इन दोनो पर रह ही आईपीएल आचारसंहिता उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इसके लिए क्लासेन पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। वहीं अमित को फटकार लगायी गयी है। हेनरिक ने आचार संहित के लेवल-1 का अपराध स्वीकार कर लिया है। इसके तहत गैरजरुरी बयानबाजी और प्रशंसकों की आलोचना को कारण माना जाता है। इसके साथ ही हेनरिक ने अंपायर के फैसले की भी आलोचना की थी। इसके लिए उनकी 10 फीसदी मैच फीस काटीम गयी थी। क्लासेन ने लखनऊ और हैदराबाद के बीच खेले गए मैच के बीच में ही कहा था कि वह प्रशंसकों के रवैये से निराश हैं और ऐसा व्यवहार मैदान में नहीं चाहते। इस मैच में पारी के 19वें ओवर में आवेश खान की एक गेंद को मैदानी अंपायर ने नो बॉल बताया था। यह गेंद अब्दुल समद के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर उनके पैर पर लगी थी। इसके बाद लखनऊ ने नो-बॉल के खिलाफ अपील की थी जिसके बाद टीवी अंपायर ने मैदानी अंपायर के फैसले को बदल दिया था। इसी बात पर समद के साथ बल्लेबाजी कर रहे क्लासेन भड़क गए और उन्होंने इस फैसले को लगत बताया और लखनऊ के डगआउट की ओर देखकर कुछ कहा।

### 16 मई को लखनऊ में रहेंगे सचिन

**लखनऊ** । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर 16 मई लखनऊ के इकाना स्टेडियम में रहेंगे। इससे यहां के



क्रिकेट प्रशंसकों में उत्साह की लहर दौड़ गये है। तेंदुलकर मुम्बई टीम के के मेंटॉर हैं और इसी लिए वह अपनी टीम को सलाह देने के लिए उसके साथ रहेंगे। इस साल आईपीएल मुकाबले के कारण लखनऊ में कई बड़े खिलाड़ियों आये हैं। इसमें पूर्व कप्तान विराट कोहली और महेंद्र सिंह भी धोनी शामिल हैं। इस मैच में मुम्बई के कप्तान रोहित भी खेलेंगे। इस मैच का कार्यक्रम जारी होने के बाद से ही इसको लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। तेंदुलकर पहले भी कई बार लखनऊ आये थे। साल 1994 में इस बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ही एक टेस्ट मुकाबला खेला था। यहां सचिन ने 22 चौकों की सहायता से शानदार 142 रन बनाये थे। वहीं अब एक बार फिर सचिन यहां आ रहे हैं पर वह इस बार वह अपनी टीम को मार्गदर्शन देते नजर आयेंगे। क्रिकेट संघ को उम्मद है कि तेंदुलकर और रोहित शर्मा को देखने के लिए इकाना स्टेडियम भरा रहेगा। इस मैच में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहेंगे जिससे कोई इनके पास न पहुंच सके।

सुदीरमन कप 2023 में भारतीय टीम की खराब शुरुआत

# चीनी ताइपे ने 4–1 हराया ; तृषा–गायत्री की जोड़ी जीती

**मुंबई।**

भारतीय बैडमिंटन टीम को सुदीरमन कप 2023 के अपने पहले मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाफ 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप में अब तक एक भी पदक न जीत पाने वाली भारतीय टीम ने शुरुआती चारों मैच गंवा दिए। भारतीय टीम को मिक्स्ड डबल्स, मेंस सिंगल्स, विमेंस सिंगल्स और मेंस डबल्स में हार का समाना करना पड़ा। वहीं विमेंस डबल्स में तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जीतकर भारत को 7 पॉइंट दिलाए। पहला मैच मिक्स्ड डबल्स का खेला गया। जिसमें अश्विनी पोनप्पा और के साई प्रतीक की भारतीय जोड़ी को होंग वेई और ली चिया सीन से हार का सामना करना पड़ा। ताइपे जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को पहले गेम में 18-21 से हराया। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी कर इसे 26-24, से जीत लिया। वहीं तीसरे गेम में ताइपे जोड़ी ने शुरुआत से बढ़त बना लिया और भारतीय जोड़ी को वापसी करने का मौका नहीं दिया। इस गेम को 21-6 से जीत लिया।

**एचएस प्रणय लगातार दोनों गेम गंवाए** - वहीं दूसरा मैच मेंस सिंगल्स का खेला गया। मेंस सिंगल्स मुकाबले में भी भारत के एचएस प्रणय को दुनिया के नंबर पांच चाउ टिएन चेन से हार का सामना करना पड़ा। चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन ने प्रणय को 21-19, 21-15 से हराया।

**सिंधु ने भी गंवाया अपना मैच** - तीसरा मैच विमेंस सिंगल्स का हुआ।



इसमें पीवी सिंधु अपना मुकाबला पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ताई जू से 21-14, 18-21 21-17 से हार गईं। सिंधु की ताई जू से यह 18वीं हार है। अब तक हुए 23 मुकाबले में ताई जू ही भारी पड़ी हैं। सिंधु को केवल 5 बार जीत मिली है।

सिंधु ने ताई जू से पहला गेम 14-21 से हारने के बाद दूसरे गेम में वापसी की और इसे 21-18 से जीत लिया। वहीं तीसरे गेम में ताई जू ने सिंधु को 21-17 से हराकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले सात्विक-चिराग भी डबल्स में हारे** - चौथा मैच मेंस डबल्स का खेला गया। इसमें सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीनी ताइपे की ली यांग और वांग ची-लिन से 21-13, 17-21, 21-18 हार का सामना करना पड़ा। पहला गेम लीयांग और वांग ची लीन की जोड़ी ने आसानी से 21-13 से जीत लिया। लेकिन दूसरे गेम में उन्हें भारतीय जोड़ी से चुनौती का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए वर्ल्ड नंबर 12 ली यांग और वांग ची लिन को 21-16 से हराया। वहीं तीसरा गेम चीनी ताइपे की जोड़ी ने 21-18 से जीत कर यह मैच जीत लिया।

**तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने भारत को 7 पॉइंट दिलाए** - आखिरी और पांचवां मैच विमेंस डबल्स के खेले गए। इस में तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने ली चिया सीन और टेंग चुन सुन जोड़ी को हरा कर भारत को 7 पॉइंट दिलाया। पहले गेम में भारतीय जोड़ी को 21-15 से हार मिली। उसके बाद तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने वापसी करते हुए दूसरे गेम को 21-18 और तीसरे गेम को 21-13 से जीत कर भारत को पहली जीत दिलाई।

**पांच कैटेगिरी में खेला जाता है सुदीरमन कप** - सुदीरमन कप पांच कैटेगिरी में होता है। इसमें विमेंस सिंगल्स, मेंस सिंगल्स, विमेंस डबल्स, मेंस डबल्स और मिक्सड डबल्स के कैटेगिरी मे मैच होते हैं। सबसे ज्यादा कैटेगिरी जीतने वाली टीम विजेता होती है।

**कितनी टीमों ने किया है क्वालिफाई** - सुदीरमन कप के 18वें एडिशन के लिए इस बार 16 टीमों ने क्वलिफाई की है। 16 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत ग्रुप सी में है। इस ग्रुप में मलेशिया, चीनी ताइपे और ऑस्ट्रेलिया है। वहीं ग्रुप ए में डिफेंडिंग चैंपियन चीन, डेनमार्क, सिंगापुर और मिस्र है। जबकि ग्रुप बी इंडोनेशिया, थाईलैंड, जर्मनी और कनाडा की टीम शामिल है। वहीं ग्रुप डी में जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस और इंग्लैंड शामिल हैं।

**प्रत्येक ग्रुप की टॉप टीमें पहुंचेगी क्वार्टर फाइनल में** - प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी जो 19 मई को होगा। सेमीफाइनल 20 मई को खेला जाएगा और फाइनल 21 मई को होगा। भारत ने पिछले महीने दुबई में हुए एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इसके लिए क्वालिफाई किया है। सुदीरमन कप में भारत क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ सका है। भारत दो बार 2011 और 2017 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है।

# यशस्वी बीसीसीआई चयनकर्ता के लिए अच्छे सिरदर्द साबित होंगे : स्मिथ

**नई दिल्ली।**

**साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जूदा आईपीएल 2023 में उनके शानदार प्रदर्शन की जमकर प्रशंसा की। जायसवाल के शानदार प्रदर्शन ने सभी का दिल जीत लिया है, क्योंकि उन्होंने 12 मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 52.27 औसत से 572 रन बनाए हैं। इसके अलावा जायसवाल ऑरेंज कैप हासिल करने के लिए निश्चित रूप से रेस में है।**




उनकी प्रभावशाली पारियों से खुश होकर, ग्रीम स्मिथ ने कहा कि जायसवाल, इशान किशन और शुभमन गिल की पसंद को छोड़कर, युवा प्रतिभाओं का चयन करने के मामले में बीसीसीआई के लिए सिरदर्द होगा। स्मिथ ने कहा, चयन के मामले में जायसवाल निश्चित रूप से दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। फिलहाल वह इतना ही कर सकते हैं। उन्होंने उस पर काबू पा लिया है। भारतीय क्रिकेट को रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल के रूप में सीनियर क्रिकेटरों जैसे कई विकल्प मिले हैं, जो अब चोटिल हैं। आपके पास ईशान किशन और शुभमन गिल भी हैं। चयनकर्ताओं के पास निश्चित रूप से कुछ अच्छे सिरदर्द हैं, लेकिन यशस्वी ने निश्चित रूप से चयनकर्ताओं की चर्चा में अपना नाम रखा है।

जायसवाल ने केकेआर के खिलाफ अपने सबसे हालिया मैच में 47 गेंदों में नाबाद 98 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 12 चौके और पांच छक्के शामिल थे। स्मिथ ने कहा कि जायसवाल ने पिछले आईपीएल सीजन के हिसाब से इस बार महत्वपूर्ण प्रगति की है। स्मिथ ने कहा, ठीक है, वह अविश्वसनीय रहा है। मैंने उसके कुछ घरेलू प्रदर्शन देखे हैं जो वास्तव में अच्छे रहे हैं। आप आईपीएल के पिछले सीजन से उसके खेल में वृद्धि भी देख सकते हैं। मुझे जायसवाल को खेलते हुए देखना बहुत पसंद है। उस अभी स्ट्रोक प्ले मिला है, खासकर ऑफ साइड पर और लेग साइड में ताकत विकसित हुई है जिसने उसे गतिशील बना दिया है।

# चोटिल शाकिब आयरलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच से बाहर

**चेम्सफोर्ड।**

**बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब अल हसन उंगली में चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे से बाहर हो गए हैं और वह छह सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान फील्डिंग करते हुए शाकिब की दाहिनी उंगली में चोट लग गई थी। यह घटना तब हुई जब आयरलैंड की पारी में शाकिब ने मेहदी हसन मिराज की गेंद पर जॉर्ज डॉकरेल का कैच छोड़ा।**

हालांकि, ऑलराउंडर ने बल्लेबाजी की और पांच चौके लगाकर 26 रन बनाए। शाकिब ने नजमुल हुसैन शान्तो के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन जोड़े, जिनके पहले एकदिवसीय शतक ने बांग्लादेश को तीन विकेट से जीत दिलाई।

36 वर्षीय शाकिब को अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के एकमात्र टेस्ट के लिए अपनी



फिटनेस साबित करनी होगी। टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने शाकिब के छह सप्ताह तक खेल से बाहर रहने की बात कही।

आईसीसी ने बायजेदुल के हवाले से कहा, दूसरे वनडे में कैच लेने के प्रयास में शाकिब की दाहिनी तर्जनी अंगुली में चोट लग गई थी।

उन्होंने कहा, एक एक्स-रे में तर्जनी में फ्रैक्च र की पुष्टि हुई। इस तरह की चोटों को ठीक होने में आमतौर पर लगभग छह सप्ताह लगते हैं। वह आयरलैंड के खिलाफ आखिरी मैच के लिए उपलब्ध नहीं है।

बांग्लादेश वर्तमान में आयरलैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग श्रृंखला में 1-0 से आगे है और फाइनल मैच में बड़ी जीत के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच सकता है।

# हमारी भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं एमएस धोनी, आपको खेलना जारी रखना चाहिए : हरभजन सिंह

**चेन्नई।**

भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने एमएस धोनी से आग्रह किया है कि वह दिल न तोड़ें और अपने प्रशंसकों की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। उन्होंने साथ ही कहा कि धोनी को आईपीएल में खेलना जारी रखना चाहिए क्योंकि उनमें अभी काफी क्रिकेट बाकी है। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर कहा, एमएस धोनी ने समय रोक दिया है। वह अभी भी वही पुराने धोनी दिखते हैं। वह उन बड़े शॉट्स को हिट कर रहे हैं, उन सिंगल्स को ले रहे हैं । हालांकि वह अपनी पूरी गति से नहीं दौड़ रहे हैं, वह आसानी से उन छक्कों को मार रहे हैं और फिर भी बल्ले से खतरनाक दिखता है। एमएसडी हमारी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएं। आपको खेलना जारी रखना चाहिए। इस बीच, भारत की पूर्व क्रिकेटर मिताली राज ने सीएसके के कप्तान की शोर को दूर रखने और टीम को वह करने में मदद करने के लिए सराहना की है, जिस निरंतरता के लिए वह जानी जाती है।

मिताली ने कहा, जब कोई खिलाड़ी अपने करियर के अंतिम छोर पर पहुंचता है तो बहुत सारे शोर होते हैं। एमएस धोनी ने इस शोर को शानदार ढंग से बंद कर दिया और इस सीजन में धीरे-धीरे अपनी टीम का मार्गदर्शन किया। उन्होंने सीएसके को अब तक शीर्ष दो स्थानों की तलाश में रहने में मदद की है। ऐसा नहीं है। सिर्फ उनकी कप्तानी, बल्कि उनके द्वारा बनाई गई ऑन-फील्ड रणनीतियों ने सीएसके को अच्छा प्रदर्शन करने में मदद की है। मिताली ने कहा, टूर्नामेंट में उन्होंने कई स्मार्ट चालें चलीं हैं। अजिंक्य रहाणे इस बात का एक आदर्श उदाहरण हैं कि कैसे एक खिलाड़ी एक अच्छे कप्तान के तहत खुद को पुनर्जीवित करता है।



घर में केकेआर के खिलाफ जीत एमएस धोनी की टीम को 12वीं बार आईपीएल के अंतिम-चार में पहुंचा देगी।

# प्रभासिमरन को 40, 50 से जादुई 100 रन तक पहुंचते देखना अच्छा लगा: ब्रेट ली

**नई दिल्ली।**

**प्रभसिमरन सिंह की अगुआई में पंजाब किंग्स की दिल्ली कैपिटल्स पर शानदार जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रैट ली ने कहा कि मौजूदा आईपीएल में युवा सलामी बल्लेबाज को 40 और 50 के स्कोर से जादुई 100 रन तक जाते देखना शानदार था। पंजाब किंग्स ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2023 के मैच नंबर 59 में दिल्ली कैपिटल्स को 31 रन से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। दूसरी ओर, डीसी के लिए हार का मतलब था कि वे अब प्लेऑफ सप्ताह में आगे नहीं बढ़ सकते।**



प्रभसिमरन सिंह (103 रन) के शानदार शतक के दम पर दिल्ली के सामने जीत के लिए 168 रनों का मुश्किल लक्ष्य निर्धारित किया, लेकिन डीसी अपने 20 ओवरों में केवल 136/8 ही जुटा सकी। स्पिनर हरप्रीत बराड़ पंजाब की जीत में प्रमुख थे, जिन्होंने चार ओवर में 4/30 लिए जबकि दूसरे स्पिनर राहुल चाहर ने अपने चार ओवरों में 2/16 रन विकेट लिए। दोनों ने मैच को पीबीकेएस के पक्ष में वापस खींच लिया जब दिल्ली की टीम लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी।

डीसी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (54 रन) और फिल सॉल्ट (21 रन) सातवें ओवर में अपनी टीम के स्कोर 69 पर अलग हो गए थे, लेकिन वहां से दिल्ली के लिए उसका पतन शुरू हुआ। इस जीत से पंजाब किंग्स के 12 मैचों में 12 अंक हो गए हैं जबकि डीसी 12 मैचों में 8 अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। जियोसिनेमा आईपीएल विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने कहा, उन्होंने मिचेल मार्श के सिर्फ एक ओवर में दो छक्के जड़े। हमने उन्हें घरेलू स्तर पर इस तरह बल्लेबाजी करते हुए देखा है। लेकिन ऐसे समय आना और दबाव के बावजूद ऐसे मुश्किल विकेट पर ऐसे शॉट्स खेलना यह दिखाता है कि वह प्रशंसा के पात्र क्यों हैं।

ब्रेट ली ने कहा: वह बहुत अच्छा खेला। है ना वास्तव में, उसने छह छक्के लगाए। उसने गेंदबाजी की और स्पिनरों के खिलाफ बहुत अच्छी तरह से स्वीप किया। मेरे लिए इस विकेट पर खेलने का यह सबसे अच्छा तरीका है। उन्हें 40 और 50 के स्कोर से जादुई 100 अंक तक जाते हुए देखकर अच्छा लगा, इसलिए उन्हें और पंजाब किंग्स को भी बधाई। पार्थिव पटेल ने स्पिनर हरप्रीत बराड़ के अनुशासित प्रदर्शन की भी तारीफ की। जिस तरह से उन्होंने शुरूआत की वह बहुत अच्छी नहीं थी लेकिन यदि आप उसके बाद सभी गेंदों को देखते हैं: यह स्टंप्स को हिट कर रहे थे। मनीष पांडे बोल्ड हो गए, डेविड वार्नर एलबीडब्लू थे। मुझे लगता है कि इस विकेट में यह सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है, जब गेंद नीचे और थोड़ा भी मुड़ता है, तो अगर आप स्टंप्स पर गेंदबाजी कर रहे हैं तो आपके विकेट लेने की संभावना अधिक होती है।

### फीफा ने की अवैतनिक खिलाड़ियों के लिए फंड की घोषणा

**जिनेवा** । इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) ने फीफा फंड फॉर फुटबॉल प्लेयर्स (फीफा एफएफपी) के अपने तीसरे चरण में 225 अवैतनिक खिलाड़ियों को मुआवजा देने की घोषणा की है। फीफा ने कहा कि फंड उन खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जिन्हें भुगतान नहीं किया गया है और उनके पास अपने क्लबों के साथ सहमत वेतन प्राप्त करने का कोई मौका नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, फंड के लिए कुल बजट 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। फीफा ने पिछली दो अवधियों में 1 जुलाई, 2015 से 30 जून, 2020 तक पहले ही आठ मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान कर दिया है, और 1 जनवरी, 2021 और 31 दिसंबर, 2021 के बीच तीसरे चरण में अन्य चार मिलियन आवंटित किए जाएंगे। फीफा के पेशेवर फुटबॉल संबंध और विकास निदेशक ओनेर्ला डेसरी बेलिया ने कहा कि फीफा द्वारा दुनिया भर के 1,370 खिलाड़ियों को पहले ही भुगतान किया जा चुका है।

## चाय एंटी आक्सीडैंट्स का उत्तम स्रोत

यू.एस. डिपार्टमैंट आफ एग्रीकल्चर एंड ह्यूमन न्यूट्रीशनल रिसर्च के विशेषज्ञों के एक शोध के अनुसार चाय एंटी आक्सीडैंट्स का उत्तम स्रोत है जिससे बहुत से स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। हरी और काली चाय में पाया जाने वाला पॉलीफीनोल अन्य किसी एंटी आक्सीडैंट की तरह शरीर के सैल्स को सुरक्षा प्रदान करता है। इस शोध में यह भी पाया गया कि चाय में मौजूद एंटीआक्सीडैंट्स की क्षमता फलों व सब्जियों की तुलना में अधिक होती है।




## बच्चों में फूड फोबिया

कुछ बच्चे खाने और पीने को लेकर बहुत ही प्रतिबंधीत हो सकते हैं। वे अक्सर कुछ खानों से बचते हैं क्योंकि वे बिमार होने और नए खाने और गेगिंग, चोकिंग से डरते हैं। खाने और पीने से मना करने पर खाने के समय युद्धक्षेत्र में बदल सकता है। हालांकि फूड फोबिया वाले बच्चे स्वस्थ होते है और ग्रोथ और विकास सही ढंग से करते है जो वो खाते है या पीते हैं उसी से ज्यादा कैलोरी और पोषक मिलते हैं।



# शरीर को परफेक्ट शेप देती है स्विमिंग



इस जानलेवा गर्मी में आपके सेहत और स्वास्थ के लिए परफेक्ट है स्विमिंग। स्विमिंग करना है ही ऐसा शौक! जिससे बहुत दिनों तक दूर रहा ही नहीं जा सकता और अगर आपको स्वीमिंग के सेहतभरे लाभ पता चल जाएंगे तो आप झट से पूल की ही ओर दौड़ेगे। स्विमिंग अपने आपमें एक बेहतरीन एक्सरसाइज है जो हमारे शरीर को आकर्षक बना देता है। शायद इसी कारण से महिलाओं को स्विमिंग करना इतना पसंद आता है।

### बॉडी को बनाए लचीला

बॉडी में ज्यादा से ज्यादा लचीलापन लाने के लिए काफी लोग जिम और अन्य प्रकार के व्यायामों की मदद लेते हैं। लेकिन स्विमिंग करना भी एक एक्सरसाइज ही है। जिससे आपके शरीर के हर हिस्से में लचीलापन बना रहता है।



### स्ट्रेस करें दूर

तनाव रहने पर आप किसी भी काम के ठीक से नहीं कर पाते। लेकिन स्विमिंग करने से टेंशन से राहत मिलती है और आपका माइंड अच्छे से काम करेगा। इससे आपके पूरे शरीर की एक्सरसाइज हो जाती है।

### मोटापा होता है कम

स्विमिंग को कैलोरी बर्न वाले बेहतर एक्सरसाइज में से एक है। तैरने से मोटापर कंट्रोल में रहता है और वजन भी कम होता है। हर रोज 30 मिनट तैरने से शरीर से लगभग 440 कैलोरी कम हो जाती है।

### पूरे शरीर का व्यायाम

स्विमिंग करते वक्त आप पूरे शरीर की ताकत लगती है तो वो एक अच्छा वर्कआउट माना जाता है। अगर आपको कोई एक ऐसा व्यायाम पसंद करना हो जिसमें पूरे शररीर का उपयोग होता हो तो, स्वीमिंग से अच्छा और क्या हो सकता है भला।

### दिल और फेफड़े

तैराकी एक ऐसा व्यायाम है जिसको करने से सांस बार-बार अंदर बाहर खींचनी पड़ती है। इसलिए यह दिल और फेफड़े के लिए अच्छी मानी जाती है। स्विमिंग कर लेने से आपके शरीर को दिमाग को बहुत राहत मिलती है।

# गर्मी में आपका सच्चा साथी है पुदीना



पुदीना एक अच्छा माउथफ्रेशनर तो है ही ये हाजमे के लिए भी बहुत अच्छा है। इसके सेवन से पाचन क्रिया दुरूस्त रहती है। पुदीने की चटनी बहुत स्वादिष्ट होती है। पुदीना शानदार एंटीबॉयटिक की तरह भी काम करता है। गर्मियों पुदीना के इस्तेमाल के ढेरों फायदे हैं। आइए हम आपको पुदीने के कुछ खास गुणों के बारे में बताते हैं।

### देशी प्राकृतिक माउथफ्रेशनर

मुंह में बदबू आने पर पुदीने का सेवन करना चाहिए। पुदीने के रस को पानी में मिलाकर कुल्ला करने से मुंह की बदबू दूर होती है। इससे मुंह में ठंडक का भी एहसास होता है।

### घाव पर असरदार

पुदीना का रस किसी घाव पर लगाने से जख्म जल्दी भर जाते हैं। यदि किसी घाव से बदबू आ रही है तो इसके पत्ते का लेप लगाने से बदबू आना बंद हो जाती है। पुदीना कई प्रकार के चर्म रोगों को समाप्त करता है। चर्म रोग होने पर पुदीना के पत्तों का लेप लगाने से आराम मिलता है।

### लू से बचाता है पुदीना

गर्मी में लू लगने के के बाद पुदीने का सेवन करना चाहिए। लू लगने पर रोगी को पुदीने का रस और प्याज का रस देने से फायदा होता है। बुखार होने पर पुदीना पीना चाहिए, इससे बुखार में फायदा होता है। बुखार में पुदीने को पानी में उबालकर थोड़ी चीनी मिलाकर उसे गर्म-गर्म चाय की तरह पीना चाहिए।



### कई रोगों में काम आता है

हैजा होने पर पुदीना बहुत फायदा करता है। हैजा होने पर पुदीना, प्याज का रस, नींबू का रस बराबर-बराबर मात्रा में मिलाकर पिलाने से लाभ होता है। उल्टी होने पर आधा कप पुदीना का रस हर दो घंटे पर रोगी को पिलाइए, इससे उल्टी आना बंद हो जाएगा। टॉसिल्स से परेशान हैं तो पुदीने के रस में सादा पानी मिलाकर इससे गरारे करना फायदेमंद होगा।

### पेट का दोस्त

अजीर्ण होने पर पुदीने का रस पानी में मिलाकर पीने से फायदा होता है। पेटदर्द होने पर पुदीने को जीरा, हींग, काली मिर्च में नमक मिलाकर पीने से पेट का दर्द समाप्त हो जाता है।

### महिलाओं का साथी

पुदीना महिलाओं का सच्चा दोस्त है गर्भवती महिला को प्रसव के समय पुदीने का रस पीना चाहिए, इससे आसानी से प्रसव हो जाता है। ताजा-हरा पुदीना पीसकर चेहरे पर बीस मिनट तक लगा लें। फिर ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इससे त्वचा की गर्मी समाप्त होती है और ग्लो आता है।

### हिचकी का एंटी डोज

हिचकी आने पर पुदीना का प्रयोग करना चाहिए, इससे हिचकी आना बंद हो जाता है। अगर पैर के तलवों जलन की शिकायत रहती है तो फ्रिज में रखे हुए पुदीने को पीसकर तलवों पर लगाएं तुरंत राहत मिलेगी।

# कब करें दूसरी प्रेग्नेंसी की प्लानिंग



घर में दूसरे बच्चो का जन्म खुशी के साथ ही चुनैतियों भी लेकर आता है। ऐसे में खासकर मां की जिम्मेदारी कई गुना बढ जाती है। अपनी हैल्थ के साथ ही दो बच्चों का ख्याल रखना आसान काम नहीं, इसलिए दूसरे बच्चे की प्लानिंग से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

आज की तेजी से बदलती लाइफस्टाइल में जहां शादी की उम्र बढ जा रही है, वहीं बड़ी उम्र में शादी करने वाली महिलाएं जल्द से जल्द दूसरे बच्चे के बारे में भी सोचने लगती हैं। क्योंकि वो अपनी बढती उम्र को लेकर चिंतित रहती हैं, लेकिन डॉक्टर्स का मानना है कि पहली और दूसरी प्रेग्नेंसी के बची कम से कम 18 महीने से लेकर 2 साल का गैप होना चाहिए। ये मां और बच्चो की हैल्थ के लिए बेहद जरूरी है।

आजकल ज्यादातर महिलाएं जहां 30 साल के बाद मां बन रहीं हैं, वहीं दूसरे बच्चो की प्लानिंग भी वो जल्दी करना चाहिए हैं। उन्हें डर लगा रहता है कि बढती उम्र कहीं उनकी प्रेग्नेंसी में रूकावट न बना जाए। दसूरे बच्चो की चाहत में कई बार वो अपनी हैल्थ को भी नजरअंदाज कर देती है।

विशेषज्ञों के मुताबिक कुछ महिलाएं दूसरे बच्चो को लेकर इतनी उत्साहित रहती हैं कि पूरी तरह रिकवर हुए बिना ही सेकंड चाइल्ड की प्लानिंग कर लेती हैं, जबकि ऐसा करना उनकी और बच्चो की हैल्थ के लिए खतरनाक हो सकता है। प्रेग्नेसी के लिए महिला का पूरी



तरह स्वस्थ होना बेहद जरूरी है। फर्स्ट प्रेग्नेंसी के बाद महिलाओं की बॉडी को रिकवर होने में वक्त लगता है, इसलिए डॉक्टर्स पहले बच्चो के दो साल बाद ही दूसरे की प्लानिंग की सलाह देते हैं।

प्यार और देखभाल के साथ ही बच्चो की परवरिश में एक और चीज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और वो है पैसा। बच्चो के जन्म से लेकर उसके स्कूल-कॉलेज जाने तक उसको उस पर अच्छा-खासा खर्च करना पड़ता है अतः सेकंड चाइल्ड के बारे में सोचने से पहले अपना आर्थिक स्थिति का जायजा भी ले लें यानी यह देख लें कि क्या आप दो बच्चों को अच्छी परवरिश देने की स्थिति में है।

### गर्मी के दिनों में खान-पान में सावधानी न बरतना पड़ सकता है भारी

# ...तो आपको हो सकता है डिहाइड्रेशन

गर्मी के दिनों में खाने-पीने का जरूर ध्यान रखें, वरना आप परेशानी में पड़ सकते हैं। जरा सी लापरवाही आपको बीमार बना सकती है। गर्मी के दिनों में खान-पान में लापरवाही से आपको डिहाइड्रेशन हो सकता है। आमतौर पर लोग अन्य मौसमों की तरह गर्मियों में भी खाने-पीने में लापरवाही बरतते हैं। ऐसा कर के वे खुद अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। तो आइए आज हम आपको बताएंगे कि आपको गर्मी के दिनों में किस तरह से संतुलित भोजन लेना चाहिए।

### संतुलित भोजन लें...

गर्मी के दिनों में कुछ भी खाते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बिल्कुल सादा और संतुलित भोजन ही लिया जाए। अगर आपको भूख न हो तो भोजन न करें, ऐसे में यदि आप कुछ भी खाते हैं तो वो आपको नुकसान कर सकता है। खुलकर भूख लगने पर ही भोजन ग्रहण करें और भूख से थोड़ा कम खाएं। थोड़ी-थोड़ी मात्रा में भोजन को अच्छी तरह चबा-चबाकर खाएं। यदि पेट में भारीपन महसूस हो तो गर्मी के दिनों में एक समय का भोजन न करें। खासतौर पर 50 वर्ष की आयु के बाद के लोगों को तो ठंडी चीजों का ही सेवन करना चाहिए। एक बार खाना खाने के 3-4 घंटे बाद तक पानी के सिवा और कुछ न लें।



### लिक्विज चीजों का करें ज्यादा इस्तेमाल

खाना खाते वक्त पानी न पिएं, क्योंकि इससे भोजन ठीक से नहीं पचता और कब्ज की शिकायत बनी रहती है। भोजन ग्रहण करने के एक घंटा बाद पानी पिएं और बाकी समय में भी पानी पीते रहें। गर्मी के दिनों में ये प्रयास करें कि लिक्विड चीजों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें, जैसे ठंडा पानी, लस्सी, जूस, नींबू पानी, आम का पना, जलजीरा इत्यादि। इससे आपके स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। खासतौर पर सुबह सुबह नाश्ते में फल या सब्जी का जूस, अंकुरित अनाज, फल, दलिया, दूध आदि लें। गर्मी के दिनों में खासतौर पर मई-जून के महीनों में खाने में साग-सब्जी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाना चाहिए। रात का भोजन 7-8 बजे तक कर लें। रात का भोजन सुपाच्य और हल्का होना चाहिए। सोने से कम-से-कम 3 घंटा पहले भोजन ग्रहण कर लेना चाहिए। ऐसा करने से भोजन आसानी से पच जाता है।

# परेशानी का सबब न बन जाए नौकरी बदलना

**अच्छी नौकरी छोड़ना जितना आसान है, उसे पाना उतना ही कठिन इसलिए कभी भी भावुकतावश नौकरी न छोड़ें। पहले ठंडे दिमाग से अच्छी तरह उसके फायदे-नुकसान जरूर तोल लें। अक्सर देखा गया है कि व्यक्तिगत जीवन में तनाव एवं समस्याएं आने पर पलायनवादी मन वर्तमान से पलायन चाहता है और बगैर कुछ सोचे-समझे यह कदम उठा लेता है।**

### समस्याएं सुलझाने से ही आप बनेंगे निर्णय लेने के काबिल

समस्याएं सुलझने पर ही आप सही निर्णय लेने के काबिल बनेंगे। नौकरी बदलने से पहले अपनी आकांक्षाओं को भली-भांति परख लेना चाहिए। साथ ही अपनी योग्यता को ज्यादा या कम नहीं आंकना चाहिए। सही मूल्यांकन जीवन में सफल होने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी के साथ यह भी जांच लें कि कहीं ऐसा तो नहीं कि 'फैमिलियरिटी ब्रीड्स कंटैम्प्ट' (किसी कार्य का गहन ज्ञान या किसी व्यक्ति से अत्यधिक नजदीकी की वजह से उनका महत्व कम होने लगना) वाली कहावत आपके कार्य के साथ भी चरितार्थ हो रही है।



### इन बातों का रखें खास ध्यान...

अनजाने का आकर्षण हकीकत में कई बार मोहभंग भी करता है, लेकिन यहां यह सलाह हरगिज नहीं दी जा रही है कि महज 'ओल्ड इज गोल्ड' मान कर आप सदैव अपनी पुरानी नौकरी से ही चिपके रहें, फिर भले ही वह आपके उज्ज्वल भविष्य और शानदार कॅरियर में बाधा ही क्यों न हो। वेतन नौकरी के लिए सबसे प्रथम और महत्वपूर्ण प्रेरणा है। नई जगह अधिक वेतन मिलने जा रहा हो और अन्य सुविधाएं मिलाकर आपको आर्थिक लाभ अधिक दिखाई दे, उस कार्य पर अवश्य गौर किया जा सकता है। वर्तमान नौकरी में आपकी योग्यता का पूरा उपयोग न हो रहा हो, आगे सीखने को न मिल रहा हो, एक जड़ता की स्थिति सी आ गई हो जो आप में कार्य के प्रति ऊब भर रही हो तो आपका नौकरी बदलना एक सही कदम हो सकता है। आपके कार्य की प्रशंसा न करके बॉस आपकी हर समय आलोचना कर आपका मनोबल तोड़ने पर आमादा हो। परिणामस्वरूप आपके पास भी दफ्तर को लेकर सिर्फ नकारात्मक बातें रह जाएं और यह सब आपके व्यक्तित्व को प्रभावित कर रहा हो जिसका असर आपके पारिवारिक जीवन पर पड़ रहा हो तो नौकरी बदलने में ही समझदारी होती हैं।

## रेसिपी



### केले की चाट

**सामग्री**

3 से 4 ताजे केले, व्रत के लिए सेंधा नहीं तो चाट मसाला स्वाद अनुसार, आधा टी स्पून लाल मिर्च, आधा कटा नींबू और आप चाहे तो आधा टी स्पून चीनी भी ले सकते हैं।

**विधि**

केलों को छील कर गोल गोल गोल काट लें। इसमें नमक या चाट मसाला स्वाद अनुसार मिला लें। हल्की सी लाल मिर्च डालें और ऊपर से नींबू निचोड़ लें। अब इच्छा हो तो चीनी भी डाल कर अच्छी तरह मिला लें। लीजिए तैयार है आपकी चटपटी शानदार केले की चाट। आप चाहें तो इसमें सेब और खीरा काट कर मिला लें और मिनी फ्रूट चाट भी बना सकते हैं।



### फ्रूटी स्प्राउट सलाद

**सामग्री**

एक कप स्प्राउटस, एक सेब, एक संतरा, एक कप काले और हरे अंगूर मिले हुए, आधा कप अनार दाने, तीन चार स्ट्राबरी, एक नीबू का रस, पुदीने की कुछ पत्तियां, थोड़ा सा बारीक कटा हरा धनिया, नमक और चाट मसाला स्वाद के अनुसार।

**विधि**

एक बड़ा बर्तन लें और सारे फलों के साथ स्प्राउटस को भी उसमें मिला लें। सर्व करने से ठीक पहले इसमें कटा हरी धनिया और पुदीना की पत्तियां डाल कर मिलायें और इसमें टेस्ट के हिसाब से नमक और काला नमक डाल कर अच्छी तरह चला लें। इसमें नीबू निचोड़ कर फिर एक बार अच्छी तरह मिलाएं। आपका टेस्टी और हैल्दी फ्रूटी स्प्राउट सलाद तैयार है। आप इसे ब्रेकफास्ट भी खा सकते हैं और खाने के साथ भी।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम** ● **फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**